समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 60,663.79 | 17,871.70 |

तापमान

अधिकतम 24 °c
न्यूनतम 11 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार




राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को इस बार नहीं सौंपी जाएगी लखनऊ की चाभी पेज-02

साधु-संतों पर एफआईआर और मोहन भागवत... पेज-03

वर्ष 10 अंक 172 लखनऊ, 09 फरवरी, गुरुवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com , Email : samradhinews@gmail.com

विपक्षी एकता पर मोदी का तंज: प्रधानमंत्री बोले-

# चुनाव नतीजे जिन्हें साथ नहीं ला सके, उन्हें ईडी ने एक कर दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब दे रहे हैं। दोपहर 3 बजकर 53 मिनट पर पीएम ने बोलना शुरू किया।

उन्होंने कहा- बहुत सारे विपक्षी मिले-सुर मेरा-तुम्हारा कर रहे थे। मुझे लगता था कि देश की जनता, देश के चुनाव के नतीजे ऐसे लोगों को जरूर एक मंच पर लाएंगे, वो तो हुआ नहीं। लेकिन इन लोगों को ईडी का धन्यवाद करना चाहिए उसके कारण ये एक मंच पर आ गए। मोदी ने कहा- यूपीए के 10 साल में सबसे ज्यादा घोटाले हुए।



इनकी निराशा का कारण यही है कि देश का सामर्थ्य खुलकर सामने आ रहा है। 2004 से 2014 तक यूपीए ने हर मौके को मुसीबत में बदल दिया। जब टेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन का युग बढ़ रहा था, उसी समय ये 2त्र में फंसे रहे। सिविल न्यूक्लियर डील की चर्चा के दौरान ये कैश फॉर वोट में फंसे रहे।

## प्रधानमंत्री ने अडाणी का जिक्र तक नहीं किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जवाब दिया। अपने 85 मिनट के भाषण में उन्होंने राहुल गांधी के अडाणी पर पूछे किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। मोदी की पूरी स्पीच में अडाणी का जिक्र तक नहीं था। हालांकि क्रूविपक्ष की एकता से लेकर राहुल की भारत जोड़ो यात्रा पर तंज जरूर कसते रहे। मोदी के भाषण के बाद राहुल गांधी ने कहा- क्रूने मेरे एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया। उनके बयान से समझ आ गया है कि वे अडाणी को बचा रहे हैं। इसके पीछे कई सारे कारण हैं। मैं संतुष्ट नहीं हूं, लेकिन इससे सच्चाई उजागर हो रही है। राहुल ने ट्वीट भी किया- न जांच कराएंगे, न जवाब देंगे— प्रधानमंत्री जी बस अपने 'मित्र' का साथ देंगे

### राहुल गांधी पर तीन कटाक्ष

1. कल कुछ लोगों के भाषण के बाद पूरा इको सिस्टम उछल रहा था। समर्थक खुश होकर कह रहे थे कि ये हुई ना बात। नींद भी अच्छी आई होगी, उठ भी नहीं पाए होंगे। ऐसे लोगों के लिए कहा गया है- ये कह-कहकर हम दिल को बहला रहे हैं, वो अब चल चुके हैं, वो अब आ रहे हैं।
2. राष्ट्रपति के भाषण से कुछ सदस्य कन्नी काट गए। एक बड़े नेता राष्ट्रपति जी का अपमान भी कर चुके हैं। जनजातीय समुदाय के प्रति नफरत भी दिखाई दी है। टीवी पर उनके बयानों से भीतर पड़ा हुआ नफरत का भाव बाहर आ गया। बाद में चिट्ठी लिखकर बचने की कोशिश की गई।
3. कई सदस्यों ने सदन में तर्क और आंकड़े दिए। अपनी रुचि, प्रवृत्ति और प्रकृति के अनुसार बातें रखीं। इनसे उनकी क्षमता, योग्यता और समझ का पता लगता है। इससे पता चलता है कि किसका क्या इरादा है, देश भी इसका मूल्यांकन करता है।

### काका हाथरसी और दुष्यंत के शेर

1. देश में हर स्तर पर, हर क्षेत्र में, हर सोच में आशा ही आशा नजर आ रही है। एक विश्वास से भरा हुआ देश है। सपने और संकल्प वाला देश है। लेकिन यहां कुछ लोग ऐसी निराशा में डूबे हैं। काका हाथरसी ने कहा था- आगा पीछा देखकर क्यों होते गमगीन, जैसी जिसकी भावना वैसा दिखे सीन।
2. बीते वर्षों में हार्वर्ड में स्टडी हुई है। उसका टॉपिक था- द राइज एंड डिक्लाइन ऑफ इंडियाज कांग्रेस पार्टी। मुझे भरोसा है कि भविष्य में कांग्रेस की बर्बादी पर हार्वर्ड ही नहीं, बड़ी-बड़ी यूनिवर्सिटी में अध्ययन होना ही है। इस प्रकार के लोगों के लिए दुष्यंत कुमार ने बढ़िया बात कही है- तुम्हारे पांव के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं।

चंडीगढ़ में प्रदर्शनकारियों का पुलिस पर हमला

# बैरिकेड तोड़े, तलवार-डंडों से पीटा

● सिख कैदियों की रिहाई की कर रहे थे मांग



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के मोहाली में सिख कैदियों की रिहाई की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी बुधवार को उग्र हो गए। चंडीगढ़ में घुसने को लेकर उनकी पुलिस से झड़प हो गई। इस दौरान जमकर पथराव हुआ। प्रदर्शनकारियों ने तलवारें निकाल लीं। जिसे देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया और वाटर कैनन का भी प्रयोग किया। इससे भड़के प्रदर्शनकारियों ने चंडीगढ़ और पंजाब पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ कर डाली। प्रदर्शनकारी इस कदर उग्र हो गए कि उन्होंने तलवारें और डंडे दिखाकर पुलिस को खदेड़ दिया। कुछ पुलिसकर्मी भी इस हिंसक वारदात में जख्मी हुए हैं। कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। माहौल बिगड़ता देख पुलिस के सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे। चंडीगढ़ में धारा 144 लगा दी गई है। प्रदर्शनकारी अभी भी मोहाली में इकट्ठा हैं। वहीं चंडीगढ़ पुलिस भी हाई अलर्ट पर है।

### सीएम के घर जाना चाहते थे प्रदर्शनकारी

सजा पूरी कर चुके सिख कैदियों की रिहाई के लिए मोहाली में चंडीगढ़ बॉर्डर पर 7 जनवरी से प्रदर्शन चल रहा है। बुधवार को प्रदर्शनकारियों ने पंजाब के ष्टरूके घर कूच का ऐलान कर दिया। इसका पता चलते ही चंडीगढ़ और पंजाब पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी। प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग के पास आ गए। उन्होंने बैरिकेड हटाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने रोक दिया। जिसके बाद उन्होंने तलवार और डंडे निकाल लिए। पुलिस को पीछे धकेलते हुए वे चंडीगढ़ में घुसने की कोशिश करने लगे। यह देखकर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने एक वीडियो जारी किया है।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

### भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट मैच आज से

**जामथा (नागपुर)।** नागपुर के जामथा स्टेडियम में 9 फरवरी से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी शुरू हो रही है। 4 टेस्ट मुकाबलों की यह सीरीज भारत के लिए अहम है, क्योंकि यह बाइलैटरल सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है। भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए कम से कम 2 टेस्ट जीतने होंगे। जबकि ऑस्ट्रेलिया फाइनल में लगभग प्रवेश कर चुका है। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज 1947-48 से खेली जा रही है।

योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई

# लापता आईएएस अभिषेक सिंह सस्पेंड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन की वजह से उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ मंडल के आईएएस और आईपीएस अफसरों की छुट्टी 15 फरवरी तक रद्द कर दी है। इसी बीच बिना सूचना दिए लापता चल रहे यूपी कैडर के आईएएस अभिषेक सिंह को उत्तर प्रदेश सरकार ने सस्पेंड कर दिया है। अधिकारियों की मानें तो आईएएस अभिषेक सिंह करीब तीन महीने से लापता हैं। बता दें कि आईएएस



अभिषेक सिंह गुजरात चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कर काफी सुर्खियों में आए। चुनाव आयोग ने इस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पर्यवेक्षक के पद से हटा दिया था। आयोग ने गुजरात के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को कड़े शब्दों में लिखे एक पत्र में कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2011 बैच के अधिकारी अभिषेक सिंह ने सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में अपनी नियुक्ति की जानकारी साझा करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया और अपने आधिकारिक पद का इस्तेमाल किया। सूत्रों ने पत्र का हवाला देते हुए बताया कि आयोग ने इस मामले को ''बेहद गंभीरता से लिया'' और उन्हें सामान्य पर्यवेक्षक की भूमिका से तत्काल मुक्त कर दिया।

### संक्षिप्त समाचार

#### कश्मीर के कुपवाड़ा में यूपी के परिवार के पांच लोग मृत मिले

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के एक परिवार के पांच सदस्य आज कुपवाड़ा जिले के क्रालपोरा इलाके में अपने किराए के आवास में मृत पाए गए। इनमें 3 बच्चे हैं। जिसमें से एक बच्चा 1-2 दिन का और बच्चे 5 से 7 साल के थे। क्रालपोरा के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि पांचों लोगों की मौत दम घुटने से हुई है।

#### प्रदर्शन कर रहीं महबूबा मुफ्ती को पुलिस ने हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती और उनके कार्यकर्ताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। महबूबा जम्मू-कश्मीर प्रशासन के अतिक्रमण विरोधी अभियान के खिलाफ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में गुंडा राज है। इसे अफगानिस्तान की तरह नष्ट किया जा रहा है।

#### एमसीडी चुनाव में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने एलजी को नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** आप मेयर पद की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय ने स्प्ष्ट चुनाव जल्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई करते हुए स्न्न कार्यालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

#### अभिनेता आर. माधवन के बेटे स्विमिंग में जीता गोल्ड

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में चल रहे खेलो इंडिया में फिल्म अभिनेता आर. माधवन के बेटे वेदांत माधवन ने मंगलवार को स्विमिंग में गोल्ड मेडल जीत लिया है। उन्होंने 200 मीटर फ्री स्टाइल में 1.55.39 मिनट का समय निकालकर स्विमिंग में महाराष्ट्र को पहला गोल्ड दिलाया। गुजरात के देवांश परमार उनसे माइक्रो सेकंड से पिछड़कर दूसरे नंबर पर रहे। जीत के बाद वेदांत ने पिता आर माधवन से भी बात की। इसके बाद बताया कि मेरा असली लक्ष्य ओलिंपिक में मेडल जीतना है।

राहुल गांधी ने कहा भाजपा के सत्ता में आने के बाद हुआ असली जादू

# आठ वर्षों के भीतर अडाणी दुनिया के दूसरे अमीर बन गए

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अडाणी समूह से जुड़े मामले का हवाला देते हुए मंगलवार को लोकसभा में आरोप लगाया कि 2014 में केंद्र की सत्ता में भारतीय जनता पार्टी के आने बाद ऐसा 'असली जादू' हुआ कि आठ वर्षों के भीतर उद्योगपति गौतम अडाणी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। उन्होंने रापति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए यह दावा भी किया कि मौजूदा सरकार के दौरान नियम बदलकर हवाई अड्डों के ठेके अडाणी समूह को दिए गए। राहुल गांधी ने सवाल किया, ''अडाणी जी ने पिछले 20 साल में भाजपा को कितना पैसा दिया? चुनावी बॉन्ड में कितना पैसा दिया?'' सदन में राहुल गांधी के वक्तव्य के दौरान केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू और भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस नेता को लोकसभा में 'तथ्यहीन आरोप' नहीं लगाने चाहिए। राहुल गांधी ने दावा किया कि 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद जो अडाणी अमीरों की सूची में 609वें नंबर पर थे, वह आठ वर्षों में वह दूसरे स्थान पर आ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि नियम बदलकर अडाणी को छह हवाई अड्डे दिए गए। उन्होंने दावा किया कि जांच एजेंसी का दुरुपयोग करके मुंबई हवाई अड्डा अडाणी के हाथों में दे दिया गया।




### शेल कंपनियां किसकी

राहुल गांधी ने कहा, ''यह पता लगाना देश की सरकार की जिम्मेदारी है कि ये शेल कंपनियां किसकी हैं और जो पैसा आ रहा है वह किसका है?'' उन्होंने यह भी तंज भी कसा, ''हार्वर्ड (अमेरिकी संस्थान) को अध्ययन करना चाहिए कि राजनीति और कारोबार का क्या रिश्ता होता है?''राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि 'अग्निपथ' योजना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और गृह मंत्रालय द्वारा लाई गई है और इसे सेना पर थोपा गया है।

# त्रासदी: अब तक 11,224 मौतें, ठंड से रेस्क्यू में दिक्कतें

### भारत ने ऑपरेशन दोस्त के तहत मदद भेजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तुर्किये और सीरिया में भूकंप से हालात बदतर होते जा रहे हैं। अब तक कुल 11,224 लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों की संख्या 35 हजार से ज्यादा हो गई है। दोनों देशों की मदद के लिए 70 से भी ज्यादा देश आगे आए हैं। भारत भी %ऑपरेशन दोस्त% के तहत मदद भेज रहा है। दरअसल, टर्किश और हिंदी भाषा में %दोस्त% शब्द का इस्तेमाल होता है, इसलिए इस ऑपरेशन का नाम दोस्त रखा गया है। वहीं, तुर्किये के कई शहरों में तापमान 9 से माइनस 2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि ऐसी स्थिति में लोगों को हाइपोथर्मिया होना का खतरा है। हाइपोथर्मिया में शरीर में हीट प्रोड्यूस नहीं हो पाती है, जिससे बॉडी टेम्प्रेचर तेजी से कम होने लगता है। यूएन ने कहा है कि बर्फबारी और बारिश के कारण भूकंप से प्रभावित दोनों ही देशों में बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है। इमरजेंसी सर्विसेज की टीमों को रेस्क्यू में काफी दिक्कत हो रही है। एपिसेंटर वाले गाजियांटेप शहर के लोगों का कहना है कि तबाही के 12 घंटे बाद भी उन तक मदद नहीं पहुंची थी। भूकंप का एपिसेंटर तुर्किये था। इसे देखते हुए एक्सपर्ट्स का कहना है कि यहां टैक्टोनिक प्लेट्स 10 फीट (3 मीटर) तक खिसक गईं। दरअसल, तुर्किये 3 टैक्टोनिक प्लेट्स के बीच बसा हुआ है। ये प्लेट्स हैं- एनाटोलियन टैक्टोनिक प्लेट, यूरोशियन और अरबियन प्लेट। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, एनाटोलियन टैक्टोनिक प्लेट और अरबियन प्लेट एक दूसरे से 225 किलोमीटर दूर खिसक गई



### भूकंप से तुर्किये 10 फीट खिसका

हैं। इसके चलते तुर्किये अपनी भौगोलिक जगह से 10 फीट खिसक गया है। इटली के सीस्मोलॉजिस्ट डॉक्टर कार्लो डोग्लियोनी ने बताया कि टैक्टोनिक प्लेट्स में हुए इस बदलाव के चलते हो सकता है कि तुर्किये, सीरिया की तुलना में 5 से 6 मीटर (लगभग 20 फीट) और अंदर धस गया हो। उन्होंने कहा- हालांकि ये जानकारी शुरुआती डेटा से मिली है। आने वाले दिनों में सैटेलाइट इमेज से सटीक जानकारी मिल सकेगी।

# भाजपा ने त्रिपुरा का चेहरा बदला

**त्रिपुरा (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर वर्षों तक त्रिपुरा के लोगों का शोषण करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने के बाद राज्य का चेहरा बदल गया है।

उनाकोटि जिले के कैलाशहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि त्रिपुरा अब आर्थिक विकास की ओर बढ़ रहा है। सिंह ने कहा, ''पूरा पूर्वोत्तर इंटरनेट की मदद से तेजी से विकास देख रहा है।

त्रिपुरा आर्थिक विकास की ओर बढ़ रहा है।'' सिंह ने कहा, ''माकपा खुद को गरीबों के रक्षक के रूप में दावा करती है लेकिन वे वही हैं



जिन्होंने वर्षों तक गरीब लोगों का शोषण किया। उन्होंने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा के सत्ता में आने के बाद राज्य का चेहरा बदल गया। लोगों ने भाजपा को जीरो से हीरो बनाया।'' चुनावी राज्य के दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को पहुंचे सिंह ने कहा कि भाजपा राज्य में विकास लेकर आई, जहां माकपा के शासन के दौरान बुनियादी ढांचा खराब था।

### हर संभव कदम उठा रही सरकार

अब, बिजली, पानी के कनेक्शन और सड़कें हैं क्योंकि भाजपा सरकार विकास को गति देने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। माकपा के नेतृत्व वाली सरकार में महिलाओं को सम्मान नहीं दिए जाने पर के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि लेकिन भाजपा शासन के दौरान उन्हें सम्मान और लाभ मिल रहा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है और दुनिया यह सुनना चाहती है कि भारत क्या कहता है।

केजरीवाल सरकार पर भाजपा की जासूसी का आरोप

# 2015 में नेताओं-अफसरों की जासूसी के लिए यूनिट बनाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीबीआई की जांच में केजरीवाल सरकार पर भाजपा के नेताओं की जासूसी के आरोप लगे हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 में आम आदमी सरकार ने नेताओं और अफसरों की जासूसी कराई थी। इसके लिए एक फीडबैक यूनिट बनाई गई थी। सीबीआई ने जांच में आरोपों को सही पाया है।

सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई ने उप-राज्यपाल वीके सक्सेना से आगे जांच करने की इजाजत मांगी है और स्न्न ने यह मामला अब राष्ट्रपति के



पास जांच के लिए भेज दिया है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली की फीडबैक यूनिट जासूसी कर रही है। आप छिपकर बातें सुन रही है। आप के नेता दिल्ली के लिए काम नहीं कर रहे, बल्कि दिल्ली के टैक्सपेयर्स के पैसे से अवैध तरीके से जासूसी करते हैं।

130 करोड़ की लागत से चमक रही राजधानी | लेसा, नगर निगम, एलडीए, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन समेत सभी प्रमुख विभाग इसमें लगाए गए है

# जी-20 के विदेशी मेहमानों की होगी वीआईपी लैंडिंग, 10 से शुरू होगा इन्वेस्टर्स समिट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

लखनऊ में जी- 20 और इन्वेस्टर्स समिट को सड़क , चौराहा, ट्रैफिक, लाइट समेत पर्यटन स्थल को करीब 130 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। इस दौरान लेसा, नगर निगम, स्ष्ठ , लोक निर्माण विभाग, पर्यटन समेत सभी प्रमुख विभाग इसमें लगाए गए है। सभी प्रमुख मार्ग की सड़क सही करने के अलावा रेलिंग डिवाइडर पर सजावट, स्ट्रीट लाइट, चौराहों पर मूर्ति कला का प्रदर्शन, पेंटिंग से शहर को काफी खूबसूरत बना दिया गया है। इन्वेस्टर्स समिट 10 फरवरी से शुरू हो रहा है।



उससे थोड़े बहुत जो काम है, उसको भी सही कराने का आदेश जारी हो गया है। सबसे ज्यादा काम बंधा रोड पर हुआ है। यहां सड़क सही करने के अलावा पूरी स्ट्रीट लाइट को सही किया गया। सड़क के दोनों किनारे पौधे लगाना। गमले रखने के अलावा खूबसूरत मूर्तियां लगाई गई है। उसके अलावा स्ट्रीट लाइट के साथ पोल के बीच बाकी खूबसूरत झालर लगा दिए गए हैं। साथ - साथ ही अलग - अलग रंग झंडे इस सड़क की खूबसूरती को और ज्यादा बढ़ाए हुए है। 10 से 12 फरवरी के बीच ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन वृंदावन योजना स्थित डिफेंस एक्सपो स्थल पर होना है। इसके लिए यहां पर करोड़ों रुपए के काम कराए गए है। यहां मौजूदा समय एक पूरी सिटी बना दी गई है। उसके अलावा वीआईपी लैंडिंग के लिए हैलीपैड तक बनाया गया है। यहां लोक निर्माण विभाग, आवास विकास, नगर निगम सबसे ज्यादा काम करा रहा है। लखनऊ के अलावा काशी, अयोध्या को लुक दिया गया है। रात को इसकी खूबसूरती सबसे ज्यादा बढ़ जाती है। परिवर्तन चौक से इमामबाड़ा को जाने वाली सड़क की 90 फीसदी लाइट पिछले दो साल से खराब थी। अब उसको भी सही करा दिया गया है। पहले यहां शाम छह बजे के बाद लाइट खराब होने की वजह से शाम को लोगों निकलना मुश्किल हो रहा था। अब उस लाइट को भी सही करा दिया गया है। इसके अलावा पर्यटन को ध्यान में रखते हुए इमाम बाड़ा, रूमी दरवाजा समेत आस- पास के इलाकों में बड़ा काम कराया गया है।

### अहमामऊ चौराहे पर स्मार्ट पार्क

जी- 20 सम्मेलन 13 से 15 जनवरी के बीच सेंट्रम होटल में होने वाला है। ऐसे में एलडीए ने यहां 30 लाख खर्च करके अहमामऊ चौराहे पर स्मार्ट पार्क, स्लिप सड़क तैयार की है। इससे सुल्तानपुर रोड की ओर से आने वालों को जाम नहीं झेलना पड़ेगा। एनएचएआई ने सर्विस लेन और मुख्य सड़क को भी सुधारा है। साथ ही जगह-जगह टूटी डिवाइडर की रेलिंग को ठीक कर रंग-रोगन कराया गया है।

### स्मार्ट सिटी से हुए सबसे ज्यादा काम

सबसे ज्यादा काम स्मार्ट सिटी से हुए है। बताया जा रहा है कि करीब 37 करोड़ रुपए का काम अकेले स्मार्ट सिटी के मद से हुआ है। इसमें 20 करोड़ रुपए शासन उेगा। यह पैसा चौराहों के सौंदर्यीकरण, लाइटिंग, पार्क एवं सड़क बनाने पर खर्च होगी। 50 लाख से ग्लोब पार्क को जी-20 पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। पूरे शहर में जी- 20 और इनवेस्टर्स समिट का लोगों लगाया जा रहाहै।

# राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को इस बार नहीं सौंपी जाएगी लखनऊ की चाभी

- परंपरा निभाने को मेयर नहीं
- ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 12 फरवरी को समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

माननीय आपका लखनऊ शहर में स्वागत है... ये शहर आपका है.... ये कहने के साथ ही खास तौर पर बनी चांदी की पॉलिश की हुई करीब एक फुट की चाभी देकर देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के स्वागत की अद्भुत परम्परा इस बार लखनऊ नहीं निभा पाएगा। उत्तर प्रदेश में नगर निगमों का कार्यकाल खत्म होने के बाद अभी चुनाव नहीं हुए हैं। ऐसे में मेयर के पद से जुड़ी इस परम्परा का निर्वाह नहीं हो पाएगा। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 12 फरवरी को समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। समिट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। ये परम्परा है कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जब भी शहर में पहुंचते हैं तो एयरपोर्ट पर उनका स्वागत शहर के प्रथम नागरिक के तौर पर मेयर भी करते हैं। मेयर उनको शहर की चाभी सौंपते हैं। इसके पीछे ये माना जाता है कि ये शहर आपका है, आपको शहर की चाभी दे दी गयी है, आप अपनी इच्छानुसार कहीं भी जा सकते हैं। यह परंपरा काफी समय से चली आ रही है। कहते हैं कि राजा रजवाड़ों ने इसे अपने साम्राज्य के किले के गेट से जोड़ा यानि कोई दूसरे मित्र राज्य का राजा आए तो किले के गेट खोलने के साथ ही प्रतीक तौर पर चाभी दी जाती। अवध के नवाबों के समय में ये परम्परा जारी रही। अंग्रेजों को भी ये परम्परा भायी।आजादी के बाद भी इसे जारी रखा गया यानि आजादी के बाद लगातार 75 साल तक जब भी देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या कोई विदेशी राष्ट्राध्यक्ष आए तो उनको स्वागत के लिए सम्मान स्वरूप शहर की चाभी दी गयी। लखनऊ की मेयर रहीं संयुक्ता भाटिया के मुताबिक ये परम्परा है और मेरा सौभाग्य है कि मुझे राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को शहर की चाभी सौंपने का मौकघ मिला। राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के ब्लू बुक में बकायदा इसका उल्लेख है कि किसी राज्य में जाने पर राज्यपाल, फिर राज्य के मुख्यमंत्री और तीसरे नम्बर पर शहर के मेयर स्वागत करने के लिए उपस्थित होंगे। स्वागत में शहर के मेयर उनको प्रतीक रूप में चाभी देते हैं। इस चाभी के खरीद की जिम्मेदारी नगर निगम की होती है। ये चाभी करीब एक फुट की होती है, जिसपर चांदी का पॉलिश होती है। इसे फ्रेम में सजाकर देने की परम्परा है। इस बारे में बकायदा नियम हैं। इसे शहर के प्रथम नागरिक के तौर पर मेयर ही देता है।यूपी में नगर निकाय चुनाव नहीं हुए हैं पर नगर निगमों का कार्यकाल खत्म हो गया है। जिलों में जिलाधिकारी के नेतृत्व में समिति बनी है, जो नगर निगम प्रशासन को देख रही है।चाभी सौंपने और राज्यपाल, मुख्यमंत्री के बाद क्रम में स्वागत का अधिकार मेयर के पास होने की वजह से चाभी नहीं दी जा सकेगी।

# लोक निर्माण विभाग कर्मियों की हड़ताल स्थगित

## एक तिहाई समस्याओं का समाधान हुआ

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल कर्मचारी पिछले कई दिनों से आंदोलन कर रहे थे। इस क्रम में विभाग के प्रमुख अभियन्ता, परिकल्प व नियोजन अरविन्द कुमार जैन और मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के प्रतिनिधि मण्डल के बीच वार्ता हुई। एसोसिएशन के प्रान्तीय अध्यक्ष पद्मनाभ त्रिवेदी व महामंत्री जेपी पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बताया कि बुधवार को प्रदेश के 18 जोनों के क्षेत्रिय मुख्य अभियन्ता, के कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया गया। क्षेत्रीय पदाधिकारी मण्डल ने मुख्य अभियन्ता को ज्ञापन सौपा। उक्त दोनो पदाधिकारी ने बताया कि विभाग के उत्तराधिकारियों से संगठन के प्रतिनिधि मण्डल के बीच वार्ता में 75 प्रतिशत समस्याओं का समाधान हो चुका है। शेष समस्याओं के समाधान के लिये 18 जोनों के मुख्य अभियन्ता को कडें निर्देश दिये गये है। मुख्य अभियंता 2 के पत्र पर ग्लोबल सम्मिट व जी20 को लेकर प्रान्तीय कार्यकारणी ने 24 फरवरी तक हड़ताल स्थगित करने का फैसला लिया है। प्रदेश प्रवक्ता सीपी श्रीवास्तव ने बताया है प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, परिकल्प व नियोजन को पत्र के माध्यम से सूचित करते हुये कहा गया है कि अगर 24 फरवरी तक बाकी समस्याओं का निराकरण नही किया गया। तो 25 फरवरी से संगठन द्वारा पुनः धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## दर्शन शास्त्र विभाग लखनऊ विवि मे एकदिवसीय व्याख्यान का हुआ आयोजन

लखनऊ। दर्शन शास्त्र विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय में सुबह 11 बजे से (यूस ओफ लाइबेरी रिर्सोस) विषय पर एकदिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में डिपार्टमेंट ऑफ इनफॅर्मेशन एण्ड लाइब्रेरी साइंस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रवेश प्रकाश ने अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं और उसके प्रयोग से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। शोध आलेख में प्लैग्रिज्म से संबंधित नियमों और सावधानियों के बारे में अवगत करवाया। सेमिनार का समापन डॉ. रजनी श्रीवास्तव एचओडी दर्शन शास्त्र विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करके किया।

## बढ़ा हुआ किराया आम आदमी को और परेशान करेगा: ऑक्सिजन मैन राजेश जायसवाल



**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

यूपी में बस में सफर करने वालों पर महंगाई की मार पड़ी है। परिवहन निगम ने बसों का किराया बड़ा दिया है। यूपी में प्रतिदिन 17 लाख लोग बसों में सफर करते हैं। अब इसका सीधा असर पड़ेगा। राज्य परिवहन प्राधिकरण ने बसों का किराया बड़ाने का प्रस्ताव अपने यहां से शासन को भेजा था। इसमें प्रति किलोमीटर 25 पैसा की बड़ोतरी करने का प्रस्ताव पास किया गया है। यूपी में प्रतिदिन 17 लाख लोग बस में सफर करते है। उसके अलावा लखनऊ में आटो का किराया भी बड़ा दिया गया है। अब बसों में प्रति 100 किलोमीटर पर 25 रुपए ज्यादा देना होगा। इसके अलावा पिछले कार्यों के प्रस्ताव पर मंथन किया गया। ऐसे में जो प्रस्ताव मंजूर किए गए है, उसका कार्य विवरण परिवहन विभाग तैयार करेगा। बनारस और आगरा जैसे शहरों का किराया 70 से 100 रुपए बड़ जाएगा। परिवहन निगम के प्रवक्ता अजीत सिंह का कहना है कि पिछले दिनों मंत्री के साथ बैठक में इसको लेकर चर्चा हो चुकी हुई थी। परिवहन विभाग को पिछले एक साल में 210 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। उसके बाद यह फैसला लिया गया है। अगर रेट नहीं बड़ाया तो यह घाटा 250 करोड़ रुपए तक बड़ जाता है। रोडवेज के पास 11200 बसें है।पूरे मामले पर परिवहन सचिव ममता शर्मा ने कहा कोविड की वजह से दो साल से कोई प्रस्ताव नहीं गया था।

# खबरें एक नजर में

## खालसा इंटर कॉलेज के पदक विजेताओं को कॉलेज प्रबंधक ने किया सम्मानित

लखनऊ। खालसा इंटर कॉलेज के छात्र व छात्राओं ने चौक स्टेडियम में गत 2 से 4 फरवरी तक हुई प्रथम प्रदेशीय विद्यालयी कराटे प्रतियोगिता में 9 स्वर्ण, एक रजत सहित कुल 10 पदक जीतकर लखनऊ एवं कॉलेज का नाम रोशन किया। इन पदक विजेताओ को बुधवार को खालसा इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में कॉलेज प्रबंधक स.राजेन्द्र सिंह बग्गा ने पदक पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हमारे कॉलेज के छात्र- छात्रा इन पदक विजेताओं से प्रेरणा लेकर खेल में कॉलेज नाम रोशन करेंगे। उन्होंने खिलाड़ी छात्र-छात्राओ को हर संभव मदद देने का अपना संकल्प दोहराया। श्री बग्गा ने शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता जसपाल सिंह द्वारा खेल के क्षेत्र में कॉलेज के छात्र व छात्राओं को तराशने एवं कराटे प्रतियोगिता में मेडल हासिल कर कॉलेज को गौरवान्वित करने वाले प्रतिभागियों की सराहना की। समारोह में कॉलेज के प्रधानाचार्य स. वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि यह कॉलेज के लिए गौरव की बात है कि प्रबंधक महोदय के सानिध्य में हमारे छात्र छात्राएं खेल सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में कॉलेज का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता स.जसपाल सिंह सहित सभी शिक्षकों एवम शिक्षिकाओं की सराहना की। प्रदेशीय कराटे प्रतियोगिता के संयोजक एवं खालसा इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता स.जसपाल सिंह ने बताया कि हमारे कॉलेज के ये सभी पदक विजेता छात्र आगामी राष्ट्रीय स्कूली खेलों में उत्तर प्रदेश की कराटे टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस सम्मान समारोह का का संचालन शिक्षक स.जसविंदर सिंह ने किया।

## राजकीय कृषि फार्मों के आधुनिकीकरण के लिए मिलीं वित्तीय स्वीकृतियां

लखनऊ। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के कार्यालय से प्राप्त सूचना में बताया गया है कि फसल कृषि कर्म, कृषि विकास योजना के अन्तर्गत केंद्रांश तथा राज्यांश के रूप में राजकीय कृषि फार्म बुलंदशहर के आधुनिकीकरण के लिए 59.77 लाख, राजकीय कृषि फार्म महमूदपुर हरदोई के आधुनिकीकरण के लिए 2 करोड़, आरएटीडीएस राया मथुरा के उन्नयन तथा बुनियादी ढांचा व अन्य सुविधाओं के लिए 3.87 करोड़, राजकीय कृषि विभाग गोरखपुर के प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु 1.35 करोड़ व एसआईएमए के अधीन कृषि फार्म रेहमानखेड़ा तथा सहलामऊ के आधुनिकीकरण के लिए 90.10 लाख की स्वीकृति प्रदान की गयी है।वित्तीय वर्ष 2022-23 में कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा पर पूंजीगत परिव्यय, सामान्य, शिक्षा, कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मोदीपुरम् मेरठ कालेज ऑफटेक्नालॉजी एवं वर्कशॉप के लिए फर्नीचर, फर्निशिंग व लैब इक्यूपमेंट आदि 26 मशीनें और सज्जा, उपकरण और संयंत्र मद में धनराशि 2 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गयी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में नई मांग के माध्यम से बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा हेतु कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा पर पूंजीगत परिव्यय, शिक्षा, कृषि विश्वविद्यालय, बांदा टाइप-1 के आवासों का निर्माण कार्य मद में प्राविधानित धनराशि 1.50 करोड़ के सापेक्ष समस्त धनराशि 1.50 करोड़ की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में मृदा तथा जल संरक्षण, मृदा संरक्षण तथा परीक्षण 05 जैव उर्वरक उत्पादन प्रयोगशालाओं का सुदृढीकरण ,जैव उर्वरकों के प्रयोग को प्रोत्साहित करने का कार्यक्रम योजनान्तगत प्राविधानित धनराशि 4.06 करोड़ के सापेक्ष धनराशि 1.16 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## लोक निर्माण विभाग कर्मियों की हड़ताल स्थगित एक तिहाई समस्याओं का हुआ समाधान

लखनऊ। लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल कर्मचारी 03 फरवरी से आंदोलन है। कर्मचारी अपने-अपने ढंग से मिनिस्टीरियल कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु कलम बन्द धरना प्रदर्शन किया। विभाग के प्रमुख अभियन्ता, परिकल्प,नियोजन अरविन्द कुमार जैन मुख्य अभियन्ता मु0-2 वहीदबक्स एवं अन्य अधिकारी तथा मिनि एसो के प्रतिनिधि मण्डल के बीच सकारात्मक वार्ता हुई।एसो के प्रान्तीय अध्यक्ष पद्मनाभ त्रिवेदी व महामंत्री जेपी पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बताया कि बुधवार को प्रदेश के 18 जोनों के क्षेत्रिय मुख्य अभियन्ता, के कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया गया। तथा क्षेत्रीय पदाधिकारी मण्डल ने मुख्य अभियन्ता को ज्ञापन सौपा। दोनो पदाधिकारी ने बताया कि विभाग के उत्तराधिकारियों से संगठन के प्रतिनिधि मण्डल के बीच वार्ता में 75 प्रतिशत समस्याओं का समाधान हो चुका है। शेष समस्याओं के समाधान के लिये 18 जोनों के मुख्य अभियन्ता को कडें निर्देष दिये गये है। एसो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधाषू शर्मा ने बताया कि मुख्य अभियन्ता मु0-2 वहीदबक्स के अनुरोध पत्र पर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति एवं जी-20 शिखर सम्मेलन जैसे अर्न्तराष्ट्रीय सम्मेलन एवं बजट पर विचार करते हुये प्रान्तीय कार्यकारणी ने 24 फरवरी तक हड़ताल स्थगित करने का फैसला लिया है। प्रदेश प्रवक्ता सीपी श्रीवास्तव ने बताया है प्रमुख अभियन्ता विकास एवं विभागाध्यक्ष, परिकल्प,नियोजन को पत्र के माध्यम से सूचित करते हुये कहा गया है कि 24 फरवरी तक बाकी समस्याओं का निराकरण नही किया गया तो 25 फरवरी से संगठन द्वारा पुनः धरना प्रदर्शन कर दिया जायेगा।

## रालोद 12 फरवरी से शुरू करेगा समरसता अभियान

**जयंत चौधरी डेढ़ हजार गांवों का करेंगे भ्रमण**

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनजीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह आगामी 12 फरवरी को चौधरी अजित सिंह की जयन्ती से समरसता अभियान की शुरुआत करेंगे। चौधरी जयन्त सिंह उत्तर प्रदेश के 1500 गांव का भ्रमण करेंगे। चौधरी साहब की जयन्ती के दिन मथुरा के बलदेव क्षेत्र में फजियतपुर की नगरिया, शाहपुर गौसाना, नगला पोला हयातपुर, महावन, जटोरा, मगना सराय, खिरारी आदि गावों में दौरा करेंगे। रालोद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा किसान संदेश अभियान के तहत पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों में 7 फरवरी को मुख्यमंत्री को चार सूत्रीय मांगों को लेकर धरना देकर जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। रालोद नेताओं ने मांग की थी कि सत्र 2022-23 का गन्ने का लाभकारी मूल्य की घोषणा की जाय, आवारा पशुओं से किसानों की फसल बचाने हेतु उचित समाधान किया जाए, बकाया गन्ना मूल्य का ब्याज सहित भुगतान कराया जाय तथा ब्रज क्षेत्र में आलू निर्यात केन्द्र की स्थापना की जाए तथा आलू का समुचित मूल्य सरकार निर्धारित करे।रालोद के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने बताया कि वर्तमान सत्र में 4 महीने गन्ना मिलों को चलते हो गये है किन्तु गन्ने के मूल्य की घोषणा नहीं हुई। किसान और रालोद कार्यकर्ताओं ने लाखों की संख्या में किसान संदेश के पत्र के माध्यम से अपनी मांग मुख्यमंत्री तक पहुंचा चुके हैं लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। यदि शीघ्र ही किसानों की समस्याओं का समाधान न किया गया तो राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता 27 फरवरी को उत्तर प्रदेश के मंडलों में सरकार के खिलाफसड़कों पर उतरकर विशाल धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# सुकन्या समृद्धि योजना हेतु 9 व 10 फरवरी को विशेष अभियान

**लखनऊ।** डाक विभाग 9 और 10 फरवरी को पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत बेटियों के सुकन्या समृद्धि योजना खाते खुलवाने का अभियान चलाएगा। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत डाक विभाग द्वारा प्रगति मैदान, नई दिल्ली में राष्ट्रीय डाक टिकट प्रदर्शनी अमृतपेक्सश् का आयोजन 11 से 15 फरवरी तक किया जायेगा। पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इस अवसर को यादगार बनाने हेतु श्अमृतपेक्स प्लसश् के तहत बालिकाओं के सशक्तिकरण के क्रम में 9 और 10 फरवरी को सुकन्या समृद्धि खाता खोलने का अभियान चलाया जायेगा और आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के मद्देनजर देश भर में 7.5 लाख बालिकाओं के खाते डाकघरों में खोले जायेंगे। पूरे उत्तर प्रदेश में लगभग 90 हजार और वाराणसी परिक्षेत्र में 9 हजार बेटियों का खाता खोलने का लक्ष्य दिया गया है। लोग नजदीकी डाकघरों में जाकर अपने बेटियों का सुकन्या खाता खुलवा सकते हैं, डाक विभाग द्वारा शिविरों का आयोजन किया जायेगा। 10 साल तक की बालिकाओं का मात्र 250 रूपये से डाकघर में खुलने वाला सुकन्या समृद्धि योजना सिर्फ निवेश का ही एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह बालिकाओं के उज्ज्वल व समृद्ध भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। इसमें ब्याज दर 7.6 प्रतिशत है खाता खोलने की तिथि से 15 साल तक ही राशि जमा होती है। बालिका के 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने अथवा 10वीं कक्षा पास कर लेने के उपरांत जमा राशि का 50 प्रतिशत निकाला जा सकता है। खाते की परिपक्वता अवधि खाता खोलने की तारीख से 21 वर्ष है, तथापि बालिका द्वारा 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के बाद विवाह के समय बंद किया जा सकता है।

# यूपी गर्ल्स बटालियन ने गणतंत्र दिवस परेड में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

गणतंत्र दिवस परेड में कुल 52 गर्ल्स कैडेटों ने भाग लिया, जिन्हें ड्रिल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। परेड टुकड़ी में 20 बटालियनने 9 कैडेट, 19 बटालियनसे 16 कैडेट, 63 बटालियन से 4 कैडेट, 64 बटालियन से 5 कैडेट, 67 बटालियनसे 21 कैडेट, 39 से 8 कैडेट और 5 एयर से 9 कैडेट शामिल रहे। सीनियर डिवीजन केएनसीसीलड़कों ने भी ड्रिल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उत्तर प्रदेश के कैडेटों ने लखनऊ एनसीसी ग्रख्यालय की दो गर्ल्स कैडेटों को नेतृत्व, पहल, लगन और विभिन्न कैंपो से बेहतरीन प्रदर्शन के लिए डायरेक्टर जनरल एनसीसी दिल्ली द्वारा प्रशंसापत्र मेडल और रुपए 3000 का पारितोषण दिया गया। डायरेक्टर जनरल एनसीसी का प्रशंसा पत्र प्राप्त कर सीनियर अंडर अफसर कीर्ति राय, भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय उत्साह वर्धन के लिए बहुत प्रसन्न चित्रदिखाई दी। दूसरा प्रशंसा पत्र सीनियर अंडर अफसर वैभवी भट्ट, 67 यूपी एनसीसी बटालियन को प्राप्त हुआ। 20 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल विनोद जोशी ने बताया नारी सशक्तिकरण के लिए बटालियन लगातार विभिन्न क्षेत्रों में प्रयत्नशील है औरउन्हेंनेतृत्व, पहल और साहस से समाज में आगे बढ़ने के गुर सिखाए जा रहे हैं। कमान अधिकारी कर्नल विनोद जोशी ने बताया रोली पांडे नवयुग कन्या महाविद्यालय में यूपी एससी लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 38 एसएसबी बोर्ड परीक्षा इलाहाबाद से भी उत्तीर्ण कर लिया है और जल्द ही नेशनल डिफेंस अकैडमी खड़कवासला पुणे में 4 वर्ष की गहन ट्रेनिंग के लिए प्रस्थान करेंगी।

कर्नल विनोद जोशी ने बताया उन्हें तैयार करने में 4 माह से भी अधिक का समय लगा है और हमे 'गर्व है गांव देहात की लड़कियां भारतीय थल सेना में अफसर बनकर नेतृत्व कररही है। कर्नल जोशी ने बताया नारी राष्ट्रीय और समाज के विकास में महत्वपूर्ण स्थान रखती है, उन्हें उचित अवसर की आवश्यकता है। सम्मान समारोह में कैप्टन (डॉ) राजश्री, कैप्टन (डॉ) उषारानी सिंह, सूबेदार मेजर देवपाल, जीसीआई नंदिता, सिविल स्टाफ भारतीय थल सेना के प्रशिक्षक और लखनऊ ग्रुप एवं 20 यूपी गर्ल्स बटालियन के कैडेट शामिल रहे।

# शिया कालेज में जी-20 के उपलक्ष्य में टॉक शो का आयोजन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

महाविद्यालय में ''विश्व स्तर पर आर्थिक सहयोग को विकसित और मजबूत करने में भारत की भूमिका'' विषय पर एक टॉक शो का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जी-20 की ब्राँड अबेंस्डर, स्कॉर्डन लीडर तुलिका रानी व विशिष्ट अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय की पाश्चात्य इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो0 मधु राजपूत शामिल हुई। स्कॉर्डन लीडर तुलिका रानी ने कहा कि ''विश्व एक परिवार है, उसकी समस्या हमारी समस्या है।''

ऐसा भाव रखने वाला भारत देश आज विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ रहा है और दुनिया को नई राह पर ले जाने की तैयारी पर अग्रसर है। इस सोंच को आज विश्व ने स्वीकारा है, जिसकी वजह से भारत को जी-20 की अध्यक्षता करने का अवसर मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि वैष्विक स्तर पर दो खेमें है, विकासषील और विकसित देश। मजबूत आर्थिक देशों के बीच भारत उभरकर आगे आया है और उसे जी-20 की अध्यक्षता सौपी गई है। यह भारत देष के लिए गर्व की बात है। प्रो0 मधु राजपूत ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि इससे पहले भी कई सारे समिट देश में आयोजित किए जा चुके है, जिसमें भारत ने सहभागिता की है, लेकिन जी-20 इन सब से अलग है। इसमें भारत के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इस जिम्मेदारी से भारत उत्तर से दक्षिण व पूर्व से पश्चिम देशों को एकजुट करेगा। पिछले दो सालों में कोविड के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर हो गई थी।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शबीहे रजा बघकरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, और इस जी-20 की अध्यक्षता के जरिए हम विश्व पटल पर अपनी छाप छोड़ पायेंगे। भारत इस समय वैष्विक राजनीति में अहम भूमिका निभा रहा है और इस जी-20 के की अध्यक्षता से भारत की विश्व राजनीति में स्थिति और मजबूत होगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ सीमा राना ने किया।

उन्होंने टॉक शो में बोलते हुए कहा कि लखनऊ अपनी मेहमान नवाजी के लिए जाना जाता है, जिसकी झलक जी-20 कार्यक्रम में देश-विदेश से आने वाले अतिथियों को देखने को मिलेंगी। महाविद्यालय में जी-20 कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ रजा शब्बीर ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों व छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रो0 समीना शफीक, प्रो0 बी0 बी0 श्रीवास्तव, प्रो0 मेंहदी अब्बास जैदी, डॉ0 अलोक यादव, डॉ0 रॉबिन वर्मा सहित अन्य शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ-साथ भारी संख्या में छात्र,छात्राएं उपस्थित रहें।

# लखनऊ कमिश्नर ने जी-20 की तैयारियों का लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**



जी- 20 और इंवेस्टर्स समिट को लेकर अधिकारियों के दौरे लगातार जारी है। बुधवार को मंडलायुक्त डॉक्टर रोशन जैकब ने कई इलाकों का दौरा किया है। इस दौरान वह अचानक अर्जुनगंज के अहिमामऊ अंडरपास के पास पहुंची। वहां पर लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर निगम,लोक निर्माण विभाग, लेसा विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने चल रहे कार्यो की गुणवत्ता को परका और स्पीड-अप करते हुए कार्य को ससम से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। रोशन जैकब ने इससे पहले अमौसी एयरपोर्ट से शहीद पथ होते हुए बन्धा रोड़, लोहिया मार्ग, इमामबाड़ा तक के सभी चौराहों की साज-सज्जा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष इन्दमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, लखनऊ विकास प्राधिकरण सचिव पवन गंगवार समेत विभागीय अधिकारी उनके साथ उपस्थित रहें। मण्डलायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने कार्य को ससमय पूर्ण करा लिया जाए। कलरफुल फ्लावर के साथ साज-सज्जा के कार्य और अच्छे ढ़ग से कराया जाए। उन्होनें कहा कि जी20 की ब्राडिंग भव्यतापूर्ण ढ़ग से करें। जिन-जिन स्थानों पर अनावश्यक रूप से फ्लैग लगा दिये गये है। उन्हें तत्काल हटा लिया जाए। उक्त के पश्चात दो फ्लैग प्वाइंट चिन्हित किये गए। वहां पर अच्छे से फ्लैग लगाये जाने के लिए एलडीए के अधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि हैरीटेज एरिया की खूबसूरती सुन्दरता को ध्यान रखते हुए कार्य किया जाए। अनावश्यक कलर से इधर-उधर डेन्टिंग पेटिंग न किया जाए। सोवर कलर से ही पेटिंग का कार्य पूर्ण कराया जाए। हार्टिकल्चर, लाइटिंग, वाल पेटिंग आदि के जो कार्य शेष बचे है वो सभी कार्य कल तक पूर्ण करा लिये जाए। उनहोंने कहा कि लखनऊ कल्चर के तहत शहर की साज-सज्जा का कार्य समय पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# सैमसंग Galaxy S23 सीरीज़ ने भारत में 24 घंटों में 140,000 प्रिबुकिंग्स का रिकॉर्ड बनाया

**सैमसंग Galaxy S23 सीरीज़ ने भारत में 24 घंटों में 140,000 प्रिबुकिंग्स का रिकॉर्ड बनाया; आकर्षक ऑफरों के लिए अभी बुक करें**

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**



भारत के सबसे बड़े कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग की नई लॉन्च की गई त्ड्ड्यड्ड34 स्२३ सीरीज़ ने प्रि-बुकिंग का रिकॉर्ड बनाया है। पहले 24 घंटों में भारत में त्ड्ड्यड्ड34 स्२३ सीरीज़ की 140,000 से ज्यादा यूनिटें प्रि-बुक की गई हैं, जो सैमसंग की फ्लैगशिप डिवाईसेज़ के लिए एक नया रिकॉर्ड है। सैमसंग ने 2 फरवरी को देश के ऑनलाईन एवं ऑफलाईन रिटेल स्टोर्स पर अपनी नई Galaxy S23 सीरीज़ की प्रि-बुकिंग शुरू की थी। सैमसंग इंडिया के मोबाइल बिजनेस, महाप्रबंधक अक्षय राव ने कहा, ''Galaxy S23 सीरीज़ ने एक पूरी पीढ़ी को पीछे छोड़ दिया है। इसमें सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन प्रस्तुत किए गए हैं, जो पर्यावरण के अपने प्रभाव को भी काफी कम कर देंगे। पहले 24 घंटों में रिकॉर्ड स्तर पर की गई प्रि-बुकिंग Galaxy S23 सीरीज़ की अत्याधुनिक कैमरा क्षमताओं, भविष्य के लिए तैयार मोबाईल गेमिंग अनुभव और ईको-फ्रेंडली सामग्री के लिए भारतीय उपभोक्ताओं के उत्साह को प्रदर्शित करती हैं। नई Galaxy S23 सीरीज़ नोएडा की फैक्ट्री में बनाई जाएगी, जिससे भारत में निर्माण और वृद्धि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।''

Galaxy S23 अल्ट्रा में एडैप्टिव पिक्सल के साथ ऑल-न्यू 200 मेगापिक्सल का सैंसर है, जो बेहतरीन डिटेल्स के साथ इमेज कैप्चर कर सकता है। सुपर क्वाड पिक्सल एएफ के साथ रियर कैमरा लक्ष्य पर 50 प्रतिशत ज्यादा तेजी से फोकस करता है।

Galaxy S23 सीरीज़ के फ्रंट कैमरा में ड्युअल पिक्सल ऑटो फोकस टेक्नॉलॉजी के साथ नाईटोग्राफी का फीचर दिया गया है, जो कम रोशनी में भी फ्रंट कैमरा से बेहतरीन इमेज प्राप्त करने में मदद करता है। ड्युअल पिक्सल ऑटो फोकस टेक्नॉलॉजी फ्रंट कैमरा से 60 प्रतिशत ज्यादा तेज फोकस प्रदान करती है।

# वंचित समाज के दो सौ बच्चों ने किया समाज में फैली कुरूतियों पर प्रहार

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**



आर्यश्री संस्था की ओर से अपने 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अंतरराष्टीय बौद्ध संस्थान, गोमती नगर, स्थित सभागार में मलिन बस्ती के बच्चो के साथ अपना सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष संस्था की अध्यक्ष डॉ. तूलिका कपूर ने दीप प्रवज्जलित कर किया।

अध्यक्ष डॉ. तूलिका कपूर ने कहा कि वंचित समाज की महिलाओं और बच्चो मे शिक्षा की अलख जगा रही आर्यश्री संस्था के 20वे वार्षिकोत्सव में मलिन बस्ती के लगभग 200 बच्चे और महिलाओं ने समाज में फैली कुरूतियो पर नाटक के माध्यम से प्रहार किया। अब तक संस्था मलिन बस्ती के करीब चौदह ह?ार बच्चो का दाखिला विभिन्न स्कूलों में करा चुकी है। कार्यक्रम में लखनऊ की 6 झुग्गियों (गुलजार नगर, इंदिरा नगर, शहीद नगर, मोहिबुल्लापुर, गढ़ी कनौरा और नटखेड़ा) के बच्चों ने 3 नृत्य सुनो गणपति बप्पा मोरया, गल्लां गोरियां और कहते है प्यार से हमको इंडिया वाले..., गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। ये लाश किसकी है, आफत में है जान और शिक्षा की अहमियत दिखाते हुए प्रेरणादायक नाटकों ने दर्शको को अपनी सीटों से बंधे रखा। कार्यक्रम की कोरियोग्राफी नीरज राघव और राकेश कोहली ने की।पुरुस्कार पा कर खिले चेहरे अपनी बस्ती में शिक्षा के लिए लोगो को जागरूक कर रहे क्षेत्र के बच्चे और माँ को जब पहली बार सम्मान मिला तो ?ुशी से उनके चेहरे खिल उठे। जागरूक माँ का अवार्ड ग?ी कनौरा बस्ती से कृष्णा, नटखे?ा से गुलशन बानो, मोहिबुल्लापुर से नसरीन बानो, गुल?ार नगर से रुखसाना,शहीद नगर से परवीन और इंदिरा नगर से शहना? बानो को मिला। वही बच्चों में श्रेष्ठ छात्र का पुरुस्कार ग?ी कनौरा बस्ती से कहकशां, नटखे?ा से मो. अयान, मोहिबुल्लापुर से खुशबू, गुलजार नगर से श्वेता कुमारी , शहीद नगर से मो.अंश और इंदिरा नगर से ईशान को मिला।

# भाजपा प्रदेश संगठन में जल्द होगा फेरबदल, सुभासपा से लोकसभा चुनाव में गठबंधन की संभावना बढ़ी

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है और बहुत जल्द प्रदेश संगठन में फेरबदल हो सकता है। साथ ही, भाजपा की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के साथ लोकसभा चुनाव में गठबंधन की भी संभावना बढ़ गयी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने एक साक्षात्कार में कहा कि संगठन में बहुत बड़ा परिवर्तन नहीं होगा लेकिन बहुत जल्द आंशिक पुनर्गठन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा, राजभर जी (सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर) हमारे साथ रहे हैं और निश्चित रूप से अगर विचारधारा से सहमत हैं तो उन्हें अपने साथ काम करने का पार्टी अवसर देगी, ऐसा मुझे विश्वास है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की पिछले माह लखनऊ में हुई बैठक में भूपेंद्र सिंह चौधरी ने लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 80 सीट जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया था और इसके लिए पार्टी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की थी। हालांकि चौधरी से अब तक उनकी प्रदेश कमेटी गठित न होने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे पार्टी ने मध्य सत्र में अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का अवसर दिया। संगठन के कुछ लोग सरकार में मंत्री बने हैं तो मैंने आंशिक पुनर्गठन के लिए पार्टी के नेतृत्व से निवेदन किया और मुझे उसकी अनुमति मिली है। जल्द ही हम इस प्रक्रिया में आगे बढ़ेंगे। बहुत बड़ा परिवर्तन नहीं होगा लेकिन आंशिक पुनर्गठन का कार्य किया जाएगा। उन्होंने इसके पहले संगठनात्मक व्यवस्था को स्पष्ट करते हुए कहा, भाजपा की एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है। देश में इस वर्ष नौ राज्यों में और अगले वर्ष लोकसभा का चुनाव होना है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव होना है तो भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाया है और उसी क्रम में प्रदेश, जिलों, मंडलों का कार्यकाल 2024 तक बढ़ गया है। पिछड़ी जातियों में प्रभावी जाट समुदाय से आने वाले भूपेंद्र सिंह चौधरी को भाजपा ने पिछले वर्ष अगस्त में पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया था और उन्होंने इसके बाद योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार में पंचायती राज मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। संगठन और सरकार में दोहरा दायित्व निभा रहे लोगों के बारे में जब उनसे पूछा गया कि भाजपा में तो एक व्यक्ति एक पद का सिद्धांत है और आपने भी प्रदेश अध्यक्ष बनते ही मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन कई पदाधिकारी मंत्री बनने के बाद भी संगठन के पदों पर बने हैं तब उन्होंने कहा, कुछ लोग सरकार में हैं लेकिन संगठन के रोजमर्रा के कामों में उनका दखल नहीं है। उनकी गतिविधि संगठनात्मक कार्यों में नहीं है। सरकार में उन्हें जो दायित्व मिला उसे ईमानदारी से बेहतर ढंग से निभा रहे हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह प्रदेश संगठन में उपाध्यक्ष और सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर अभी प्रदेश महामंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं। इनके अलावा राज्य सरकार की मंत्री बेबी रानी मौर्य पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। भाजपा के पूर्व सहयोगी रहे सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर से फिर नजदीकी बढ़ने और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में गठबंधन के संकेत पर चौधरी ने कहा कि हमारा रूख स्पष्ट है, हम सबका स्वागत करते हैं। जो भी हमारे विचार से सहमत हैं और हमारे साथ काम करना चाहता तो उसे साथ रखने में कोई समस्या नहीं है। हम सबको साथ लेकर चलेंगे। राजभर जी हमारे साथ रहे हैं और निश्चित रूप से अगर विचारधारा से सहमत हैं तो उन्हें अपने साथ काम करने का पार्टी अवसर देगी, ऐसा मुझे विश्वास है। राजभर ने 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और उनकी पार्टी ने चार सीट पर जीत हासिल की थी। वह योगी सरकार में मंत्री बने। हालांकि दो वर्ष के भीतर ही भाजपा से उनका गठबंधन टूट गया और वह सरकार से बाहर हो गये। राजभर की पार्टी ने 2022 समाजवादी पार्टी से हाथ मिला लिया था और विधानसभा की 403 सीटों में छह सीटों पर जीत हासिल की थी। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में आने से सपा प्रमुख से राजभर की दूरी बढ़ गयी और वह विरोध में मुखर हो गये। बाद में उनका गठबंधन टूट गया और अब वह सपा की नीतियों के मुखर विरोधी हो गये हैं। गौरतलब है कि अपना दल (सोनेलाल) के साथ गठबंधन कर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 80 सीटों में से 64 सीट जीती थीं जबकि कांग्रेस ने एक, सपा ने पांच और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 10 सीट जीती थीं। तब सपा-बसपा ने मिलकर गठबंधन में चुनाव लड़ा था।

## सुभासपा ने गाजीपुर का नाम बदलने के लिए योगी को लिखा पत्र

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में आजकल नाम बदलने को लेकर राजनीति अपने चरम पर पहुंच गई हैं। मंगलवार को सूबे के प्रतापगढ़ जिले से बीजेपी सांसद संगम लाल गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य की राजधानी का नाम लखनऊ से बदलकर लखनपुर या लक्ष्मणपुर रखने की मांग की तो आज सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने सीएम को पत्र लिखकर गाजीपुर जिले का नाम बदलकर महर्षि विश्वामित्र के नाम पर विश्वामित्र नगर करने की मांग कर दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे गए पत्र में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने लिखा है कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, कृपया शक्ति सिंह, राष्ट्रीय सचिव, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के संलग्न प्रार्थना-पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें।

## जयंत चौधरी 12 फरवरी से शुरू करेंगे समरसता अभियान

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनजीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह 12 फरवरी चौधरी अजित सिंह की जयंती से समरसता अभियान की शुरुआत करेंगे। जिसमें चौधरी जयन्त सिंह उत्तर प्रदेश के 1500 गांव का भ्रमण करेंगे। चौधरी साहब की जयंती के दिन जनपद मथुरा के बलदेव क्षेत्र में फजियतपुर की नगरिया, शाहपुर गौसाना, नगला पोला हयातपुर, महावन, जटोरा, मगना सराय, खिरारी गावों में दौरा करेंगे। मनजीत सिंह ने बताया कि रालोद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा किसान संदेश अभियान के तहत पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों में मुख्यमंत्री को चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया गया है। जिसमें रालोद नेताओं ने मांग कि गन्ने का लाभकारी मूल्य की घोषणा की करने, आवारा पशुओं से किसानों की फसल बचाने हेतु उचित समाधान किया जाए।

### दलित बच्चे की मौत पर परिवार को मिला चेक कैंसिल

# अखिलेश बोले, नकली संवेदना का नकली चेक

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के अछल्दा थाना क्षेत्र में शिक्षक की कथित पिटाई से दसवीं के दलित छात्र की मौत मामले में प्रदेश सरकार द्वारा दी गई सहायता राशि के चेक को बैंक ने खारिज कर दिया। इसे लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा नकली संवेदना का नकघ्ली चेक।

दलित बच्चे की पिटाई से हुई मौत के बदले मुआवजे का चेक जब बैंक में खारिज हो गया तो अब भाजपा का शासन-प्रशासन मुंह छिपाने के लिए कह रहा है वो चेक प्रतीकात्मक था। इससे बचकानी बात और क्या होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा में सब कुछ प्रतीकात्मक है, अच्छा हो कहा जाए छलात्मक है।बता दें कि , 27 सितंबर 2022 को अछल्दा थाना क्षेत्र के फफूंद रोड स्थित एक इंटर कॉलेज में 10वीं के छात्र वैसोली गांव निवासी निखिल कुमार (15) को सामाजिक विज्ञान के शिक्षक अश्विनी सिंह ने परीक्षा में किसी गलती की वजह से पिटाई कर दी थी। जिसे छात्र बेहोश हो गया था। उसके बाद उसके बाद स्कूल प्रशासन छात्र के परिजनों को जानकारी दी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों विद्यालय पहुंचे। उसके छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने इस मामले बताया कि पिता राजू दोहरे ने पुलिस को तहरीर दी है कि सात सितंबर को सामाजिक विज्ञान के शिक्षक अश्विनी सिंह ने परीक्षा में दो गलतियां करने पर उनके बेटे की लात-घूसों और डंडों से पिटाई की, जिससे वह बेहोश हो गया। बिधूना के क्षेत्राधिकारी (सीओ) महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और अनुसूचित जाति-जनजाति निवारण अधिनियम समेत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की। वहीं, जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) चंद्रशेखर ने आरोपी शिक्षक को निलंबित कर दिया था। काफी बवाल के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता का ऐलान किया। लेकिन जब सहायता राशि का चेक लेकर परिजन बैंक पहुंचे तो कर्मचारियों ने चेक को कैंसिल बता दिया। जिसका वीडियो वायरल हो गया। हालांकि वीडियो वायरल होने के बाद औरैया के क्ड ने का कि यह चेक प्रतीकात्मक था।

# आज से 2 दिवसीय पूर्वांचल दौरे पर रहेंगे सपा प्रमुख अखिलेश यादव

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सपा प्रमुख अखिलेश यादव आगामी निकाय चुनाव व लोकसभा चुनाव को लेकर अभी से तैयारियों में जुट गए हैं। जिसके तहत वह प्रदेश के सभी जिलों का दौरा करने के साथ ही पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। आगामी चुनाव में पार्टी को जिताने के लिए सपा प्रमुख का यह दौरा कितना सफल होगा यह तो तब बताएगा जब चुनाव के नतीजे आएंगे लेकिन उससे पहले उनका दौरा पार्टी के बड़े से लेकर छोटे नेताओं तक में उत्साह बढ़ाने का काम कर रहा हैं। जिसके तहत अखिलेश यादव कल से 2 दिन के पूर्वांचल दौरे पर रहेंगे। जहां वह विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद बलिया व वाराणसी के लिए निकल जाएंगे। गाजीपुर के जंगीपुर से विधायक डॉ. विरेंद्र यादव ने बताया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव 9 फरवरी को हेलीकॉप्टर से सकरा स्थित लुटावन महाविद्यालय के पास उतरेंगे। जहां वह आदर्श बाजार स्थित कॉलेज परिसर में पूर्व पंचायती राज मंत्री स्व. कैलाश यादव की मूर्ति का अनावरण करेंगे। वह करीब दो घंटे जनपद में रहेंगे। इस दौरान जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की इस सभा को लोकसभा चुनाव 2024 से जोड़कर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि इसी सभा से अखिलेश यादव चुनाव अभियान का आगाज करेंगे। इस जनसभा को सफल बनाने के लिए समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी है। बता दें कि 20 जनवरी को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गाजीपुर से ही मिशन 2024 का बिगुल फूंका था। अखिलेश यादव 9 फरवरी को बलिया आएंगे। वह यहां पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह से मुलाकात करेंगे। इसके साथ ही बलिया में वह मनीष दुबे मनन को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वह मनन के परिवार वालों से बातचीत करेंगे। अखिलेश के बलिया आगमन तथा मिनट टू मिनट कार्यक्रम की समय सारणी जिला प्रशासन ने जारी कर दी है। पूर्व मुख्यमंत्री निजी हेलीकॉप्टर से वाराणसी से दोपहर 12.30 बजे रसड़ा थाना क्षेत्र के मुंडेरा गांव में बने हेलीपैड पर पहुंचेंगे। यहां पर वे रसड़ा के पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह के आवास पर जायेंगे। जहां 40 मिनट रुकने के बाद 12.50 बजे बलिया के लिए हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1.10 बजे उनका हेलीकॉप्टर टाउन डिग्री कॉलेज में बने हेलीपैड पर लैण्ड करेगा।

# आठ दिन से लापता युवक का कुएं से मिला शव

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

- एक लाख के लालच में दोस्तों ने की थी हत्या

मोहनलालगंज में 4 फरवरी से लापता युवक का शव बरामद हुआ है। परिजनों ने मोहनलालगंज कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गुमशुदगी मामले की जांच कर रही पुलिस ने चार आरोपियों की निशानदेही पर शव को बरामद किया। मृतक के दोस्तों ने ही पैसों के लालच में युवक की हत्या कर उसका शव गांव के कुएं में फेंक दिया था। घटना लखनऊ के मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के हुलास खेड़ा गांव की है। बीते 1 फरवरी को कार बुकिंग पर ले जाने की बात कह कर मृतक रामअचल अपने घर से निकला था। लेकिन वह वापस नहीं लौटा। देर रात से ही परिजनों की बेचौनी शुरू हो गई। रामअचल का मोबाइल फोन भी स्विच ऑफआ रहा था। अगली सुबह परिजनों ने रामअचल को खोजना शुरू किया। लेकिन रामअचल का कुछ भी पता नहीं चल सका। जिसके बाद परिजनों ने 4 फरवरी को मोहनलालगंज कोतवाली में राम अचल की गुमशुदगी दर्ज कराई। संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए रामअचल और उसकी गाड़ी को मोहनलालगंज पुलिस तलाश कर रही थी। पुलिस ने रामअचल के मोबाइल रिकॉर्ड भी निकलवाए। सीडीआर रिपोर्ट में संदेह होने पर चार आरोपियों से पूछताछ शुरू हुई। आरोपियों से भी सख्ती से पूछताछ के बाद मामले का खुलासा हुआ। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि एक लाख रुपए के लिए राम अचल की कार को गोसाईगंज में एक ज्वेलरी शॉप पर गिरवी रख दिया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने बुधवार सुबह हुलास खेड़ा गांव के ही कुए से मृतक रामअचल के शव को बरामद कर लिया।

# जिला जेल के भोजन को फाइव स्टार रैंक दिलाकर इतिहास पुरुष बन गये जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुन्द

- शीघ्र ही जेल में खुलेगा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, एल.ई.डी. बल्ब बनेगा जेल का उजाला
- रोजगार के अवसर प्रदान कर किया जा सकता है बंदियों में सुधार
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात में काऊकोट बनवाने वाले जेल अधीक्षक कर चुके है प्रशंसा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तम गुणवत्ता का भोजन बंदियों को उपलब्ध कराये जाने के मामले में जिला जेल का परचम सारे भारत में फहराने वाले जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुन्द का सपना बचपन में चिकित्सक बनने का था, लेकिन समय की धारा और दिशा ऐसी बदली कि वे सामाजिक चिकित्सक बन गये और बंदियों के सुधार के लिए अपना बड़ा योगदान दे रहे हैं। उनका कहना है कि वे अपनी इस उपलब्धि से संतुष्ट है। पिछले वर्षों में उन्होंने जेल में भोजन बनाने की व्यवस्था को ऐसा सुधारा की जिला जेल में बनने वाले भोजन को फाइव स्टार की रैंकिंग दी गई। जेल की भोजन की व्यवस्था को एफएसएसआई द्वारा फाइव स्टार रेटिंग प्रदान करने पर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन किया गया था। इंडिया बुक आफ रिकार्ड के चीफ एडिटर डा0 विश्वरुप रॉय चौधरी द्वारा इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड का मेडल, प्रशंसा पत्र भेजा गया। इसके साथ ही यह जेल रिकार्ड बुक ऑफ इंडिया में दर्ज होने वाली देश की पहली जेल बन गई। जिसमें इतनी उच्च गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराया जाता है।

**समृद्धि न्यूज की टीम से भेंट वार्ता के दौरान फतेहगढ़ जिला जेल अधीक्षक श्री मुकुन्द से जब पूछा कि उन्होंने** भोजन की गुणवत्ता को सुधारने की प्रेरणा कहा से ली तो वे बोले कि उन्होंने जेल के भोजन पर लगे कलंक को धोया है। यहां पर कई मिथक टूटे हैं। पुराने समय से जेल के भोजन की गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे हैं। भोजन की गुणवत्ता में सुधार की प्रेरणा उन्हे अपने घर से उनकी धर्मपत्नी द्वारा भोजन की ओर ध्यान आकर्षित कराने से मिली। एक दिन हमारी पत्नी ने कहा कि जेल के खाने में सुधार की आवश्यकता है, बस वहीं से सुधार शुरु हो गया और हम यहां तक पहुंच गये।

**उन्होंने कहा कि** फिरोजाबाद से की गई शुरुआत को कई जेलों में प्रयोग किया और यहां आकर सफलता मिली। जेल के भोजन को फाइव स्टार रैंकिंग मिलने पर पुलिस महानिदेशक जेल आनन्द कुमार ने इसी प्रकार की व्यवस्था सभी जेलों में किये जाने संबंधी आदेश भी जारी किया है। जिसमें हमारे द्वारा सुझावों को महत्व दिया गया है।

**उन्होंने डिप्टी जेलर के पद से बुलन्द शहर** से अपनी सेवा की शुरुआत की। इसके बाद मथुरा, जौनपुर, इलाहाबाद, देवरिया, कौशाम्बी, फिरोजाबाद सहित अनेक स्थानों पर रहकर सेवा की और सुधार किया। उनकी सबसे पसंदीदा जेल फिरोजाबाद रही। जिसकी शुरुआत अधीक्षक/जेलर के रुप में रहकर करायी और अपने तरीके से जेल की व्यवस्थाओं को विकसित किया। उनका वह अनुभव अब तक 31 वर्ष की सेवा में सबसे अच्छा रहा है।

**बंदियों में सुधार लाने के लिए क्या करना चाहते है और क्या कर रहे हैं? का जवाब** देते हुए जेल अधीक्षक श्री मुकुन्द ने कहा कि रोजगार के साधनों को मुहैया कराके अपराध व अपराधियों में कमी लायी जा सकती है। जिसके लिए उन्होंने अपनी जेल में एलईडी बल्ब बनाने का काम शुरु कराया है। 15 और 18 वाट के बल्ब बनाये है। बल्बों का प्रदर्शन रामनगरिया में किया जा चुका है। कचहरी में आउटलेट लगवाकर प्रचार किया जायेगा। अन्य जेलों को भी बल्ब भेजे जायेंगे। यदि कोई हमारी जेल के निर्मित बल्बों की बिक्री करना चाहेगा उसे भी बल्ब उपलब्ध कराये जायेंगे।

**उन्होंने बताया कि** मेजर एस0डी0 सिंह आयुर्वेदिक पी0जी0 मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल को बल्ब प्रयोग के तौर पर भेजे गये हैं और उम्मीद है कि शीघ्र ही वहां से बड़ा आडर मिलेगा।



भीमसेन मुकुन्द
जेल अधीक्षक
जिला जेल, फतेहगढ़

**इसके अलावा जेल में आईटीआई खुलवाने की योजना भी है, जो शीघ्र क्रियांवित होगी। इसके माध्यम से रोजगार परक प्रशिक्षण भी दिया जायेगा, ताकि वे अपराध की दुनियां छोड़कर अपनी जीविका को मेहनत करके उपार्जित करने लगें। अपराधिक मानसिकता में बदलाव के लिए जेल में हर रोज सत्संग, कीर्तन इत्यादि नियमित रुप से कराया जाता है।**

**काऊकोट के बारे में पूछे जाने पर श्री मुकुन्द** ने बताया कि जब वह कौशाम्बी जेल में तैनात थे तो वहां काऊकोट बनाये जाने का काम शुरु हो गया। जेल के पुराने कम्बलों को सिलकर काऊकोट (झूल) बनायी गई। जिसकी प्रेरणा उन्हे अपनी दादी से मिली थी। इस काऊकोट का जिक्र **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात** कार्यक्रम में किया था। जिस पर जेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हे बधाई भी दी थी। गो-सरंक्षण और गौवंशों को सर्दी से बचाने के लिए काऊकोट काफी उपलब्धि रहा है।

**बंदियों के पारिश्रमिक दिलाये जाने के सवाल पर उन्होंने बताया कि** वर्ष 2019 से अब तक का पारिश्रमिक बंदियों व उनके परिवारियों को भुगतान कराया गया है और आगे भी जारी रहेगा।

**उन्होंने बताया कि** फर्रुखाबाद



जिला जेल में पिछले एक वर्ष से तैनात है। तब से एक भी शिकायत जेल के बारे में नहीं आयी है और बंदियों को मनमानी करने की छूट वह नहीं देते।

**उन्होंने बताया कि** हर बैरिक में पीसीओ लगवा दिया गया है। जिससे बंदी अपने घरवालों से बात कर सकते हैं। यह सुविधा भी इस जेल की एक उपलब्धि के रुप में समझी जा सकती है।

**समाज सुधार के अलावा किसी दूसरी हॉवी के बारे में पूछे जाने पर भीमसेन मुकुन्द** ने अपनी बनायी हुई पेंटिंग दिखायी और कहा कि समाज के निर्माण से समय बचने पर अपनी भावनाओं को प्रकट करने के लिए चित्र बनाते है। **उनकी एक पेंटिंग मात्र एक लाइन से मां-बेटी का चित्र बहुत ही सराहनीय लगी।**

**व्यक्ति अपराध क्यों करता है कि सवाल पर अध्यात्मिका से जुड़ते हुए उन्होंने कहा कि जाये विधाता दारुण दुख देई, ताकि मति पहले हरलेई। कहने का मतलब है कि** जब दुख का समय आता है तो बुद्धि काम नहीं करती, ऐसे में अपराध बढ़ते है। कभी-कभी ऐसा होता कि ऐसे लोग भी जेल में आ जाते है जो वास्तव में जेल जाने के अधिकारी नहीं होते। इस ओर ध्यान आकर्षित करने की जरुरत है। **उन्होंने कहा कि** हानि लाभ, जीवन, मरण, यश अपयश, विधि हाथ इसलिए व्यक्ति को कर्म करते हुए फल की इच्छा नहीं रखनी चाहिए। गीता का यह उपदेश ही उनके जीवन का आदर्श है। प्रयास करते रहने से ही विकास के रास्ते खुलते हैं।

# साधु-संतों पर एफआईआर और मोहन भागवत के खिलाफ रासुका और मुकदमा दर्ज कराएं योगीः स्वामी प्रसाद मौर्य

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में पिछले कई दिनों से रामचरितमानस को लेकर विवाद ने तूल पकड़ा हुआ है। रामचरितमानस पर विवादित बयान देकर सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य संतों, कई नेताओं और हिन्दू संगठनों के निशाने पर हैं। विवादों के बाद भी मौर्य अपने बयान पर अटल हैं। इस बीच स्वामी प्रसाद मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उन साधु संतों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराने की चुनौती दी है, जिन्होंने उनकी जीभ, नाक, सर और गला काटने के लिए ईनाम की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि योगी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के खिलाफ रासुका लगाना और मुकदमा दर्ज कराना चाहिए। स्वामी प्रसाद ने कहा कि मैंने तो सिर्फ रामचरिमानस की कुछ पंक्तियों पर आपत्ति जताते हुए उन्हें हटाने की मांग की थी। मैंने तो यह बात सांविधानिक दायरे में रह कर की थी। मेरे खिलाफ एफआइआर इसलिए दर्ज करायी गई क्योंकि मैं पिछड़ा हूं जबकि मेरे अंग काटने की सुपारी देने वाले साधु संतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। विवादों के बीच जातीवाद को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने बड़ा देते हुए कहा कि हमारे समाज के बंटवारे का ही फायदा दूसरों ने उठाया। इसी का फायदा उठाकर हमारे देश में आक्रमण हुए और बाहर से आए लोगों ने फायदा



उठाया। इस पर सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मात्र बयान देकर लीपापोती करने से बात बनने वाली नहीं है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने ट्वीट कर लिखा कि जाति-व्यवस्था पंडितो (ब्राह्मणों) ने बनाई है, यह कहकर आरएसएस प्रमुख श्री भागवत ने धर्म की आड़ में महिलाओं, आदिवासियों, दलितों व पिछड़ो को गाली देने वाले तथाकथित धर्म के ठेकेदारों व ढोंगियों की कलई खोल दी, कम से कम अब तो रामचरित्र मानस से आपत्तिजनक टिप्पड़ी हटाने के लिये आगे आयें। स्वामी प्रसाद मौर्य ने ट्वीट कर कहा था कि मा. प्रधानमंत्री जी आप चुनाव के समय इन्हीं महिलाओं, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ो को हिंदू कहते हैं। आरएसएस प्रमुख, भागवत जी कहते हैं कि जाति पंडितों ने बनाई। तो आखिर इन्हें नीच, अधम, प्रताड़ित, अपमानित करने वाली रामचरित्र मानस की आपत्तिजनक टिप्पड़ीयों को हटाने हेतु पहल क्यों नहीं।

योगी के मंत्री ने स्वामी प्रसाद मौर्य पर कसा तंज, कहा, कमल और गुलाब की खुशबू भौंरा जानता है नाली का कीड़ा नहीं

अलीगढ़,08 फरवरी 2023 (यूएनएस)। उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर विवादित बयान दिया है। उन्होंने स्वामी प्रसाद को नाली का गंदा कीड़ा बताया है। उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों को पता ही नहीं कि रामायण क्या चीज है। वह लोग ही ऐसे बयान दे सकते हैं। दरअसल चौधरी लक्ष्मी नारायण अलीगढ़ में स्वरोजगार प्रोत्साहन मेला कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेरोजगार लोगों को लगातार रोजगार के लिए प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। वहीं, जब मीडिया ने उनसे स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा रामचरितमानस की चौपाई को लेकर दिए गए बयान पर पूछा तो उन्होंने कहा कि 'हीरा की परख जोहरी जानता है जिन लोगों को पता ही नहीं कि रामायण क्या चीज है, वह लोग ही ऐसे बयान दे सकते हैं। कमल और गुलाब की खुशबू भौंरा जानता है नाली का कीड़ा नहीं।

# बेरोजगारी के विरुद्ध एकजुट हुए युवा संगठन

## राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार अधिकार अभियान का आगाज

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

गांधी शांति प्रतिष्ठान, नई दिल्ली में कल 9 फरवरी 2023 को तमाम युवा संगठनों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार अधिकार अभियान संचालित करने के निर्णय से प्रदेश छात्र उत्साहित हैं और उम्मीद जगी है कि अब प्रदेश में ठप पड़ी चयन प्रक्रिया और 6 लाख लाख से ज्यादा रिक्त पड़े पदों के सवाल पर आंदोलन तेज होगा।कल दिल्ली में युवा संगठनों की मीटिंग में शामिल रहे युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने बताया कि युवा हल्ला बोल, कर्नाटक विद्यार्थी संगठन, युवा मंच, एआईडीवाईओ, देश की बात, युवा भारत आदि संगठनों से जुड़े उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, बिहार, झारखंड, राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र, पं. बंगाल आदि राज्यों के युवा प्रतिनिधि शामिल हुए। राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार अधिकार अभियान के संचालन के लिए नौ सदस्यीय कोआर्डिनेशन कमेटी गठित की गई। इसमें युवा हल्ला बोल के अनुपम संयोजक, युवा मंच के राजेश सचान और कर्नाटक विद्यार्थी संगठन के सरोवर को सह संयोजक चुना गया। युवा संगठनों द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि आज बेरोजगारी की समस्या चिंताजनक स्तर पर है लेकिन सरकार इसके समाधान को लेकर कतई गंभीर नहीं है और विपक्षी दलों के पास भी इसके हल के लिए सुस्पष्ट विचार नहीं हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने भी राज्य के नीति निर्देशक तत्व और अनुच्छेद 21 की व्याख्या में नागरिकों के गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार सुनिश्चित करने की बात की है। आज बहुतायत आबादी बेरोजगार है जो कि लोगों के अपमानजनकध्तिरस्कार पूर्ण जीवन का मुख्य स्त्रोत है। ऐसे में राज्य का यह दायित्व है कि नागरिकों के गरिमापूर्ण जीवन के लिए आजीविका सुनिश्चित करे। मांग की गई कि रोजगार को मौलिक अधिकार बनाया जाए, सभी नागरिकों को गरिमापूर्ण रोजगार की गारंटी हो और जब तक रोजगार न मिले तब तक बेरोजगारी भत्ता(जो न्यूनतम वेतनमान से 50 फीसद से कम न हो) दिया जाए। राज्यों व केंद्र में सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र में रिक्त पड़े तकरीबन एक करोड़ पदों को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध भरने की सरकार घोषणा करे। नियुक्तियों में कांट्रेक्ट सिस्टम को खत्म किया जाए और किसी भी सेक्टर में न्यूनतम वेतनमान 25 हजार से कम न रखा जाए। रोजगार के प्रश्न और शिक्षा के प्रश्न पर सरकार छात्रों को शांतिपूर्ण आंदोलन की इजाजत दे और छात्रों-नौजवानों से संवाद करने, शांतिपूर्ण आंदोलन करने में वह हस्तक्षेप न करे।कहा कि उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हैं लेकिन योगी सरकार इसके हल के लिए ठोस कदम उठाने के बजाय महज प्रोपैगैंडा में लगी है, इंवेस्टर्स समिट इसी तरह की प्रचार मुहिम का हिस्सा है। पिछले कार्यकाल में इसी तरह की इंवेस्टर्स समिट का हश्र देखा जा चुका है।

# अब सीएमएस भी लगा रहे कोतवाली का चक्कर

- दबंगों की नहीं हो रही है गिरफ्तारी
- पीड़ित चिकित्सक ने क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम से की शिकायत




क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम को प्रार्थना पत्र देते चिकित्सक



राकेश कुमार सिंह
नगर कोतवाल



भूमाफिया खलील
टायर वाले



डॉक्टर
अनीता मिश्रा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

आपको बताते चलें जब से नगर कोतवाली का चार्ज राकेश कुमार सिंह को मिला है तब से मुकदमे तो खूब लिखे जा रहे हैं लेकिन उन पर कार्यवाही शून्य रहती है यहां आपको हम यह भी बता दें चिकित्सक अनीता मिश्रा के विरुद्ध प्राथमिकी तो दर्ज हुई थी निवर्तमान नगर कोतवाल पंकज सिंह के टाइम लेकिन उसमें भी मामला रफा-दफा ही प्रतीत हो रहा है इसके अलावा भू माफिया खलील टायर वाले पर प्राथमिकी दर्ज हुई है वर्तमान कोतवाल के टाइम किंतु ना तो वह ऑनलाइन शो हो रहा है और ना ही किसी की गिरफ्तारी आज तक हो पाई है इसके अलावा अभी विगत 4 फरवरी को भूमाफिया सुमित सिंह पर धारा 419 ,420 ,467 ,468 ,471 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई किंतु वह मुकदमा भी ना तो ऑनलाइन शो हो रहा है और ना ही किसी की गिरफ्तारी हुई है यहां एक तरफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने प्रदेश में अमन चैन की बात करते हैं वहीं गोंडा जिले में दबंग अभियुक्त अपने कारनामों से बाज नही आते हैं, आपको बतादें कि विगत दिनों रविवार रात को कुछ व्यक्तियों द्वारा जिला अस्पताल के डॉक्टर को परिसर के अंदर ही घसीटकर लहूलुहान कर दिया था, जिसपर डॉक्टर की तहरीर पर कोतवाली नगर की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था, गौरतलब है की डॉक्टर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज तो कर लिया गया है, लेकिन दबंग अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने में कोतवाली पुलिस कन्नी काट रही है, उक्त प्रकरण को लेकर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएमस व पीड़ित डॉक्टर अब कोतवाली का चक्कर काट रहे हैं, पीड़ित डॉक्टर ने बताया की उक्त लोग इसके पहले भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं, और दबंग किस्म के लोग हैं, जिसको लेकर जिला अस्पताल के परिसर के अंदर भय व्याप्त है, और अब कोतवाली की पुलिस दबंगों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है, जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है, और उनके लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी व मामले को बैठा लेने की बात कही जा रही है, इसी बात को लेकर डॉक्टर ने गोंडा के जिलाधिकारी उज्ज्वल कुमार व एसपी आकाश तोमर से अपनी सुरक्षा व दबंग अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने के लिए लिखित शिकायत की है।

## एसआईटी ने भूमि के जालसाजों के यहाँ मारा छापा, जब्त किया, महत्वपूर्ण दस्तावेज

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

फर्जी तरीके से जमीन का धोखाधड़ी कर के जमीन बेचने वालों के खिलाफ में एस आई टी की टीम ने शहर के छह लोगो के घरों में छापा मार कर महत्त्वपूर्ण दस्तावेज जब्त कर के इन की जांच शुरू कर दिया है। जिले में फर्जी तरीके से जमीन का वसीयत तैयार करना और फर्जी बैनामा करने वालो के खिलाफ में दर्जनों मुकदमा डी आई जी के आदेश पर दर्ज किया गया था। जिस में तमाम लोगो को पुलिस ने जेल भी भेजा है। जिले के एक चर्चित भूमि घोटाले का जाल साझ बृजेश अवस्थी के खिलाफ में दो दर्जन से अधिक जमीन घोटाले का मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने उस को कुछ दिनों पूर्व ही जेल भी भेजा है। भूमि घोटाले को लेकर जनपद स्तर पर भी एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी के द्वारा ही कोतवाली नगर में दर्ज भूमि घोटाले की जांच की जा रही है। एस आई टी की टीम ने जमीन घोटाले का मास्टरमाइंड बृजेश कुमार अवस्थी पुत्र मुरलीधर अवस्थी, अनिल कुमार सिंह पुत्र वीरेन्द्र बहादुर सिंह,राकेश त्रिपाठी पुत्र अरनिमापति त्रिपाठी, महेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र सुखपाल सिंह के निवास स्थान पर छापा मारा कर महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त कर लिया है। इस तलाशी अभियान में छह टीमें गठित की गई थी। छह टीमो ने अलग अलग स्थानों पर छाया मारी किया है।

# गरीबों के निवाले पर आपूर्ति विभाग का डाका

## पूर्ति निरीक्षकों के सहारे आपूर्ति विभाग

- मात्र घटतौली के आरोप में कोटा कर दिया जाता है सस्पेंड

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

पूर्ति विभाग में जिम्मेदार के संरक्षण में खेले जा रहे बड़े-बड़े खेल पीड़ित काट रहे पूर्ति ऑफिस का चक्कर और आंसू पोंछने के नाम पर जिला पूर्ति अधिकारी स्वयं अपने तंत्रों के माध्यम से करते हैं मोटी रकम की मांग। जनपद के पूर्ति विभाग में जिला पूर्ति अधिकारी अपने रसूख के बल पर जिले के अधीनस्थ दुकानों से निजी स्वार्थ पूर्ति ना होने पर अपने इर्द-गिर्द घूमने वाले चहेतों के माध्यम से शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर दुकानों के नीलंबन बहाली को लेकर लुकाछिपी का खेल करने में लगे हैं। जिससे जहां एक तरफ जनपद की छवि धूमिल हो रही है,वहीं दूसरी तरफ सरकार की साख पर बट्टा लगता तक जा रहा है। बताते चले कि जनपद में विगत 4 महीने से लगभग आधा दर्जन दुकानें नीलंबित चल रही हैं और स्वयं जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा इन दुकानों की जांच रिपोर्ट आने के नाम पर दुकान बहाल करने के लिए तरह-तरह के बहाने किए जा रहे हैं।जबकि इन दुकानों पर महज घटतौली बताकर कार्यवाही की गई है। लेकिन यहां प्रश्न उठता है कि क्या जिले द्वारा सप्लाई किए जा रहे खाद्यान्न की भरपूर मात्रा मानक अनुरूप राशन दुकानों पर सप्लाई जा रहा है।यदि ऊपर से ही खाद्यान्न कम मात्रा में राशन दुकानों को जाता होगा तो संपूर्ण खाद्यान्न वितरण होना क्या संभव है।वही दूसरी तरफ़ देखा जाए तो क्या घटतौली का आरोप लगाने से पूर्व वितरित किए गए राशन खाद्यान्न को संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्ड धारक शिकायतकर्ता को वापस करा कर दुकानदार के सामने माप तौल कर कम मात्रा प्रमाणित की गई थी।या महज कहने मात्र से आरोप सिद्ध कर दिए गए। ऐसे में केवल कोटेदार पर ही आरोप मढ़ना कितना उचित होगा, लेकिन इन सब बातों को दरकिनार करते हुए जनपद में जिला पूर्ति अधिकारी अपने निश्चित चहेते लोगों से शिकायत करवा कर राशन दुकानों से बहाली के नाम पर मोटी रकम ऐंठने में लगे हैं।विभाग के ही एक जिम्मेदार अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा दुकान बहाली के नाम पर लाखों रुपए लेने की बात एक बार सामने आई थी जिसको लेकर अब हम लोग फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं।वहीं मामले को लेकर जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे से बात करने का प्रयास किया गया तो लगातार बेल बजती रही लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

# डीएम ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**



जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा आयोजित हुई।

समीक्षा बैठक में डीएम ने मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले वन टांगिया ग्रामों में सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ सभी लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अन्य सभी विभागों के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। वहीं निर्माण कार्यों की समीक्षा में डीएम ने कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यों का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ समय से कराना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान डीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के बकाए गन्ना मूल्य भुगतान का जल्द से जल्द कराए जाने के निर्देश दिए, साथ ही खाद्यान्न वितरण एवं कोटे की रिक्त दुकानों का आवंटन को नियमानुसार समय से कराने के संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए, श्रम योगी मानधन योजना, श्रमिक पंजीयन, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की योजनाओं, पीएम किसान सम्मान निधि सहित समस्त पेंशन योजनाओं, बाल विकास पुष्टाहार, शादी अनुदान, कन्या सुमंगला योजना, कौशल विकास मिशन, द्द-स्द्वद्धह्लह्लद्बष्ह्ल पोर्टल, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, सेवायोजन विभाग, राष्ट्रीय पोषण मिशन के अंतर्गत सैम-मैम बच्चों के संबंध में समीक्षा तथा स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न निर्माण कार्यों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। इसके अलावा विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाले शिकायतों/आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान जनपद के समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण पूरी गुणवत्ता के साथ की जाए ताकि शिकायत कर्ताओं को बार-बार परेशान ना होना पड़े और शिकायत को पूरी तरह नियमानुसार निस्तारित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाई गई तो संबंधित विभाग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जनपद में संचालित सभी योजनाओं के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी योजनाओं का कार्य शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष समय से कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सभी जनपद स्तरीय अधिकारी को निर्देश दिये हैं कि सभी अधिकारी प्रेरणा एप्प अपने मोबाइल में डाउनलोड कर लें और प्रतिदिन विद्यालयों का निरीक्षण जरूर करें, जिसका डिटेल अपलोड करें, निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छात्र उपस्थिति, अध्यापक उपस्थिति, विद्यालय में साफ सफाई व्यवस्था, मिड डे मील व्यवस्था सहित सभी पर निरीक्षण के समय ध्यान देना सुनिश्चित करें।

## खबरें एक नजर में

### शौच गई, महिला की लाश तालाब में मिली

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** इटिया थोक थाना क्षेत्र में एक 25 वर्षीय महिला की लाश तालाब में मिली है। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के गिलौली गांव के निवासी सुमन पुत्री द्वारिका प्रसाद बुधवार की सुबह शौच के लिए गई थी। तालाब में उस की लाश मिली। महिला के पिता ने बताया कि घर से थोड़ी दूर पर गांव के पूरब तरफ तालाब है। वही तालाब पर ही शौच के लिए घर से निकली थी। काफी देर तक जब घर वापस लौट कर नही आई तो उस की माँ तारा देवी और परिवार के लोग उस को खोज ने लगे। खोजते हुए तालाब के पास पहुँचे तो उस की लाश पानी मे तैर रही थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर गाँव के तमाम लोग की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस पहुँची तो उस के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। पोस्टमार्टम भेजा गया। मृतका सुमन देवी की शादी तय होनी वाली थी। जिस को लेकर दोनो पक्षों की तरफ से 11 फरवरी को गोदभराई की रस्म तय होनी थी। जिस की तैयारी चल रही थी। बुधवार की सुबह सुमन की लाश तालाब में मिली। सुमन के पिता ने द्वारिका प्रसाद ने बताया कि उस ने एम ए की पढ़ाई कम्प्लीट किया था। मृतका सुमन की शादी आने वाले 11 फरवरी को तय होने थी। इस को लेकर घर मे तैयारी चल रही थी। लेकिन शादी को लेकर ही घर मे तनाव भी चल रहा था। मृतक के पिता द्वारिका प्रसाद का कहना है कि शौच के समय पैर फिसलने से पानी मे डूब जाने की वजह से मौत हुई है। वही लोगो का कहना है कि उस ने आत्महत्या कर लिया।

### नायब तहसीलदार ने पकड़ा खाद्यान्न लदा ट्रक, जांच शुरु

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय प्रशासन ने खाद्यान्न लदा ट्रक पकड़कर कोतवाली में ले जाकर खड़ा कराया है। जिसकी जांच शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक गुरूवार को तहसील कर्नलगंज क्षेत्र के कर्नलगंज-शाहपुर मार्ग पर धनावा की तरफ से ट्रक पर लदा खाद्यान्न कर्नलगंज की तरफ आ रहा था। जिसकी सूचना पाकर नायब तहसीलदार फ़ोर्स के साथ उसकी तलाश करने लगे। ट्रक अभी सरयू डिग्री कालेज के समीप पहुंचा ही था। जिसे नायब तहसीलदार ने रोंककर कब्जे में लेते हुये कोतवाली में ले जाकर खड़ा करवाया। जिसकी जांच पूर्ति निरीक्षक को सौंपी गई है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी हीरालाल ने बताया कि पकड़े गए खाद्यान्न की जांच पूर्ति निरीक्षक से करायी जा रही है।

### ट्रेन से युवक का हाथ कटा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** सफर के दौरान एक युवक का हाथ ट्रेन से कट गया। जिसे घायल अवस्था मे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उस की हालत गम्भीर बनी हुई है। कुशीनगर जनपद के पडरौना थाना क्षेत्र के महसी गांव के निवासी 30 वर्षीय नीतीश कुमार पुत्र गुलाब मिश्रा लुधियाना से घर जा रहा था। मंगलवार की देर रात्रि में गोण्डा रेलवे स्टेशन पर पानी के लिए उतरा था। वापस चढ़ते समय अचानक ट्रेन से गिर गया। जिस से उस का एक हाथ कट गया। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### दो महिलाओं ने खाया जहर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले में अलग अलग थाना क्षेत्र में एक आंगन बाड़ी कार्यकत्री सहित दो महिलाओं ने जहर खा कर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत खराब होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चाँद पुर खदरन पुरवा निवासी तिलका देवी पत्नी पिंटू ने घर के आपसी विवाद को लेकर जहर खा कर आत्महत्या का प्रयास किया। उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। ग्राम सभा की आंगन बाड़ी कार्यकत्री बताई गई है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के पठान पुरवा गाँव के निवासी 19 वर्षीय रेशमा पत्नी अरस मोहम्द ने जहर खा लिया। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# होम्योपैथिक अस्पताल में प्रतिदिन आ रहे चिकन पॉक्स के रोगी

- सोशल डिस्टेंस का भी नहीं हो रहा पालन, एक माह में 3300 मरीजों की हुई जांच

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिला अस्पताल में स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में प्रतिदिन तीन से चार बच्चे चिकन पॉक्स से ग्रसित आ रहे हैं। इसके बाद भी अस्पताल प्रशासन द्वारा लोगों को दूरी में नहीं खड़ा किया जा रहा है। जिले में बदल रहा मौसम बच्चों को चिकन पॉक्स (खसरे) की चपेट में ले रहा है। जिला अस्पताल परिसर में स्थित होम्योपैथिक अस्पताल में ओपीडी के लिए 300 से अधिक मरीज आ रहे हैं। ओपीडी के दौरान जांच में तीन से चार बच्चे चिकन पॉक्स से ग्रसित मिल रहे हैं। जिनका इलाज कर दवा दिया जा रहा है। लेकिन संक्रमण से फैल रहे चिकन पॉक्स को देखते हुए भी मरीजों को दूरी में नहीं खड़ा किया जा रहा है। बुधवार को अस्पताल में पर्चा बनवाने और दवा लेने वालों की भीड़ लगी रही। इस मामले में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर प्रेम प्रकाश वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रतिदिन चिकन पॉक्स के मरीज आ रहे हैं। जिनकी जांच कर दवाइयां दी जाती है। लोगों को दूरी में खड़े रहने के लिए कहा जाता है, लेकिन लोग मानते नहीं हैं।

# मां के शव को बेटियों ने दिया कंधा

- बीमारी के चलते व्यवसाई पत्नी का हुआ निधन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी एक व्यवसाई के पत्नी की बीमारी के चलते मौत हो गई। लेकिन कोई पुत्र नहीं था। इस पर बेटियों ने पुत्र धर्म का पालन किया।

शव को कंधा देकर अंत्योष्टि स्थल तक गए। इसके बाद बेटी ने चिता को मुखाग्नि दी। इसकी चहुंओर सराहना की जा रही है। कोतवाली देहात के सिविल लाइन निवासी गोपाल दास लखमानी क्लासिक बेकर्स की दुकान का संचालन करते हैं। उनकी पत्नी अंजलि लखमानी बीमार चल रही थी। उनका निधन तीन दिन पूर्व हो गया था। गोपाल दास के परिवार में कोई पुत्र नहीं है। तीन पुत्रियां हैं। इस पर मां के शव को पुत्रियां जय श्री लखमानी, वाणी लखमानी और अन्नतिका ने कंधा दिया। इसके बाद शव को त्रिमुहानी घाट अंत्येष्टि स्थल ले गए। यहां पर बड़ी बेटी ने चिता को मुखाग्नि दी। इससे अंतिम संस्कार स्थल पर मौजूद लोग गमगीन हो गए। साथ ही सभी के मुंह से निकल पड़ा बेटियां किसी से कम नहीं हैं। बेटी द्वारा कंधा देने और चिता को आग देने का वीडियो भी जिले में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसकी लोग सराहना कर रहे हैं।

# सीएचसी अधीक्षक को हटाने के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

- बोले सात वर्ष से जमे अधीक्षक कर रहे अभद्र व्यवहार

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी बुधवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। सभी ने डीएम को ज्ञापन देकर सीएचसी मुस्तफाबाद के अधीक्षक को हटाए जाने के लिए ज्ञापन दिया।

किसानों का कहना है कि अस्पताल जाने वाले लोगों से अधीक्षक अभद्रता करते हैं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष मोहन लाल की अगुवाई में किसान बुधवार को किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसानों ने जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र को ज्ञापन दिया। डीएम को दिए गए ज्ञापन में सभी का कहना है कि जरवल विकास खंड के मुस्तफाबाद सीएचसी में डॉक्टर निखिल सिंह वर्मा की तैनाती सात वर्षों से है। जबकि पांच वर्ष से प्रभारी चिकित्साधिकारी के पद पर तैनात हैं। इनके द्वारा आम लोगों के साथ किसान संघ के पदाधिकारियों से अभद्रता की जाती है। ऐसे में मामले की जांच कराकर इनको अधीक्षक पद से हटाया जाय। इसके बादसभी ने सीएमओ को जाकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों मे काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# 10 लाख की चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

- एक किलो दो सौ ग्राम चरस बरामद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली नानपारा की पुलिस ने बुधवार को जांच के दौरान दो चरस तस्करों को सवा किलो चरस के साथ पकड़ा है। दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद चरस को पुलिस ने सीज कर दिया है। बरामद चरस की कीमत लाखों रूपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देश पर कोतवाली नानपारा के प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ ने पुलिस टीम गठित की। राजा बाजार चौकी प्रभारी राकेश कुमार, हेड कांस्टेबल नागेंद्र सिंह, राम आशीष, निरुपम दूबे,अमित कुमार अनुराग सिंह की टीम बुधवार को आने जाने वालों की जांच कर रही थी। जांच के दौरान नानपारा मार्ग पर दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोक कर तलाशी ली तो उनके पास चरस बरामद हुई। इस पर दोनों पुलिस हिरासत में लेकर कोतवाली आई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। उनके पास से एक किलो दो सौ ग्राम चरस बरामद हुई है। जिसे सीज कर दिया गया है। पकड़े गए चरस तस्करों की पहचान लखीमपुर खीरी जनपद के पलिया थाना क्षेत्र के एकराम नगर निवासी कलीम पुत्र मूसे और कोतवाली नानपारा के कसगर टोला निवासी नसीम पुत्र नसीर के रूप में हुई है। दोनों के विरुद्ध पहले से ही एनडीपीएस और चोरी के आठ मुकदमे दर्ज हैं। कोतवाल ने बताया कि बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 10 लाख रूपये से अधिक की है।

## मोतीपुर थाने में सुनवाई के दौरान ही पहुंच जाते हैं दर्जनों बंदर

### थानाध्यक्ष के हाथों से बिस्किट खाकर लौट जाते हैं सभी

**बहराइच समृद्धि न्यूज** जनपद के मोतीपुर थाना में सुनवाई के दौरान अचानक से बंदरों का झुंड पहुंच जाता है। बंदरों को कब थानाध्यक्ष बिस्किट खिलाते हैं तो सभी वापस लौट जाते हैं। हालांकि यह बंदर पुलिस या किसी फरियादी को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। जनपद का मोतीपुर थाना जंगल से सटा हुआ है। थाने में जनता की सुनवाई के दौरान ही दर्जनों की संख्या में बंदर आ जाते हैं। बंदरों को देख थानाध्यक्ष बिस्किट मंगवाकर सभी में वितरित करते हैं बंदर कहीं हाथ से तो कहीं ऊपर चढ़कर बिस्किट छीनते दिखते हैं। दो दिन पूर्व ही यही हाल हुआ। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि यह बंदर किसी को नुकसान नहीं पहुंचा रहे हैं। यह सभी थाने में आ जाते हैं। जब तक बिस्किट न खिलाएं, तब तक वापस नहीं जाते हैं। हालांकि बंदरों के झुंड को देखकर फरियादी सहम जाते हैं,लेकिन किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# प्रतियोगिता में छात्र को मिला स्वर्ण पदक एवं रजत पदक

- छात्र का क्रान-की-डो में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में हुआ चयन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



गायत्री विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय रिसिया के एमकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र आदित्य प्रताप सिंह ने रामनगर पीजी कॉलेज में संपन्न हुए अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता क्रान-की-डो में स्वर्ण पदक में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज अयोध्या में संपन्न हुए कराटे प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। छात्र के इस सफलता से महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दिव्य दर्शन तिवारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय के इस छात्र की सफलता प्रेरणादाई है और भविष्य में छात्रों को क्रीड़ा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों की सहायता ली जाएगी। क्रीडा अध्यक्ष डॉ मुकेश चंद्र श्रीवास्तव ने छात्र की सफलता में हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ी को महाविद्यालय से यथासंभव सुविधाएं प्रदान की जाएंगी जिससे वे खेल में आगे आए। महाविद्यालय के शिक्षक समुदाय के प्रो सुभाष चंद्र,प्रो दयाराम यादव डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव, डॉ राम जन्म ने विजय छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया। वही आईसीटी एवं ईडीपी सेल प्रभारी धर्मेंद्र श्रीवास्तव शिक्षणेत्तर कर्मचारी नंदन श्रीवास्तव श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव ने छात्र की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिया। इसी क्रम में सूचना देते हुए बताया कि छात्र का चयन क्रान-की-डो में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में हुआ है जिसके लिए वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ संजय श्रीवास्तव ने विजय छात्र के लिए प्रेरणादायीं बताया।

# महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण

- कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का लिया जायजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच डॉ. संजय कुमार निषाद ने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मंगलवार को देर शाम विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर की अनुपमा जायसवाल, बलहा की सरोज सोनकर, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के निर्माणाधीन स्मारक स्थल पर पहुँच कर महाराजा सुहेलदेव जी की अश्वरोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके पश्चात् प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद ने स्मारक स्थल एवं चित्तौरा झील की निर्माणाधीन विकास परियोजना मन्दिर, घाट, महाराजा सुहेल देव की मूर्ति, भव्य द्वार, पार्किंग स्थल, बाउण्ड्रीवाल इत्यादि कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायज़ा लेते हुए कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य को निर्धारित मानक व गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करायें।

विकास खण्ड चित्तौरा के जूनियर हाईस्कूल सुहेलनगर में चौपाल लगाकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का सत्यापन किया। चौपाल के दौरान प्रभारी मंत्री ने विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर की अनुपमा जायसवाल, बलहा की सरोज सोनकर, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के साथ 02 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल तथा 25 से अधिक निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाए जाने के उद्देश्य से कम्बल तथा बच्चों को बिस्किट का वितरण किया। चौपाल के दौरान प्रभारी मंत्री ने सम्पर्क मार्ग, स्वच्छ शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, सभी प्रकार की पेंशन योजनाओं, मुख्यमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय अजीविका मिशन, पेयजल, खाद्यान्न वितरण, विद्युतीकरण, गन्ना भुगतान, बाल विकास पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, कन्या सुमंगला योजना आदि का सत्यापन कर मौके पर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मिशन व विज़न है कि किसानों की आय दोगुना हो जाय। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब व किसान केन्द्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता हैं। देश में कृषकों के कल्याण हेतु अनेकों योजनाए संचालित की जा रही है। डॉ. निषाद ने कृषकों का आहवान किया खेती किसानी के साथ कृषि आधारित उद्योगों, पशुपालन, कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन, रेशम कीट पालन को भी अपनाएं। प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद ने कृषकों को गौआधारित प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी ताकि बेहतर उपज के साथ-साथ भूमि दर्वरा शक्ति में भी बढ़ोत्तरी हो। चौपाल के दौरान क्षेत्रीय विधायक अनुपमा जायसवाल ने आभार ज्ञापित किया।

# अभय सिंह हत्याकांड का एएसपी ने किया खुलासा

▸ अभय सिंह हत्याकांड के मामले में चार आरोपियों को गुरबक्शगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों गुरबक्श गंज में हुए अभय सिंह हत्याकांड के मामले में चार आरोपियों को गुरबक्श गंज थाने की पुलिस ने हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करके इस पूरे मामले से पर्दा उठा दिया है।


बताते चले कि 3 फरवरी को अभय सिंह की दुर्घटना हुई थी और 6 फरवरी को उसकी मौत हो गई थी। इस मामले पर काफी बवाल हुआ तो पुलिस ने आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने की बात कही थी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले में अच्छी तरह से जांच करते हुए छानबीन की और 8 फरवरी को थाना गुरबक्श गंज में अभय सिंह हत्याकांड के मामले में मुकदमा पंजीकृत हुआ था जिसमें 4 आरोपियों को जिसमे शशांक सिंह राजकुमार सिंह अभिषेक सिंह उर्फ दीपक सिंह कमलाकांत के ऊपर 302 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें गुरुबक्शगंज पुलिस ने जांच शुरू कर दी थीं घटना होने के 1 दिन बाद परिजनों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने शव रखकर काफी हंगामा भी काटा था। जिसमें परिजनों ने मामा सहित तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की थी वहीं गुरबक्श गंज पुलिस ने अभय सिंह हत्यारों को गिरफ्तार कर अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के सामने पेश कर जेल भेजने की भेजने की अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

> अपर पुलिस अधीक्षक की माने तो गुरुबख्शगंज थाने के अंतर्गत सिरसा घाट के पास पैसे के लेन देन को लेकर आपस मे भागीदारों के बीच विवाद हुआ था जिसमे मार पीट भी हुई थी जिसमे अभय सिंह को चोटे आई और इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में उनके साथ काम कर रहे 4 लोगो के ऊपर हत्या के साथ साथ कई संगीन धराओ में अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।
> **विश्व जीत श्रीवास्तव**
> **(अपर पुलिस अधीक्षक, रायबरेली)**

# बाक्सिंग में बैसवारा की अनामिका यादव को रजत पदक

▸ अनामिका अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेल कर एक दिन इस देश को मेडल देगी : कोच

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



मध्य प्रदेश में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बाक्सिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की टीम से खेल रही रायबरेली की अनामिका यादव ने रजत पदक जीता।

भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम के बॉक्सिंग हॉल में आयोजित मुकाबलों में अनामिका को 57 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में दिल्ली की यशिका टोकस ने 3-2 से हराया जिससे अनामिका को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पूर्व शुक्रवार को सेमीफाइनल में अनामिका ने पिछली बार के यूथ गेम की स्वर्ण पदक विजेता को 5-0 से हराकर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया था।अनामिका के कोच अताउर रहमान का कहना है अनामिका बहुत ही होनहार है यह खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेल कर एक दिन इस देश में मेडल देगी।

आपको बता दें कि लालगंज कस्बे के बॉक्सिंग एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही घुरवारा की अनामिका यादव ने ने खेलो इण्डिया की यूथ नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। भारतीय सेना में देश की रक्षा कर रहे अनामिका के आर्मी मैन पिता अवधेश कुमार यादव बेटी की इस उपलब्धि में बेहद खुश नजर आए उनका कहना है की जिस तरह हम सेना के माध्यम से देश की सेवा कर रहे है उसी तरह मेरी बेटी भी खेल के माध्यम से देश का नाम रोशन करे। अनामिका के कोच अताउर रहमान का कहना है अनामिका बहुत ही होनहार है यह खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेल कर एक दिन इस देश को मेडल देगी

## खबरें एक नजर में

### विकास क्षेत्र के दो परिषदीय विद्यालय बनेंगे आदर्श विद्यालय

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** नई शिक्षा नीति के तहत परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम-एसएचआरआई) के तहत विकास क्षेत्र के दो परिषदीय विद्यालयों का चयन किया गया है अब इन परिषदीय विद्यालयों पीएम श्री योजना के तहत और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही आपको बताते चलें पीएम श्री योजना के तहत चयनित इन दोनों विद्यालयों में अभी कक्षा 1 से लेकर 8 तक पढ़ाई हो रही है। लेकिन अब इस योजना के तहत इन विद्यालयों में प्ले ग्रुप अलग करके कक्षा 3 से लेकर इंटरमीडिएट तक कक्षाएं संचालित करने की योजना है। यह विद्यालय अब आदर्श विद्यालय होंगे इन विद्यालयों में बिल्डिंग विस्तार के साथ ही डिजिटल क्लासरूम कंप्यूटर लैब से लेकर प्रयोगशाला व पुस्तकालय भी बनाया जाएगा। वहीं पढ़ाई के साथ खेलकूद की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।खंड शिक्षा अधिकारी शिवगढ़ गौतम प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास क्षेत्र शिवगढ़ के दो विद्यालय कंपोजिट विद्यालय देहली और कंपोजिट विद्यालय दरियावगंज का पीएम श्री योजना के तहत चयन हुआ है।विभाग के निर्देश मिलने पर इनमे कार्य शुरू कराया जायेगा।

### मांगो को लेकर हड़ताल पर रहे कोटेदार, खाद्यान्न न बांटने का किया ऐलान

**लालगंज-रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** आल इंडिया फेयर प्राइस शाप डीलर फेडरेशन के बैनर तले अपनी मांगो को लेकर कोटेदार हड़ताल पर रहे।तहसील अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह राठौर ने कहा कि कोटेदारों की एकजुटता ही संगठन को मजबूत बनाती है।संघ के आवाहन पर 7 से 9 फरवरी तक ईपाश मशीने नही खोली जानी हैं। तीन दिवसीय हड़ताल के दौरान खाद्यान्न का वितरण नही करना है।ब्लाक अध्यक्ष कौशल कुमार पांडेय ने कहा कि कोटेदारों की एकजुटता का ही परिणाम है कि सालों बाद कोटेदारों के कमीशन में 20 रूपये प्रति कुंतल वृद्धि हुई थी।कोटेदारों को एक देश एक राशनकार्ड के आधार पर एक देश एक कमीशन दिया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान जिन कोटेदारों का निधन हुई है उनके परिवारजन को आर्थिक मदद दिए जाने के साथ ही कोटेदारों का बकाया भाड़े का भुगतान अतिशीघ्र कराया जाए। नि:शुल्क बाटे जा रहे खाद्यान्न के कमीशन का भुगतान भी ईचालान की तरह बिना देर किए नियमित रूप से भेजा जाए। उन्होंने कहा कि जब तक कोटेदारों की मांगे पूरी नहीं होती तब तक प्रदेश संगठन के आवाहन पर हड़ताल होती रहेगी। प्रदेश संगठन के आवाहन पर 9 फरवरी तक तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया गया है।जिसमें के चलते कोटेदारों ने बुधवार को अपनी दुकानें एवं ई पास मशीन बंद रखी।8 फरवरी से होने वाले खाद्यान्न का वितरण पहले दिन ही ठप्प रहा।

### महिला ने लगाया मारपीट व अश्लील हरकते करने का आरोप

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर थाना क्षेत्र के कुंभी निवासी रेखा देवी पुत्री राजेंद्र ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र देकर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने वालों के विरुद्ध स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने पर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक को दिए गये प्रार्थनापत्र में रेखादेवी ने आरोप लगाया कि 5 फरवरी को वह घर की नाली ठीक करा रही थी तभी गांव के ही सनोज पुत्र राम अवतार, सजीत पुत्र श्रीराम, जितेंद्र, बंशीधर आदि ने योजनाबद्ध तरीके से नाली को तोड़कर मेरे घर में घुसकर मारपीट व अश्लील हरकतें की। स्थानीय थाने द्वारा मामला संज्ञान में होने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से उपरोक्त लोगों द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी से जान माल का खतरा बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

### किशोरी की ट्रेन से कटकर मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर थाना क्षेत्र के इंदेमऊ रेलवे स्टेशन के पास खंभा नंबर-146/1-2 के बीच रेलवे ट्रैक पर दोपहर 2.30 बजे के लगभग निकली मालगाड़ी की चपेट में आकर 16 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मृतका की पहचान स्वाति पुत्री प्रमोद पासी निवासी ककरारी थाना बिहार के रूप में की। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची मृतका की मां रानी ने बताया कि वह सुबह खेतों पर बकरी चराने चली गई। घर में पुत्री अकेली थी जो मानसिक रूप से काफी अरसे से परेशान है जिसका कानपुर में इलाज चल रहा है। पुलिस द्वारा उन्हें सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुंचे उपनिरीक्षक अबू मोहम्मद कासिम ने बताया कि मां की सूचना पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है मृतका के पिता पंजाब में रहकर नौकरी करते हैं उन्हें सूचना दे दी गई है।

### बाइकों की सीधी भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** असोहा थाना अन्तर्गत जोरावरगंज निवासिनी छेदाना अपने नाती आसू व बहू श्रीमती के साथ मिर्रीकला रिश्तेदारी गई थी वहां से दोपहर लगभग 12 बजे वापस घर जा रही थी पुरवा कालूखेड़ा मार्ग पर पड़वाखेड़ा पावर हाउस के पास सामने से आ रहे बाइक सवार बनिगांव थाना पुरवा निवासी सतेंद्र सिंह से सीधी भिड़ंत हो गई जिसमें दोनो बाइक चालक व बाइक सवार गिर गए। बाइक से गिरे आसू व छेदाना का जहां पैर टूट गया तो वही श्रीमती के सिर में गंभीर चोट लगी। दुर्घटना की सूचना राहगीरों ने स्थानीय थाने को देते हुए एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को लेकर स्वास्थ्य केंद्र असोहा आयी। जहां डाक्टरों ने सतेंद्र (30) को मृत घोषित कर दिया वही घायल श्रीमती की हालत नाजुक देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। वही अन्य घायल आसू व छेदाना को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक सतेंद्र तीन भाइयों राघवेंद्र, सर्वेंद्र में दूसरे नंबर का था। मृतक के दो बच्चे सक्षम 5 वर्ष व श्रेया 2 वर्ष है। मृतक की पत्नी पूजा व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# एक बार फिर डीएम माला श्रीवास्तव की दरियादिली आई सामने

▸ फरियादी लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे फरियादी को डीएम ने कंबल और आर्थिक सहायता मुहैया कराई

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**



जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की दरियादिली एक बार फिर आई सामने एक के बाद एक लगातार गरीबों की मदद करके जिले के लोगों के दिलों में अपना स्थान बना चुकी जिलाधिकारी की दरियादिली एक बार फिर देखने को मिली जहां एक दिव्यांग फरियादी शिव बक्स पुत्र सत्यनारायण निवासी हंसा का पुरवा पोस्ट कुचरिया का पुराना मकान गिर गया था उसके पास रहने की कोई जगह नहीं थी वह फरियाद लेकर जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचा जिलाधिकारी ने दिव्यांगों को एक कंबल व अपने पास से आर्थिक सहायता देते हुए तत्काल तहसीलदार को निर्देशित किया कि दिव्यांग व्यक्ति को तत्काल जमीन उपलब्ध कराकर उसको मिलने वाली सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए जिलाधिकारी के इस नेक कार्य की हर तरफ जमकर सराहना हो रही है

# ईश्वर का दूसरा स्वरूप नेत्र ज्योति प्रदान करना : सुधा द्विवेदी

▸ स्वामी दयानंद शिक्षा संस्थान के बैनर तले हुआ सैकड़ों मरीजों का परीक्षण व ऑपरेशन

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



ईश्वर का दूसरा स्वरूप नेत्र ज्योति प्रदान करना है। समाज सेवा से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं है। दुनिया में अच्छा देखने के लिए नेत्र ज्योति आवश्यक है।

कस्बे के बाईपास रोड स्थित डिवाइन लाइट इंग्लिश स्कूल में स्वामी दयानंद सरस्वती शिक्षा संस्थान के तत्वाधान में स्वर्गीय उमानाथ गुप्त की स्मृति में आयोजित निशुल्क नेत्र ज्योति यज्ञ शिविर में मुख्य अतिथि श्री फाउंडेशन की चेयरमैन समाज सेवी सुधा द्विवेदी ने उक्त विचार प्रकट किए। श्रीमती द्विवेदी ने कहा कि कोई भूखा ना रहे यह आंखों का संदेश है। बच्चों मैं संस्कार ही उसे महान बनाते हैं। मानव जीवन मिला है तो सत्कर्म अवश्य करें तभी मोक्ष प्राप्त होगा। समाज के लिए कुछ करने के लिए मानव को सदैव तत्पर रहना चाहिए। समारोह की विशेष अतिथि ब्रह्मा कुमारीज की जान्हवी बहन ने कहा कि नूर नहीं तो जहांन नहीं नेत्र ज्योति के साथ ज्ञान ज्योति बढ़ानी चाहिए तभी समाज का कल्याण होगा। सुखद यात्रा के लिए परमात्मा की शक्ति होना आवश्यक है। संस्कार से ही संसार स्वस्थ व प्रसन्न बनेगा तभी बैसवारा की यह महान आत्माएं सहज व पुण्य बनेंगी । यह मानव जीवन सौभाग्यशाली है। निशुल्क नेत्र ज्योति यज्ञ शिविर में एक सैकड़ा मरीजों का पंजीकरण हुआ जिनकी आंखों की जांच पड़ताल डॉ राम अवतार पाठक व उनकी कुशल डॉक्टरों की टीम की देखरेख में करने के पश्चात 50 मरीजों को नेत्र ऑपरेशन के लिए सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट बस द्वारा भेजा गया। कार्यक्रम का संयोजक रविंद्र गुप्ता ने किया। समारोह में समाजसेवी सुधा द्विवेदी ने नेत्र ऑपरेशन के लिए जाने वाले सभी मरीजों को कंबल प्रदान कर सुखद व कल्याणकारी यात्रा की मंगल कामना की । इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल भदौरिया, करुणा शंकर यादव राहुल गुप्ता सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी फोरम की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**



▸ डीएम ने समस्त चिकित्सा अधीक्षक को ओपीडी का 5 प्रतिशत रिफरल टी0बी0 जांच हेतु भेजने के लिए निर्देशित किया

▸ डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर सर्वे के दिए निर्देश

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टी0बी0 फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती पूजा यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेन्द्र सिंह, उप जिला क्षयरोग अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व चिकित्सक उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर सर्वे के निर्देश देने के साथ ही टीबी मरीजों को चिन्हित करने व मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने के साथ ही सीएचओ को घर-घर सर्वे करके रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि झोलाछाप डॉक्टरों पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए के साथ ही जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यो में लापरवाही के आरोप में एसीएमओ रविंद्र कुमार का 1 माह का वेतन रोकने के साथ ही प्रतिकूल प्रविष्टि और स्पष्टीकरण के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने समस्त अधीक्षक सामु0 स्वा0 केन्द्र जनपद रायबरेली को ओपीडी का 5 प्रतिशत रिफरल टी0बी0 जांच हेतु भेजने के लिए निर्देशित किया गया। जनपद के निजी चिकित्सकों को शत प्रतिशत अधिसूचित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा बैठक में मौजूद एनजीओ के पदाधिकारियों तथा अन्य सदस्यों से टी0बी0 रोगियों को गोद लेते हुए पोषाहार वितरित किये जाने की अपील की गयी।

## आर ए एफ एवं कोतवाली पुलिस के जवानों ने किया पैदल गस्त



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रैपिड एक्शन फोर्स (आर ए एफ) एवं कोतवाली पुलिस के जवानों ने महराजगंज कस्बे में किया किया पैदल गस्त । सीओ अरुण कुमार नौहवार के नेतृत्व में (आर ए एफ) के जवानों एवं कोतवाली पुलिस के जवानों ने संयुक्त रूप से मिलकर कानून व्यवस्था एवं सुख शांति बनी रहे इसके लिए पुलिस चौकी मेन तिराहा से लेकर चंदापुर चौराहा एवं पैगंबर नगर होते हुए कस्बे के विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च किया । कस्बे सहित क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए जवानों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया।

# प्रधानाध्यापक ने सेवानिवृत्त शिक्षक को किया सम्मानित



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विकाखंड के प्राथमिक विद्यालय गौवा बाजार के प्रधानाध्यापक मोहम्मद वसीम ने सेवानिवृत्त शिक्षक मोहम्मद इस्माइल खान को उनकी बेहतर सेवा एवं चहक उत्सव कार्यक्रम के सफल संचालन करने हेतु बीआरसी राजापुर माफी में सम्मानित गया।प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राजेश पांडे ने कहा कि इस्माइल खान की सेवाओं को भुलाया नहीं जा सकता हैं।क्योंकि सेवानिवृत्त होने के बाद भी वह ठीक उसी प्रकार शिक्षा विभाग को अपना सहयोग दे रहे हैं जैसे सेवा में रहते हुए दे रहे थे।

मोहम्मद इस्माइल खान ने ने कहा प्रधानाध्यापक मोहम्मद वसीम ने अपने विद्यालय में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करके जनता में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने की जो अलग शासन की मंशा अनुरूप जगाई है वह अनुकरणीय हैं।इस अवसर कदीर अहमद, सूरज जायसवाल, नरेंद्र सिंह, मोहम्मद आजम आदि शिक्षकों ने अपने वक्तव्य में उनके कार्य की सराहना की।

# आखिर कब होगी ग्राम प्रधान पर कार्रवाई पीड़ित ने लगाई जिलाधिकारी से गुहार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

जांच हो जाने के बाद भी कार्रवाई ना होने पर शिकायतकर्ता ने फिर लगाई जिलाधिकारी से गुहार । महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्रामसभा पूरे अचली के ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव से ग्राम सभा में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत की गई थी जिसे जिला अधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए 2 सदस्य टीम बनाकर ग्राम सभा की जांच करवाई जिसमें तमाम तरह की अनियमितताएं पकड़ में आई थी । रामचंद्र पुत्र सुखई निवासी पुरे अचली ने जिलाधिकारी से गुहार लगाते हुए माग की ग्राम प्रधान कलावती के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत की थी जिसकी जांच 18/1/ 2023 को पूरी हो गई है। परंतु अभी तक दोषी ग्राम प्रधान के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है और प्रार्थी को जांच रिपोर्ट भी नहीं दी जा रही है। जिसका फायदा उठाकर प्रधान पति राम विपत्ति द्वारा लगातार प्रार्थी को परेशान किया जा रहा है जिसका फायदा उठाकर प्रधान पति रामविपति द्वारा शिकायतकर्ता एवं अन्य को लगातार परेशान किया जा रहा है। रामचंद्र ने जिला अधिकारी माला श्रीवास्तव से गुहार लगाते हुए मांग की भ्रष्ट ग्राम प्रधान के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हो और दंडित करने तथा उनके विरुद्ध समुचित कार्रवाई किया जाना अत्यंत आवश्यक है अन्यथा ग्रामसभा मे भ्रष्टाचार का अंत नहीं हो पाएगा।

# बोर्ड परीक्षा : मजिस्ट्रेट की निगरानी में होगी ऑनलाइन मॉनीटरिंग

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

आगामी 16 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर कंट्रोल रूम तैयार कर लिया गया है। डीआईओएस कार्यालय में सभी केन्द्रों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आईडी और पासवर्ड बनाकर इन्हें जोड़ने का काम भी करीब-करीब पूरा कर लिया गया है।

बोर्ड परीक्षा के लिए जनपद में 124 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जहां की पल-पल की गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के लिए कंट्रोल रूम में 15 कम्प्यूटर लगाए गए हैं। एक कम्प्यूटर से 10 केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरों को जोड़ा गया है। इनसे केन्द्रों पर परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों पर नजर रखने के लिए यहां मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गई है। कंट्रोल रूम में लगभग सभी केन्द्रों को जोड़ने के लिए आईडी और पासवर्ड तैयार कर लिए गए है। जोड़ने का काम भी लगभग 90 फीसदी पूरा किया जा चुका है। शासन प्रशासन की सख्ती के बीच नकल करने की मंशा से परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी को सतर्क रहना होगा। इसके अलावा नकलचियों पर निरन्तर नजर रखने के लिए हर केन्द्र पर एक के हिसाब से 124




स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अलावा 20 सेक्टर व 6 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती रहेंगी। स्कूल पहुंचे प्रवेश पत्र छात्रों में वितरण शुरू यूपी बोर्ड के छात्रों के प्रवेश पत्र स्कूलों में पहुंचे चुके है। छात्र-छात्राओं में वितरण शुरू हो गया है। अभी 10 फीसदी बच्चों ने ही प्रवेश पत्र लिया है। प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों का कहना है कि दो चार दिन में सभी बच्चों को वितरित कर दिया जाएगा। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी और वॉइस रिकॉर्डर लगाए गए। इसके साथ ही 11 परीक्षा केंद्रों को अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है उनपर विशेष नजर रखी जाएगी। मजिस्ट्रेट लगातार निरीक्षण करेंगे। डीआईओएस रविशंकर ने बताया कि कंट्रोल रूम की स्थापना कर ली गई है। 15 कम्प्यूटर से केन्द्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों को जोड़कर ऑनलाइन नजर रखी जाएगी। शांति और शुचिता पूर्ण परीक्षा कराने के लिए कोई कमी नहीं रखी जाएगी।

## सोशल मीडिया पर तमंचा लहराने वाले को पुलिस ने दबोचा



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी थाना क्षेत्र के रुपऊ गांव के मजरा मर्दनखेड़ा गांव निवासी अर्जुन पुत्र मंशाराम की अवैध तमंचे के साथ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने पर थाना प्रभारी रामआसरे चौधरी ने मुखबिर की सूचना पर युवक को पूरा निस्पंसारी गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया और तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर के साथ एक कारतूस बरामद कर युवक के खिलाफमुकद्दमा दर्ज जेल भेज दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत उमरन, विकास खण्ड उमर्दा (तिर्वा) , जनपद कन्नौज

पत्रांक-मेमो / अध्यक्ष / सचिव ग्राम पंचायत / मनरेगा टेण्डर प्रकाशन / 2022-23

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम पंचायत विकास खण्ड के कार्यो हेतु आयकर एवं बिक्री कर में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ता फर्मो से ईंट, सीमेंट, बालू, मौरंग, गिट्टी, सरिया, इंटरलॉकिंग ईंट, मिट्टी आदि प्रयुक्त सामग्री हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार दिनाँक 09/02/2023 से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे नियमानुसार सभी कागजातों सहित दिनाँक 15/02/2023 अपराह्न 12 बजे तक अपनी निविदा/कुटेशन प्रस्तुत कर सकते है।

प्राप्त निविदाएं दिनाँक 15/02/2023 को अपराह्न 02 बजे कार्यालय ग्रा0 पं0 उमरन में सामग्री आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लम्बाई म चौड़ाई | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुचुआपुर में मूलनरायन के घर से रामप्रकाश के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 50 × 3 मीटर | 3,36,380 | 2 % |
| 2 | मुचुआपुर में जुग्गीलाल के घर से राजनरायन के घर तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 70 × 3 मीटर | 3,96,630 | 2 % |
| 3 | मुचुआपुर में रामगोपाल के घर से मंदिर तक नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 51 × 3.50 मीटर | 3,23,166 | 2 % |

**नोट-** ग्राम पंचायत सचिव को यह अधिकार होगा कि किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त भी कर सकता है।

**बेंचेलाल**
**(ग्राम प्रधान)**

**मधु यादव**
**(ग्राम पंचायत अधिकारी)**

ग्रा0 पं0 उमरन, वि0 ख0 उमर्दा (तिर्वा), जनपद कन्नौज

समृद्धि न्यूज़

संपादकीय

लखनऊ, गुरुवार, 09 फरवरी, 2023



# तर्कसंगत प्रतिबंध

केंद्र सरकार ने चीनी लिंक वाले सैकड़ों मोबाइल फोन ऐप पर प्रतिबंध लगाकर 'देर आये दुरस्त आये' की कहावत को चरितार्थ किया है। जो इस बात का संकेत भी है कि हमारा निगरानी और नियामक तंत्र मजबूत हुआ है। यह कदम इस बात की आवश्यकता को दर्शाता है कि इस दिशा में आगे भी सजग रहने की जरूरत है। दरअसल, 138 सट्टेबाजी को बढ़ावा देने वाले और 94 ऋण देने वाले ऐप्स पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय इस बाबत मिली शिकायतों के बाद लिया गया। आरोप है कि इन ऐप के उपयोगकर्ताओं से जबरन वसूली और उनके उत्पीड़न की शिकायत मिल रही थी। जहां एक ओर इन ऐपों के जरिये व्यक्तिगत डेटा में सेंधमारी की जा रही थी, वहीं ऋण वसूली के नाम पर आतंकित भी किया जाता रहा है। ये ऐप नियामक एजेंसियों की जांच के दायरे में थे। दरअसल, ऐसे ऐप्स के जरिये चीनी नागरिकों ने शातिराना अंदाज में अपने लक्ष्यों की पूर्ति के लिए भारतीयों को परिचालन की जिम्मेदारी सौंप रखी थी। इनके भारतीय संचालक पैसे की जरूरत वाले लोगों को छोटे ऋण लेने को उकसाते थे और अप्रत्याशित रूप से ब्याज की ऊंची दरें वसूलते थे। इतना ही नहीं, कर्जदारों का मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिये ब्लैकमेल किया जाता था। इतना ही नहीं छेड़छाड़ करके बनायी गई तस्वीरों को कर्ज लेने वालों के रिश्तेदारों व परिचितों को भेजने की धमकी दी जाती थी। उन्हें भद्दे संदेश भी भेजे जा रहे थे। इन ऐप्स के संचालन से जुड़े भारतीय लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए। निःसंदेह, भारत आज इंटरनेट के तमाम खिलाड़ियों और उससे जुड़ी नई तकनीक को बाजार में उतारने वाली संस्थाओं के लिए बड़ा बाजार है। वहीं देश में बढ़ता ऑनलाइन लेन-देन साइबर अपराधों और उससे जुड़े सुरक्षा जोखिमों के प्रति संवेदनशील बनाता है। पिछले कुछ वर्षों में भारत की सुरक्षा, गोपनीयता और डेटा से जुड़ी चिंताओं के चलते चीन के ऐप्स संदेह के घेरे में रहे हैं। निःसंदेह, चीन की सीमा पर जारी गतिरोध के बीच भारतीय रणनीतिकारों ने भी इस दिशा में कार्रवाई की जरूरत महसूस की होगी। वर्ष 2020 में विवादित चीनी ऐप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के भारतीय प्रयासों को पश्चिमी देशों ने साहसिक मिसाल के तौर पर देखा है। तब भी युवाओं में बेहद लोकप्रिय चीनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं के फोन से जानकारी एकत्र करने की बात सामने आई थी। आशंका थी कि चीनी अधिकारी इस संवेदनशील डेटा का उपयोग भारत के खिलाफ कर सकते हैं। देश में साइबर हमलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 में साइबर हमलों की संख्या जहां 3.94 लाख थी, वहीं वर्ष 2021 में इनकी संख्या बढ़कर 14.02 लाख हो गई है। इस दिशा में युद्ध स्तर पर उपाय करने की जरूरत महसूस की जा रही है। आम लोगों के साथ आधुनिक तकनीक के नाम पर किये जा रहे छल को गंभीरता से लेना चाहिए। आज भारत में जन सुविधाओं के लिये ऐपों के उपयोग में भारी वृद्धि हुई है। लेकिन साथ ही साइबर ठगी के मामलों में तेजी आई है। आईटी के माहिर शातिर लोग आम आदमी की जरा सी चूक पर उसका खाता खाली कर देते हैं। अकसर शक की सूई चीनी ऐप की ओर मुड़ जाती है। ऐसे में केंद्र सरकार की हालिया पहल इस तकनीकी फर्जीवाड़े पर लगाम लगाने की कोशिश के रूप में देखी जा सकती है। सरकार कई चरणों में पहले भी ऐसी कोशिश कर चुकी है। विडंबना यह है कि सुरक्षा एजेंसियों व नियामक संस्थाओं की व्यवस्था को फुलप्रूफ बनाने की कोशिश में शातिर लोग ठगी के नये रास्ते तलाश लेते हैं। कई बार इन शातिर ऐप संचालकों की चपेट में आये लोग दुरूखी होकर आत्महत्या करने तक को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में कई ऐपों पर प्रतिबंध लगाना सरकार द्वारा लोगों की व्यक्तिगत जानकारी व अन्य डेटा के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है। आज आम लोगों को ऑनलाइन सेवाओं के उपयोग के लिये प्रशिक्षित करने व जागरूक बनाने की पहल होनी चाहिए।

# युवा शक्ति प्लस बुजुर्ग अनुभव इक्वल टू गैरेंटेड सक्सेस



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

**अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में भारत की युवा शक्ति की करें तो, भारत युवाओं का देश हैं, पूरे विश्व में भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। हमारे देश में 35 वर्ष की आयु तक के 65 करोड़ युवा हैं। अर्थात हमारे देश में अथाह श्रमशक्ति उपलब्ध है। आवश्यकता है आज हमारे देश की युवा शक्ति को उचित मार्ग दर्शन देकर उन्हें देश की उन्नति में भागीदार बनाने की, उनमे अच्छे संस्कार, उचित शिक्षा एवं प्रोद्यौगिक विशेषज्ञ बनाने की, उन्हें बुरी आदतों जैसे- नशा, जुआ, हिंसा इत्यादि से बचाने की। क्योंकि चरित्र निर्माण ही देश की, समाज की, उन्नति के लिए परम आवश्यक है। दुश्चरित्र युवा न तो अपना भला कर सकता है, न समाज का और न ही अपने देश का। देश के निर्माण के लिए, देश की उन्नति के लिए, देश को विश्व के विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा करने के लिए युवा वर्ग को ही मेधावी, श्रमशील, देश भक्त और समाज सेवा की भावना से ओत प्रोत होना होगा। साथियों बात अगर हम देश के युवाओं को विलासिता सुख सुविधा के मोह में देश की जमीन छोड़कर प्रवासन की करें तो, आज विश्वभर में अधिकतर युवा विलासिता और सुख-सुविधा को देखते हुए अपनी देश की जमीन को छोड़कर दूसरी जगह जा रहे हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण में दिक्कतें आ रही हैं। युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं और विशेषकर भारत जैसे महान् राष्ट्र की ऊर्जा तो युवाओं में ही निहित है।**

वैश्विक स्तरपर अगर तजुर्बेदार, बड़ों, अनुभवी ताउम्र लोगों और बड़े बुजुर्गों का मान सम्मान, एकजुटता की बात करें तो आदि अनादि काल से यह भारत में रही है क्योंकि भारत की संस्कृति सभ्यता और यहां की मिट्टी में ही ऐसे गुणों की खान है जो जन्म से ही प्राणी के दिलों दिमाग में बस जाती है। परंतु वर्तमान परिपेक्ष में पश्चिमी संस्कृति के सैलाब में इस उचित मार्गदर्शन की भागीदारी का कमजोर होना रेखांकित किया जा सकता है। जबकि आधुनिक नवीनतम नए भारत में युवाओं की संख्या तीव्रता से बढ़ रही है इसलिए इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से युवा शक्ति और हमारे बड़ों, अनुभवी, ताउम्र लोगों, याने अंतर पीढ़ी गत एकजुटता को कायम करने पर चर्चा करेंगे।

सथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में भारत की युवा शक्ति की करें तो, भारत युवाओं का देश हैं, पूरे विश्व में भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। हमारे देश में 35 वर्ष की आयु तक के 65 करोड़ युवा हैं। अर्थात हमारे देश में अथाह श्रमशक्ति उपलब्ध है। आवश्यकता है आज हमारे देश की युवा शक्ति को उचित मार्ग दर्शन देकर उन्हें देश की उन्नति में भागीदार बनाने की, उनमे अच्छे संस्कार, उचित शिक्षा एवं प्रोद्यौगिक विशेषज्ञ बनाने की, उन्हें बुरी आदतों जैसे- नशा, जुआ, हिंसा इत्यादि से बचाने की। क्योंकि चरित्र निर्माण ही देश की, समाज की, उन्नति के लिए परम आवश्यक है। दुश्चरित्र युवा न तो अपना भला कर सकता है, न समाज का और न ही अपने देश का। देश के निर्माण के लिए, देश की उन्नति के लिए, देश को विश्व के विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा करने के लिए युवा वर्ग को ही मेधावी, श्रमशील, देश भक्त और समाज सेवा की भावना से ओत प्रोत होना होगा। साथियों बात अगर हम देश के युवाओं को विलासिता सुख सुविधा के मोह में देश की जमीन छोड़कर प्रवासन की करें तो, आज विश्वभर में अधिकतर युवा विलासिता और सुख-सुविधा को देखते हुए अपनी देश की जमीन को छोड़कर दूसरी जगह जा रहे हैं, जिससे राष्ट्र निर्माण में दिक्कतें आ रही हैं। युवा किसी भी राष्ट्र की शक्ति होते हैं और विशेषकर भारत जैसे महान् राष्ट्र की ऊर्जा तो युवाओं में ही निहित है। ऐसे में अगर युवाओं का भारी संख्या में प्रवासन होता है तो इससे न केवल उस राष्ट्र की अक्षमता प्रदर्शित होती है, जो अपने नौजवानों को पर्याप्त साधन नहीं दे सकता बल्कि इससे देश की विकास का सशक्त आधार भी समाप्त हो जाता है। साथियों इसलिए युवाओं को चाहिए कि अपनी क्षमता का लाभ अपनी मिट्टी में से जुड़कर देश सेवा में हाथ बताएं इसलिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी कहा है, इस महत्वपूर्ण दिन पर, बाधाओं को तोड़ने के लिए पीढ़ियों से हाथ मिलाएं, और सभी लोगों के लिए एक अधिक न्यायसंगत, न्यायपूर्ण और समावेशी दुनिया प्राप्त करने के लिए एक के रूप में काम करें। साथियों बात अगर हम वर्तमान मानव विकास गति की करें तो, वर्तमान सदी में युवा वर्ग मानव सभ्यता के ऐसे मुकाम पर खड़ा है, जब मानव विकास गति का रथ जेट विमान की गति से भाग रहा है। यह तीव्र विकास गति जहाँ अनेकों उपलब्धियां सुविधाएँ और चमत्कार लेकर आ रही है, वहीं युवा वर्ग के लिए तीव्र गति से भागने की क्षमता पा लेने की चुनौती भी। क्योंकि यदि युवा वर्ग इतना क्षमतावान है की वह तेज़ीसे हो रहे परिवर्तन को समझ सके, उसे अपना सके,नयी खोजों नयी तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर अपनी कार्यशैली परिवर्तित कर सके, तो ही वह अपने जीवन को सम्मानजनक एवं सुविधा संपन्न बना सकता है, और विश्व स्तर पर अपने अस्तित्व को बनाये रख सकता है प्रतिस्पर्द्धा की कड़ी चुनौतियों को स्वीकार करना ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। आज के युवा वर्ग को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्द्धा में शामिल होना आवश्यक हो गया है। साथियों बात अगर हम युवाओं द्वारा अपने समय के सदुपयोग के मूल्यों की करें तो, आज के युवा वर्ग को अपने विद्यार्थी जीवन में अध्ययनशील, संयमी, चरित्र निर्माण के लिए आत्मानुशासन लाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के प्रयास करने चाहिए। जिसके लिए समय का सदुपयोग आवश्यक है। विद्यालय को मस्ती की पाठशाला समझ कर समय गंवाने वाले युवा स्वयं अपने साथ अन्याय करते हैं, जिसकी भारी कीमत जीवन भर चुकानी पड़ती है। बिना शिक्षा के कोई भी युवा अपने जीवन को सुचारू रूप से चलाने में अक्षम रहता है। चाहे उसके पास अपने पूर्वजों का बना बनाया, स्थापित कारोबार ही क्यों न हो। या वह किसी राजनयिक या प्रशासनिक अधिकारी की संतान ही क्यों न हो। इसी प्रकार बिना शिक्षा के जीवन में कोई भी कार्य, व्यापार, व्यवसाय उन्नति नहीं कर सकता। यदि कोई युवा अपने विद्यार्थी जीवन के समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है तो मनोरंजन, मस्ती और ऐश के लिए पूरे जीवन में भरपूर अवसर मिलते हैं। वर्तमान समय में युवा विद्यार्थियों को रोजगार परक शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए, अर्थात प्रोद्यौगिकी से सम्बंधित विषयों में विशेषज्ञता प्राप्त करनी चाहिए। जो देश की उन्नति में योगदान देने के साथ-साथ रोजगार की असीम संभावनाएं दिलाती है। साथियों बात अगर हम वैश्विक युवा शक्ति की करें तो, युवा विकास के लिए एक सकारात्मक शक्ति हो सकते हैं जब उन्हें ज्ञान और अवसर प्रदान किए जाते हैं जिनकी उन्हें आवश्यकता होती है। आज, 15 से 24 वर्ष की आयु के 1.2 अरब युवा हैं, जो वैश्विक आबादी का 16 प्रतिशत है। 2030 तक - 2030 एजेंडा बनाने वाले सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए लक्ष्य तिथि - युवाओं की संख्या 7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.3 बिलियन होने का अनुमान है, हमारे ग्रह पर आधे लोग 30 या उससे कम उम्र के हैं, और यह 2030 के अंत तक 57 फ़ीसदी तक पहुंचने की उम्मीद है। सर्वेक्षण से पता चलता है कि 67 फीसदी लोग बेहतर भविष्य में विश्वास करते हैं, जिसमें 15 से 17 वर्ष के बच्चे इस बारे में सबसे अधिक आशावादी हैं। अधिकांश लोग इस बात से सहमत हैं कि राजनीति में उम्र का संतुलन गलत है। सभी आयु समूहों के दो तिहाई (69 फ़ीसदी) से अधिक लोग इस बात से सहमत हैं कि नीति विकास/परिवर्तन में युवा लोगों के लिए अधिक अवसर राजनीतिक व्यवस्था को बेहतर बनाएंगे। विश्व स्तर पर, केवल 2.6 फ़ीसदी सांसद 30 वर्ष से कम उम्र के हैं, और इनमें से 1 फीसदी से भी कम युवा सांसद महिलाएं हैं। साथियों बात अगर हम युवाओं को इस हेतु प्रोत्साहन की करें तो इस संदेश को बढ़ाना है कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए सभी पीढ़ियों के लिए कार्रवाई की आवश्यकता है और किसी को पीछे नहीं छोड़ना है। यह अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता, विशेष रूप से आयुवाद, जो युवा और वृद्ध व्यक्तियों को प्रभावित करता है, के लिए कुछ बाधाओं पर जागरूकता बढ़ाएगा, जबकि समग्र रूप से समाज पर हानिकारक प्रभाव पड़ेगा। देश के युवाओं की आवाज, कार्यों और उनके द्वारा किए गये आविष्कार को देश-दुनिया तक पहुंचाना है। युवाओं की समस्या को अन्तर्राष्ट्रीय संगठन जैसे संयुक्त राष्ट्र, मानवाधिकार तक पहुंचाना है। कोरोना के बाद पहली बार अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्राम आयोजित हुए है, विभिन्न मुद्दे पर चर्चा हुई और राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक मुद्दे में अपनी चर्चा की। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ पीढ़ियां हाथ मिलाए एक नया इतिहास रचें। आओ युवा शक्ति और उचित मार्गदर्शन (बुजुर्गों) की भागीदारी बढ़ाएं विकास के मार्ग में बाधाओं को तोड़ने युवा शक्ति और उचित मार्गदर्शन की भागीदारी से भारत को फिर सोने की चिड़िया का दर्जा हासिल हो सकता है।




**संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार, गोंदिया महाराष्ट्र।**

## विचार

# भूकंप की त्रासदी

*आदित्य नारायण*

जब भी प्रकृति अपना क्रोध दिखाती है तो कहर ढहाए बिना नहीं रहती। चांद और कई अन्य ग्रहों को छू लेने वाला विज्ञान भी प्राकृतिक आपदाओं के सामने विवश है। पिछले कुछ वर्षों में कुदरत के अक्रोश के जो खतरनाक मंजर देखने को मिले हैं उन्हें देखकर ऐसा लगता है कि प्रकृति मानव के व्यवहार को लेकर काफी नाराज है और वह भूकंप, सुनामी, बाढ़, तूफान आदि के रूप में मानव को अपनी चपेट में ले रही है। उसके सामने हर कोई असहाय दिखाई दे रहा है। तुर्किये, सीरिया, लेबनान और इजरायल चार देशों में आए भूकंप ने पलभर में हजारों लोगों को मौत के आगोश में पहुंचा दिया। पलभर में गगनचुंबी अटालिकाएं, शॉपिंग मॉल, बाजार, घर तबाह हो गए। भोर होने से पहले सो रहे लोगों को पता ही नहीं चला कि आपदा उन पर कहर बरपा चुकी है। अब रह गई उन लोगों की चीत्कार जो या तो घायल हैं या फिर सौभाग्य से भूकंप की चपेट में आने से बच गए। शहर तबाह हो गए। चारों तरफ लाशों का अंबार लगा है। खौफनाक मंजर को देखकर ऐसा लगता है कि मनुष्य में प्राकृतिक आपदाओं से संघर्ष करने का सामर्थ्य नहीं बचा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तो आशंका व्यक्त की है कि मृतकों की संख्या 32000 से भी ज्यादा हो सकती है। वर्ष 1939 में तुर्किये में भूकंप आया था लगभग 33 हजार लोग मारे गए थे। वर्ष 1999 में भी तुर्किये में आए भूकंप में 17 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। भूकंप प्रभावित देशों के लोग भूकंप की त्रासदियों को याद कर आंसू बहा रहे हैं। सीरिया के कई शहरों में ऐसे ही दृश्य देखने को मिल रहे हैं। भूकंप की तीव्रता को नापने के लिए विज्ञान ने भले ही यंत्र बना लिए हों। इंसान ने भीषण गर्मी और सर्दी से बचने के लिए भले ही विज्ञान के माध्यम से उपकरण बना लिए हों, लेकिन मानव आज तक प्रकृति के रहस्यों



को जान ही नहीं पाया। धरती हिलने या भूकंप के बारे में किंवदंतियां सुनने को मिलती हैं। धार्मिक व्याख्याओं के चलते कभी यह माना जाता है कि धरती सात मुंह वाले नाग के सिर पर टिकी है। जब नाग सिर बदलता है तो धरती हिलती है। कभी यह कहा जाता है कि धरती धर्म की प्रतीक गाय के सींग पर टिकी है, जब गाय सींग बदलती है तो धरती हिलती है। धर्माचार्यों का मानना है कि धरती पर पाप बहुत बढ़ जाता है तो धरती कहर ढाती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी की गहराई में बहुत आग है। तथ्य कोई भी हो ऐसे दैवीय प्रकोप से बचने का कोई साधन नहीं है। भूकंप कहां और कब आएगा वैज्ञानिक इस का आज तक सटीक उत्तर नहीं दे पाये। आज भी भूकंप त्रासदी को देखकर लोग कह रहे हैं कि जनसंख्या के संतुलन को बनाए रखने के लिए प्राकृति अपना रौद्र रूप दिखा रही है। संकट की घड़ी में पूरी दुनिया का दायित्व है कि वह मानव की रक्षा के लिए मदद के लिए आगे आये। पूरी दुनिया के अमीर देश संकट की घड़ी में भूकंप प्रभावित तुर्किये और सीरिया के साथ खड़े हैं। भारत ने तुरंत तुर्किये को मदद की पेशकश करते हुए हर संभव मदद का ऐलान किया है। भारत ने तुर्किये को भूकंप राहत सामग्री की पहली खेप भेज दी है जिसमें मेडिकल उपकरण, दवाइयां और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें शामिल हैं। भारत हमेशा दुनिया के हर मंच पर वसुधैव कुटुम्बकम की बात करता है। भले ही तुर्किये अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा हो या फिर कोई और मुद्दा हमेशा भारत के खिलाफ बोलता आया है। वह अपने मित्र पाकिस्तान के समर्थन में खड़ा दिखाई देता है लेकिन भारत ने मदद कर अपनी नीति साफ कर दी है। अमेरिका, रूस, जर्मनी आदि देशों ने भी तुर्किये में मदद भेजने की बात कही है। यूरोपीय यूनियन, नीदरलैंड और रोमानिया की टीमें मदद के लिए तुर्किये और सीरिया पहुंच चुकी हैं। तुर्किये को आपदा की इस मुश्किल घड़ी में अपने पुराने दुश्मन देशों का साथ भी मिल रहा है। तुर्किये और ग्रीस के बीच सीमा को लेकर सालों से विवाद चलता आ रहा है। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक विवाद भी चलता आ रहा है। इसके बावजूद ग्रीस ने तुर्किये की मदद की पेशकश की है। भारत तो इससे पहले भी कई मौकों पर प्राकृतिक आपदा प्रभावित देशों की मदद करता आया है। नेपाल का भूकंप हो या हैती का भूकंप भारत ने दोनों देशों की हर तरह से मदद की है। तुर्किये के राष्ट्रपति ने मदद के लिए भारत का आभार भी जताया है। मानवता के नाते ऐसी आपदाओं में दुनिया एकजुट होकर आपदा प्रभावित लोगों का धैर्य बंधाती है। इस तरह का धैर्य पाकर टूटा हुआ साहस पुनर्जीवित हो उठता है। दुख की घड़ी में ढांढस बंधाना मानवीय चरित्र भी है। आज लोग महसूस कर रहे हैं कि सीरिया में कितना पाप हुआ है या तुर्किये का रवैया क्या है? ऐसी प्राकृतिक आपदाएं संदेश देती हैं कि जब तक जीयो प्रेम से जीयो, मानवता की सीमा में रहो, निर्दोषों के खून बहाने से कुछ हासिल नहीं होगा। प्रकृति कह रही है कि मैं कब कहर बरपा दूं कुछ कहा नहीं जा सकता। प्रकृति का दोहन मत करो। प्रकृति के साथ जीना सीख कर धरती का पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखो।


साहित्य

## झरोखा

### कल फूल के महकने की आवाज जब सुनी...

**आदिल मंसूरी**

कल फूल के महकने की
आवाज़ जब सुनी
पर्वत का सीना चीर के
नदी उछल पड़ी
मुझ को अकेला छोड़ के तू
तो चली गई
महसूस हो रही है मुझे अब
मेरी कमी
कुर्सी, पलंग, मेज़, क़लम
और चांदनी
तेरे बग़ैर रात हर एक शय
उदास थी
सूरज के इन्तेक़ाम की



ख़ूनी तरंग में
यह सुबह जाने कितने
सितारों को खा गई
आती हैं उसको देखने
मौजें कुशां कुशां
साहिल पे बाल खोले
नहाती है चांदनी
दरया की तह में शीश
नगर है बसा हुआ
रहती है इसमे एक धनक-
रंग जल परी



# राशिफल

**मेष**:- आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**वृषभ**:- मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अर्निणय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुन**:- **लक्ष्मीजी** की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्क**:- कोई भी महत्तवपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंह**:- आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्या**:- आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुला**:- व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिक**:- आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनु**:- आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**मकर**:- व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभ**:- आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीन**:- आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। स्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

# विवादित बयान से संविधान का अपमान



*डॉ. अजय कुमार मिश्रा*

देश में चल रहें अलग-अलग बयानों से कई विवाद अब सामने है। समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य का रामचरित मानस पर दिया गया बयान जहाँ जबरजस्त विवादों में है और उन पर F.I.R. भी दर्ज किया गया है, वही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का जातिगत व्यवस्था के लिए ब्राम्हणों को जिम्मेदार बताना, अब विवादों के घेरे में आ गया है। एक तरफ जहाँ समर्थक सफाई दे रहे हैं, वहीं विपक्ष के साथ-साथ कई संगठन और लोग दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दे रहें है। ऐसे में आम जन मानस के मन में इन बयानों को लेकर कई प्रश्नों का आना स्वाभाविक है। एक तरफ जहाँ आम आदमी के कई जमीनी मुद्दे है जो चीख-चीख कर इन राजनैतिक ज्ञानियों से आग्रह कर रहें है की उनपर बयान दे, वही दूसरी तरफ आम लोगों को आपस में बाटने वाले राजनीतिक बयान अब सुर्खियाँ बटोरने लगे है। जिन्हें हम समाज का नेतृत्वकर्ता मानतें है यदि उनकी सोच में दशकों पश्चात परिवर्तन नहीं हुआ तो फिर करोड़ों आम नागरिकों की सोच में परिवर्तन की उम्मीद कैसे की जा सकती है? राष्ट्रहित की आड़ में कई ऐसे बड़े लोग है जो राजनीतिक चासनी में हमेशा डूबे रहना चाह रहें है। जिनका सरल और लागत रहित तरीका विवादस्पद बयान है। क्योंकि इन बयानों से उन्हें वोट बैंक बनता दिखाई देता है। इसीलिए जिन्हें हम सामाजिक आदर्श के रूप में देखतें है वो भी विवादस्पद बयान बाजी करने से चुकते नहीं है। आखिर सत्ता रहेगी तो सहूलियत भी रहेगी अन्यथा न दरबार लगेगा और न ही सहूलियत प्राप्त होगी। चलिए एक बार मोहन भागवत के बयान को पढ़ते है - हमारी समाज के प्रति भी जिम्मेदारी है। जब हर काम समाज के लिए है तो कोई ऊंचा, कोई नीचा या कोई अलग कैसे हो गया? भगवान ने हमेशा बोला है कि मेरे लिए सभी एक है उनमें कोई जाति या वर्ण नहीं है, लेकिन पंडितों ने श्रेणी बनाई, वो गलत था। इस बयान का आप बारीकी से मूल्यांकन करेगे तो आपको राजनैतिक आकांक्षा के साथ-साथ विशेष बड़े तबकों में पैठ बनाने की होड़ जरुर दिखेगी। जहाँ बयान देने वाले स्थान बनाने के लिए दशकों से बेचैन है। इसका जीवंत उदहारण आप स्वयं आकलन कर सकतें है। कई राज्यों में सत्ता में आने के पश्चात् सत्ता से बाहर होने का खुला दर्द साफ़ दिखाई देता है। ह्रदय और कर्ण को प्रिय लगने वाले बयान इतने नकारात्मक रूप से इतने प्रभावशाली होतें है की लोग सरकार और सत्ता से जरुरी प्रश्न करना भी भूल जातें है। एक सीधा सा प्रश्न है। देश संविधान से चल रहा है कई ब्राम्हण चला रहें है ? देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी मिले 75 वर्षो से अधिक का समय हो गया फिर भी हम कभी रामचरित मानस, कभी मदिर-मस्जिद, कभी हिन्दू-मुस्लिम और कभी ब्राम्हण, छत्रिय, शुद्र में उलझे हुए है। यदि देश संविधान से चलता है फिर इस तरह के बयानों का औचित्य क्या है ? विचार करिए तो इसके पीछे सिर्फ राजनैतिक लालसा और एक तबके में पैठ बनाने की मजबूत इच्छा शक्ति ही दिखेगी। देश का संविधान - नागरिकों को जाति, रंग, नस्ल, लिंग, धर्म या भाषा के आधार पर कोई भेदभाव किए बिना सभी को बराबरी का दर्जा और अवसर देता है। क्या यह किसी भी देश के लिए पर्याप्त नहीं है? यदि 75 वर्षो से अधिक समय व्यतीत हो जाने के पश्चात आज हम इस बात पर बयान दे रहें है की जाति व्यवस्था ब्राम्हणों की देन है तो क्या देश के संविधान का अपमान नहीं है? क्या इन बयानों से संविधान का सर्वोपरि होने पर प्रश्न खड़ा नहीं होता? अब राष्ट्रहित और देश की बात करने वाले लोग इतने शांत क्यों है? ह्देश का संविधान सर्वोपरि है देश के सभी नागरिकों को समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक तथा शिक्षा सम्बंधित अधिकार, संवैधानिक उपचारों का अधिकार बिना किसी भेद - भाव के देता है। पर दुःखद यह है की सबसे अधिक राजनैतिक प्रहार इन्ही अधिकारों पर वर्षो से लगातार जारी है। ऐसे में यदि किस एक जाति समुदाय को सामाजिक विघटन के लिए जिम्मेदार बनाया जाए तो प्रश्न उस जाति या समुदाय पर नहीं बल्कि देश को चलाने के लिए सर्वोपरि देश के संविधान पर भी बड़ा प्रश्न चिन्ह है। कोई भी एक समुदाय और जाति सामाजिक परिवर्तन कभी नहीं कर सकता, जबकि कुल आबादी का बड़ा हिस्सा किसी परिवर्तन के लिए एक साथ सामने न आये। देश में अब तक संविधान में ही कई बड़े संशोधन सिर्फ इस लिए हो सकें की जनता बिना किसी भेद-भाव के बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरी जिसका उद्देश्य स्पष्ट और सामाजिक हित में रहा है।देश में ब्राम्हणों की आबादी महज 4 प्रतिशत ही है जबकि अन्य की संख्या 96 प्रतिशत है। कई मुद्दों पर ब्राम्हणों और धार्मिक ग्रंथो को लगातार न केवल विवाद में खीचा जाता है बल्कि द्वेष भी रखा जाता है। पर जमीनी रूप से आज़ादी के पश्चात आज भी जातिगत व्यवस्था का मकड़ जाल फैला हुआ है तो उसके पीछे सिर्फ और सिर्फ राजनैतिक कारण है। कोई एक दो नहीं सभी राजनैतिक पार्टिया जातिगत राजनीति के इर्द-गिर्द अपना भविष्य बनाने में लगी है। समय-समय पर सामने आने वाले बयान और जातिगत कार्य सार्वजानिक रूप से करके राजनैतिक पार्टी देश या आम आदमी के विकास के बजाय अपना स्वयं का हित साध रही है। बिगत के कुछ वर्षो में जमीनी आवश्यकता के अनुरूप सरकारों द्वारा कार्य करने के बजाय वोट बैंक को केंद्र में रखकर ही कार्य किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पूर्ण रूप से सरकार ने निजी क्षेत्रों के हाथ में सौप दिया है। यदि आपके पास पैसा है तो निजी क्षेत्र से आप शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार आसानी से मन चाहा प्राप्त कर सकते है पर दुर्भाग्य यह है की आम आदमी के इस देश में हमें सिर्फ ख्वाब दिखाकर राजनैतिक पार्टिया अपना उल्लू सीधा करती है। समय-समय पर इस तरह के राजनैतिक बयान आग में घी डालने का काम भी कर रहें है। अब समय आ गया है की समाज को बांटने वालें बयानों को देने वाले लोगों से आम जनता अपनी जमीनी मुद्दों को लेकर सीधा प्रश्न करें और उनकी जबाबदेही तय करें। इस तरह के बयानों को संविधान के अपमान की श्रेणी में लाया जाए, अन्यथा की स्थिति में घर में बैठ कर, मोबाइल और कंप्यूटर के जरिये हम किसी के बयान का समर्थन और निंदा तो कर सकतें है पर जनता के जमीनी मुद्दों का समाधान कभी प्राप्त नहीं कर सकतें। कौन सी जाति, कौन सा धर्म, सामाजिक विघटन या अंतर के लिए, कितना अधिक जिम्मेदार है, उससे कही अधिक जरुरी यह है की संविधान के निति और नियमों का 75 वर्षो पश्चात् भी सफल और प्रभावशाली क्रियान्यवन क्यों नहीं किया गया? इस बात पर बड़ी बहस होनी चाहिए और राजनैतिक लाभ के लिए चल रहे चक्रव्यूह की इस संरचना रचने वाले सभी राजनैतिक पार्टियों को न केवल जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए बल्कि इसे तोड़ कर एकता का परिचय भी देना चाहिये। सभी जाति और समुदाय देश की धुरी है जिनके आपस में जुड़े रहने पर देश का विकास और टूटने पर उनके साथ-साथ देश का भी विनाश होना तय है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com


# चोरों ने नकदी समेत लाखों का माल किया पार

- पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने की जांच पड़ताल, चोरी की घटना से क्षेत्र में हड़कम्प

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**छिबरामऊ** कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए सदर दरवाजे पर लगे ताले को कटर से काट दिया और नकदी समेत लाखों का सामान चोरी कर फरार हो गए। चोरी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।





मकान का कटा ताला दिखाता गृहस्वामी व बिखरा पड़ा सामान — समृद्धि न्यूज

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला धमे का ताल निवासी अधिवक्ता अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए शादी वाले घर में परिवार सहित गए थे। इस बीच चोरों ने मकान का ताला तोड़कर नकदी और जेवर समेत लाखों का माल पार कर दिया। पीड़ित ने घटना की सूचना सूचना थाने में दी है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी की। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के धमे ताल निवासी एडवोकेट चंद्रशेखर कश्यप अपने भतीजे की शादी में व्यस्त थे। परिवार में शादी होने के कारण घर के सारे सदस्य पास में ही बने दूसरे मकान में गए हुए थे। वहीं घर सुना पड़ा हुआ था। रात में चोरों ने सुने पड़े घर में ताला काटकर लाखों के जेवरात व नकदी पार की। जिसके बाद सुबह परिवारजनों ने ताला कटा देखा परिवार जनों के होश उड़ गए। जिसके बाद अंदर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। वहीं नकदी और जेवरात गायब थे। जिसकी सूचना परिजनों ने तत्काल कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस अब जांच पड़ताल में जुटी है। घटना से पीड़ित एडवोकेट चंद्रशेखर ने बताया कि घर में रखे सरकारी कागजात डेढ़ लाख रुपए की नकदी और सारे जेवरात गायब थे। वहीं लाखों की चोरी होने से क्षेत्र में एक बार फिर हड़कंप मचा हुआ है। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। अभी तक पुलिस किसी भी चोरी की घटना का खुलासा नहीं कर पा रही। फिर एक बार क्षेत्र में चोरी होने से पुलिस पर सवालिया निशान खड़ा हो गया है। क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरी की घटनाएं पुलिस प्रशासन के लिए सर दर्द बन गई हैं। क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे ने कहा कि मौके पर पुलिस को भेजा गया है। जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी के आधार पर छानबीन की जा रही। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नगर आगमन पर कैबिनेट मंत्री का हुआ स्वागत

- भाजयुमो नगर अध्यक्ष ने भेंट किया स्मृति चिन्ह

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

**कार्यकर्ता** एवं पदाधिकारी निकाय चुनाव की सफलता के लिए जी जान से जुट कर पार्टी की नीतियों व उपलब्धियों से आम जनमानस को अवगत कराकर जागरुक करने का कार्य करें। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों को मजबूत करने का कार्य करें।



कैविनेट मंत्री को स्मृति चिंह भेंट करते भाजयुमो नगर अध्यक्ष

यह निर्देश बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रजनी तिवारी कार्यकर्ताओं को दिए। इससे पूर्व नगर आगमन पर जीटी रोड स्थित प्राचीन राम मंदिर के सामने भाजयुमो नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता ने राम मंदिर द्वार का चित्र भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह सागर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# तीन माह से वेतन ना मिलने पर सफाईकर्मियों ने दिया धरना

- दो दिनों में वेतन मिलने के आश्वासन पर माने कर्मी

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

**नगर** पालिका परिषद सफाई कर्मियों ने तीन माह से वेतन न मिलने के कारण हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया और आर्यन ग्रुप व नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मांग पूरी न होने तक हड़ताल की चेतावनी दी।

बुधवार की दोपहर आउट सोर्सिंग सफाई कर्मियों ने नगर पालिका पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। सफाई कर्मियों का कहना है कि नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मांगों को रखा गया था। जबकि तीन माह से मानदेय भी नहीं दिया गया। अधिशासी अधिकारी ने सात फरवरी तक मानदेय मिलने का आश्वासन दिया था। लेकिन सात फरवरी तक खातों में पीएफ सहित मानदेय का पैसा नहीं आया। इसलिए पालिका परिसर में धरने पर बैठे हैं। साथ ही सफाई कर्मियों का कहना है कि मानदेय से पीएफ का पैसा काटा तो जाता है। लेकिन हमारे खाते में नहीं भेजा गया। जब तक हमारी मांगे मंजूर नहीं की जाएंगी। तब तक धरना जारी रहेगा। आर्यन ग्रुप के कर्मी शिव शंकर तिवारी ने आकर सभी सफाई कर्मियों को समझाया और कहा कि अगले 2 दिनों में आपका मानदेय आपके खातों में आ जायेगा और महीने के अंत तक आपकी सभी मांगे पूरी कर दी जाएगी। जिसके बाद कर्मी मान गए और काम पर लौट गए। इस मौके पर अशोक बाल्मिकी, राजा बाल्मिकी, शिवा, राहुल, सुमन, रेखा, रजनी, सोनी, राजवती, लाली आदि सफाई कर्मी मौजूद रहे।



नगर पालिका में प्रदर्शन करते सफाई कर्मी

# नगर की सफाई व्यवस्था धड़ाम सड़कों पर बह रहा गंदा पानी शहरियों में नाराजगी

- सफाई कर्मियों की भारी भरकम फौज के बाबजूद नाले नालियां चोक

**सौरिख,समृद्धि न्यूज**

**नगर** पंचायत में सफाई कर्मचारियों की भारी भरकम फौज के बाद भी नगर की सफाई व्यवस्था बदहाल है नाले नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।नगर पंचायत कर्मचारियों की लापरवाही से शहरियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

नगर पंचायत में 7 स्थाई कर्मचारियों और ठेके पर तैनात 46 सफाई कर्मचारियों सहित कुल 53 सफाई कर्मियों की भारी भरकम फौज नगर की बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए तैनात है।भारी भरकम फौज के बाद भी नगर की सफाई व्यवस्था बदहाल चल रही है और नगर के नाले नालियां कूड़े से सराबोर हैं और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है नाली चोक होने से कुम्हार मंडी तिराहे पर गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। अधिशासी अधिकारी की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने की चेतावनी के बाद भी ठेका कर्मचारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं और बगैर काम के वेतन ले रहे हैं।इस बारे में अधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार गौतम का कहना है कि नगर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है जल्द ही नाले नालियों की सफाई व्यवस्था ठीक करा दी जाएगी जिससे पानी सड़कों पर न बहे।

# खबरें चलते-चलते

## शादी से इंकार करने पर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज ।** वधू पक्ष के लोगों द्वारा शगुन के रूप में रुपये लेने के बाद शादी से इंकार कर दिया। जिससे आहत होकर युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के मामले में पुलिस द्वारा कार्यवाही ना होने पर पीड़ित पिता ने न्यायालय में गुहार लगाई है। नगर के मोहल्ला जीटी रोड निवासी विनय कुमार पुत्र बुद्ध सेन गुप्ता द्वारा न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि पड़ोसी थाना छिबरामऊ के मोहल्ला बनबारी नगर निवासी अनूप गुप्ता, दीपाली गुप्ता, राज, निशा आदि ने उसे शादी का झांसा देकर शगुन के नाम पर रुपए ले लिए। जिससे आहत होकर उसके पुत्र केशव उर्फ शेखर ने विगत 28 जुलाई 2022 को फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## दंपत्ति को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज ।** किसी बात को लेकर दंपत्ति के साथ गांव के ही तीन लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला गौरी नवादा निवासी आयशा बेगम पत्नी इखलाक द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि मंगलवार की शाम वह अपने पति के साथ घर के बाहर बैठी थी। तभी मोहल्ले के ही जैनुद्दीन, साहेब, शाहीन आए और रंजिश के चलते उसे व उसके पति के साथ गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज ।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही 4 लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम बिराहिमपुर निवासी अजेद्र सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 6 फरवरी की शाम वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के ही आदेश, समोद, दीपू, बबलू आए और रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## लेनदेन के विवाद में युवक को पीटा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज ।** लेनदेन के विवाद को लेकर युवक के साथ गांव के ही 2 लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम डुंड़वाबुजुर्ग निवासी रिजवान पुत्र अब्दुल कबीर द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बुधवार की दोपहर वह अपने घर के बाहर बैठा था। तभी गांव के ही जहीरूद्दीन, मोहम्मद रजा आए और लेनदेन के विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## जिले की प्रभारी मंत्री आज प्रेस से होगी मुखातिब

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग एवं जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी 09 फरवरी गुरुवार को प्रातः 10 बजे सर्किट हाउस में हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर एक प्रेस वार्ता करेगी तथा 11 बजे राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा स्थित हाल में बजट संगोष्ठी में प्रतिभाग कर प्रबुद्धजनों को बजट पर अपनाउद्बोधन देगी। उक्त जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी शरद मिश्रा ने दी है।

# रोडवेज किराए में की गई वृद्धि को तत्काल वापस ले सरकार: नवाब सिंह

**कन्नौज।** प्रदेश सरकार द्वारा रोडवेज बसों के किराए में वृद्धि किए जाने के विरोध में बुधवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई कन्नौज बस डिपो के गेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सपाईयों ने रोडवेज किराए में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लिए जाने की मांग की। सपाईयों ने प्रदेश सरकार को गरीबो का विरोधी बताया। धरने पर बैठे वरिश्ठ सपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिस तरह बसो के किराये में बेहताशा बृद्धि करके आम जनता के बस के सफर को खत्म करने का जो काम किया है, उससे यही प्रतीत होता है कि सरकार और प्राइवेट वाहनो के बीच कोई साझेदारी चल रही है। जब सरकारी बसो का किराया अधिक होगा तो आम जनता प्राइवेट वाहनो में चलने के लिए मजबूर हो जाएगी, जो भाजपा के लोगो के संरक्षण में फल फूल रहे है, लेकिन सत्ता मद में चूर बैठे लोग ये जान ले हम समाजवादी लोग जनता के हक की लड़ाई लड़ने के हर तरह के संघर्ष करने को तैयार है। उन्होने कहा कि हमारी मांग है कि बड़े बस किराए को तुरन्त वापस लिया जाए नही तो हम समाजवादी लोग जनता के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जाएंगे। प्रदर्शन के दौरान अमित मिश्रा, सत्येंद्र यादव, मंसूर, दीपक यादव, धर्मवीर पाल, प्रमोद यादव, सुरेन्द, शशिकांत प्रधान, वीरपाल सभासद, आफाक खां, सुरजीत यादव, अतुल मौर्य, मनीष कुशवाहा, कुट्टू पांडेय, अमित पाल, उपेन्द्र कुशवाहा, उदयवीर, आसिफ सिद्दकी, मुददस्सर, विनोद यादव, सचिन राठौर, कल्लू शर्मा, सौरभ शर्मा, रंजीत दिवाकर, अमन यादव, इंतजार अहमद, भूरा यादव समेत भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बच्चे को खसरा रुबैला से बचाव को लगेंगे टीके

- जिले में 13 फरवरी से 24 फरवरी तक चलेगा विशेष नियमित टीकाकरण अभियान का दूसरा चरण

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**जिले** में टीकाकरण का ग्राफबढ़ाने के लिए विविध प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में खसरा व रूबेला (एमआर) से बचाव के लिए विशेष टीकाकरण पखवाड़ा का दूसरा चरण 13 फरवरी से 24 फरवरी तक चलेगा और अंतिम चरण 13 मार्च से 24 मार्च तक चलेगास चरण 9 जनवरी से 20 जनवरी तक चल चुका है।

सीएमओ डॉ विनोद कुमार ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि अपने बच्चे को टीका अवश्य लगवाएं। यह हमारे बच्चों के लिए बहुत जरूरी है और बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ गीतम सिंह ने बताया कि मीजल्स रूबेला रोग संक्रामक वायरस के कारण होने वाला एक संक्रमण रोग है। इसे जर्मन खसरा भी कहा जाता है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में बड़ी आसानी से फैल सकता है। खसरा होने पर इसमें पूरे शरीर पर लाल चकत्ते उभर आते हैं। खसरा होने पर यह लाल दाने शुरू में सिर पर होते हैं और फिर धीरे-धीरे पूरे शरीर पर फैल जाते हैं दानों में खुजली और जलन होती है व बच्चे को तेज बुखार आता है। डीआईओ ने बताया कि खसरा से बचने के लिए टीकाकरण करवाने पर बच्चे को संक्रामक बीमारी का खतरा बहुत कम हो जाता है और बच्चा खसरे से असहज दाने, तेज बुखार और बीमारी व संक्रमण से सुरक्षित हो जाता है। इसीलिए इस बीमारी से बचने के लिए बच्चों का टीकाकरण अवश्य करवाएं। टीकाकरण ही बचाव है। डीआईओ ने बताया कि जिले के सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 5 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों का तय प्रारूप पर हेड काउंट सर्वेक्षण आशा द्वारा किया गया है। इसको ई- कवच पोर्टल पर अपडेट किया जा रहा है। खसरा से बचाव के लिए मीजल्स रूबेला (एमआर) विशेष टीकाकरण अभियान के तहत माइक्रो प्लान तैयार कर विशेष सत्रों में टीकाकरण किया जाएगा। हाई रिस्क एरिया, मलिन बस्तियों और नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों को भी माइक्रो प्लान में शामिल कर लक्षित लाभार्थियों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। डीआईओ ने बताया कि जनपद में 13 फरवरी से शुरू होने वाले विशेष टीकाकरण पखवाड़े के तहत चलने वाले दूसरे चरण में मीजल्स-रूबेला टीकाकरण को शत प्रतिशत पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। जिला वैक्सीन कोल्ड चैन प्रबंधक इरशाद बेग ने बताया कि पिछले माह 9 जनवरी से चले अभियान के दौरान बच्चों को टीबी से बचाने के लिए बीसीजी के ,8863 ओपीवी के 14477, डीपीटी के 6656, डिप्थीरिया (गलघोंटू), काली खांसी, टेटनेस, हेपेटाइटिस-बी और हिब जैसी पांच जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए 8352 बच्चों को पेंटावैलेंट के टीके, इंजेक्टेबल पोलियो के 7530, रोटा वायरस से बचाव के लिए 8351, निमोनिया से बचाने के लिए 3125 टीके लगाए गए, वहीं खसरा व रूबेला रोग से बचाव के लिए 4035 बच्चों को एमआर का टीका दिया गया। 7322 गर्भवती महिलाओं को टिंटनेस से बचाव के लिए टीके लगाए गए। आने वाले 13 फरवरी से 24 फरवरी तक चलने वाले अभियान के लिए वैक्सीन पर्याप्त मात्रा मे समस्त वैक्सीन स्टोर मे रखी हुई है। मानक के अनुसार रख रखाव व इविन पोर्टल के माध्यम से टेम्परेचर लागर डिवाइस के जरिये निर्धारित तापमान की मानिटरिंग आन लाइन हो रही है जिससे वैक्सीन की गुणवत्ता में कमी न हो।

# परफ्यूम पार्क का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर उद्यमियों को समर्पित करें: प्रभारी मंत्री

- जिले के भ्रमण पर आई राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग एवं जिले की प्रभारी मन्त्री रजनी तिवारी ने कहा- इत्र और इतिहास की नगरी में उद्योग की अपार संभावनायें
- हर ग्राम पंचायत में एक-एक गौशाला का निर्माण कराकर गौवंश को संरक्षित करना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**





**जिले** के भ्रमण पर आई राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग एवं जिले की प्रभारी मन्त्री रजनी तिवारी ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में विकास कार्या की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इत्र और इतिहास की नगरी में उद्योग की अपार संभावनायें है। उद्योग को बढ़ावा दिये जाने हेतु उद्यमियों की हर संभव मदद की जाये। उद्यमियों का उत्पीड़न किसी भी दशा में छम्य नही होगा। परफ्यूम पार्क का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर उद्यमियों को समर्पित करें। कैम्प लगाकर छूटे हुये निराश्रित महिला, दिव्यांग, वृद्धा पेंशनरों को चिन्हित कर लाभान्वित किया जाये। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक बालिकाओं को आच्छादित करायें। हर ग्राम पंचायत में एक-एक गौशाला का निर्माण कराकर गौवंश को संरक्षित करना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। ग्राम प्रधान, उद्यमी, सामजिक कार्यकर्ता आदि निराश्रित गौवंशों के भरण पोषण हेतु बढ़-चढ़ सहभागिता करें। विद्युत की निर्वाध आपूर्ति हेतु समय से पहले क्षमता में वृद्धि की जाये। मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले चिकित्सकों को दण्डित किया जायेगा। निर्माणाधीन योजनाओं को ससमय पूर्ण कर हस्तगत करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होनें कहा कि जनपद में उद्योग की अपार संभावनायें है उद्यमियों की उद्योग के संचालन हेतु सरकार द्वारा हर संभव मदद की जा रही है। कहा कि उद्यमियों का उत्पीड़न किसी भी प्रकार से बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होनें परफ्यूम पार्क के संबंध में जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि निर्माणाधीन कार्य शीघ्र पूर्ण कर उद्यमियों को समर्पित की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होनें निराश्रित महिला, दिव्यांग, वृद्धावस्था, आदि पेंशनरों के संबंध में जानकारी करते हुये कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर कैम्प लगाकर छूटे हुये पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाया जाये। मंत्री जी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि सरकार की शीर्ष प्राथमिकता की यह योजना है इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुये प्रत्येक पात्र बालिकाओं को इस योजना से लाभान्वित किया जाये। बताया गया कि इस योजना से जनपद में अभी तक 10257 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। उन्होनें कहा कि सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखकर प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर निराश्रित गौवंश आश्रय स्थल का निर्माण कराने के निर्देश दिये है, इसके साथ ही अभियान चलाकर निराश्रित गौवंशों संरक्षित किया जाये तथा ग्राम प्रधान एंव उद्यमी व सामाजिक कार्यकर्ता निराश्रित गौवंशां के भरण-पोषण हेतु अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे। रजनी तिवारी ने अधिशासी अभिंयता विद्युत से भार के संबंध में जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि समय से पूर्व विद्युत भार में वृद्धि की जाये तथा विद्युत की निर्वाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। बताया गया कि जनपद के विद्युत उपकेन्द्र जसोदा, पट्टी कडेरा, जसपुरापुर, छिबरामऊ द्वितीय, सरायप्रयाग केन्द्रों पर आवश्यकता के अनुसार भार में वृद्वि की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही कसाबा, उमर्दा, हरेईपुर में नये उपकेन्द्र बनाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी मंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक चिकित्सक, नर्स, फार्मासिस्ट, वार्ड वाय आदि मरीजों के साथ मधुर व्यवहार करते हुये उचित इलाज करे। मरीजों के साथ की गई लापरवाही छम्य नही होगी। जनपद में निर्माणाधीन योजनाओं के संबंध में निर्देश दिये कि निर्धारित समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण जनता को समर्पित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करे। कहा कि गड्ढायुक्त सड़कों को चिन्हित कर गड्ढामुक्त किया जाये। प्रत्येक पात्र लाभार्थियों को आवास योजना का लाभ मिलना चाहिए। उन्होनें आपरेशन कायाकल्प योजना की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि 19 पैरामीटर के अन्तर्गत कार्यवाही पूर्ण की जाये। बताया गया कि 19 पैरामीटर के अन्तर्गत जनपद में 1459 विद्यालयों के सापेक्ष 1231 विद्यालयों का संतृप्तिकरण कर दिया गया है। यह भी बताया गया कि मा0 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, समाज कल्याण विभाग असीम अरूण ने अपनी विधायक निधि से 3 करोड़ रू0 की धनराशि से 19 परिषदीय विद्यालयों को स्मार्ट विद्यालय बनाने हेतु धनराशि दी है। बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, पुलिस अधीक्षक कुवंर अनुपम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्आर0एन0 सिंह, अपर जिलाधिकारी गजेन्द्र कुमार समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दहेज एक्ट के दो मुकदमे दर्ज

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** ससुरालीजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ अलग-अलग स्थानों पर अभद्रता व मारपीट करने सहित धमकी देने व घर से बेघर कर देने के मामले प्रकाश में आए हैं। पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम खाड़ेदेवर निवासी चांदनी पत्नी छोटू द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि ससुरालीजनों पति छोटू, सास रूबी, ननंद साइना ने अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल व सोने की चैन, अंगूठी की मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर उक्त गणों ने अभद्रता व मारपीट करते हुए घायल कर दिया। दूसरी घटना नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी सोनल गुप्ता पत्नी पीयूष द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते वर्ष उसकी शादी पड़ोसी जनपद इटावा के थाना भरथना के मोहल्ला महावीर नगर निवासी पुत्र सुनील के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजनों पति पीयूष, ससुर सुनील, ननंद नंदिनी व विपिन ने अतिरिक्त दहेज की मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर बुधवार को ससुरालीजनों ने गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया एवं जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया।

# खण्ड शिक्षाधिकारी सहित 10 प्रधानाध्यापकों का वेतन रोका

▸ डीवीटी न होने से बच्चों के खातों में नहीं पहुंचा पैसा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा विभाग में एक बार फिर लापरवाही उजागर हुई है। जिनमें डीवीटी प्रक्रिया पूरी न किये जाने से तमाम बच्चों के खातों में पैसा नहीं जा पाया। जिससे बच्चे पुरानी ड्रेस, पुराने जूते पहनकर विद्यालय जाते रहे। जिनके पास ड्रेस नहीं थी वे भी विद्यालय पहुंचे। इस बात की जानकारी जैसे ही अधिकारियों को हुई उन्होंने खण्ड शिक्षाधिकारी सहित 10 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक का वेतन रोंक देने के आदेश जारी किये हैं।

विकासखंड क्षेत्र के खंड शिक्षा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन शिक्षकों ने कार्य में लापरवाही कर छात्र-छात्राओं के खातों में डीवीटी प्रक्रिया पूरी नहीं की मामले को उच्चाधिकारियों ने को संज्ञान में लिया और खंड शिक्षाधिकारी सहित 10 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का वेतन रोकने के आदेश दिए। खंड शिक्षा कार्यालय के सूत्रों की माने तो अभी और भी कई विद्यालयों के शिक्षकों का वेतन रोका जा सकता है। खंड शिक्षाधिकारी अमर सिंह राणा ने बताया कि डीबीटी की प्रक्रिया बहुत जल्द पूर्ण कराकर बच्चों के खातों को पैसा ट्रांसफर कर दिया जाएगा, लेकिन जहां डीबीटी प्रक्रिया पूर्ण हो गई है वहां पर बैंकों की भी लापरवाही सामने आ रही है। बैंक के कर्मचारी शिक्षकों को आए दिन चक्कर कटवा रहे हैं। बच्चों के खातों में पैसा न भेजने वाले बैंक कर्मियों के विरुद्ध पत्र लिखने की बात खण्ड शिक्षाधिकारी ने कहीं।

## युवक की साइकिल चोरी

**कायमगंज (सं.)।** जनपद एटा के थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया जगन्नाथ निवासी अवजीत सिह पुत्र नरेन्द्र सिंह तहसील कायमगंज में अपने खेत कि फर्द निकलवाने के लिए आया था। जब वह कार्य समाप्त कर वापस लौटा, तो उसकी साइकिल गायब थी। जबकि साईकिल मे ताला लगा हुआ था। पीड़ित ने इधर उधर काफी खोजबीन की, लेकिन साइकिल का कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती प्रार्थन पत्र दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बाइक चालक राहगीरों से टकराया, मौत

▸ लोडर सामने आ जाने पर अनियंत्रित हो गई थी बाइक, राहगीर भी घायल



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुठिला झील के पास तेज रफ्तार लोडर से बचने के चलते बाइक सवार ने राहगीरों को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक सहित तीनों लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। बाइक चालक की हालत बिगड़ने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार सुधाकर पुत्र मुकंदराम 30वर्षीय निवासी कुसुमापुर थाना राजेपुर अपनी बाइक से घर जा रहा था, तभी सामने से आ रहे लोडर को बचाने के चलते सड़क किनारे चले आवेश शर्मा पुत्र रामप्रकाश व देवेन्द्र शर्मा पुत्र रामभरोसे निवासी कलक्टरगंज के टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार सुधाकर व दोनों राहगीर घायल हो गये। सूचना पर थानाध्यक्ष अमृतपुर संत प्रकाश पटेल ने पहुंचकर एंबुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां से लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचने पर चिकित्सक ने बाइक चालक सुधाकर को मृत घोषित कर दिया।

# पदाधिकारी दो नये लोगों को जोड़कर पार्टी का बढ़ायें कुनवा: अभिषेक त्रिवेदी



बैठक के दौरान विधायक सुशील शाक्य, अभिषेक त्रिवेदी व अन्य

▸ अमृतपुर मंडल की कार्यसमिति एवं डाटा प्रबंधन कार्यशाला सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी अमृतपुर मंडल की कार्यसमिति एवं डाटा प्रबंधन कार्यशाला बुधवार को अमृतपुर स्थित पंचायत भवन में संपन्न हुई। जिसमें भाजपा के दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्य अभिषेक त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा की डाटा प्रबंधन महा अभियान की शुरुआत हो चुकी है। सभी पदाधिकारीगण अपने-अपने एंड्राइड मोबाइल में सरल ऐप के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर इस अभियान को पूर्ण करें। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन इसलिए आज बना हुआ है क्योंकि इसमें कार्यकर्ता की ताकत ही सबसे बड़ी ताकत है। बैठक का संचालन, नीरज अवस्थी ने किया। इस मौके पर राजीव सिंह, अनुराग सिंह, धीरेंद्र वर्मा के अलावा सभी पदाधिकारी, शक्ति केंद्र के संयोजक एवं वरिष्ठ जनों की मौजूदगी रही।

# उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने अमृतकाल बजट संगोष्ठी में गिनाई सरकार की उपलब्धियां


अमृतकाल बजट संगोष्ठी को संबोधित करतीं उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी व मौजूद अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमृतकाल बजट संगोष्ठी का आयोजन रेलवे रोड स्थित कन्हैया लाल रामशरण रस्तोगी इंटर कालेज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने पहुंचकर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आम जनता को समर्पित बजट में सभी बातों का ध्यान रखा गया है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें बढ़ावा दिया गया है। यूथ ही देश का भविष्य है। उनको ध्यान में रखा गया है। लोग प्रधानमंत्री से सीख रहे हैं कि कैसे सरकार बनती है। हमारी पार्टी व्यक्तिगत वादी नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी है। उन्होंने कहा कि हमारा देश शताब्दी वर्ष में पहुंचेगा, तो कैसे होगा। उन्होंने कहा सात बिन्दु लेकर पार्टी चल रही है। गांव, किसान, युवा, महिलायें, रोजगार को लेकर पार्टी कार्य कर रही है। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नर्सिंग कालेज खोले जा रहे हैं और नकल विहीन परीक्षा कराकर शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा दिया है। हमारी सरकार ने मेडिकल कॉलेज देने का काम किया है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को जोड़ने का काम किया। अच्छी सड़कें व एक्सप्रेस-वे देने का काम किया है। हम जी 20 का नेतृत्व करने जा रहे हैं। कुछ लोग हमारे विषय को भटकाने के लिए कार्य कर रहे हैं। विश्व आज हमारी प्रशंसा कर रहा है। गंगा एक्सप्रेस-वे के बारे में कहा कि हमें अभी इसकी जानकारी नहीं है। हमारा पड़ोसी जनपद है। हम सदन में यहां की भी बात रखेंगे।

संचालन जिला मंत्री अमरदीप दीक्षित ने किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी, संदीप कुमार चतुर्वेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, डॉ0 आलोक बिहारी लाल शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने उच्च शिक्षा राज्यमंत्री का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री का शिक्षक संघ कूटा के जिलाध्यक्ष डॉ0 आलोक बिहारी लाल शुक्ला ने अपने साथियों के साथ बुकें देकर स्वागत किया। इस मौके पर शिक्षक हिमांशु शुक्ला, संतोष दुबे, सतेंद्र सिंह, सुधाकर चतुर्वेदी, अनिल सिंह, पारुल जैन, नीलम शुक्ला, जया सिंह, दर्शना आर्या, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक, चित्रा अग्निहोत्री, ममता सक्सेना, मीरा सिंह मौजूद रहीं।

## मस्जिद की मीनार पर भगवा ध्वज लहराने के मामले में युवक पर मुकदमा दर्ज

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** शाही मस्जिद की मीनार पर भगवा ध्वज लहराने का फेसबुक पर वीडियो वायरल करने वाले आरोपी के खिलाफ पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर में स्थित शाही जामा मस्जिद जिसकी मीनार पर भगवा ध्वज लहराने का वीडियो फेसबुक पर शेयर किया गया था। इस कृत्य को लेकर मुस्लिम समाज के लोगो में आक्रोश देखा गया था। यहां तक कि मुस्लिम समाज के लोगों ने ऐसे कृत्य को अराजक तत्वों की करतूत बताते हुए अल्प संख्यक समाज के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने एवं हिंदू मुस्लिम समाज के लोगों में दंगा भड़काने की नापाक कोशिश की बात कही गयी थी। इस संबंध में नगर के मोहल्ला बाजार कला निवासी तनवीर अहमद पुत्र सद्दीक अहमद ने मोहल्ला सैदबाड़ा अली अहमद निवासी अवनीश पुत्र राजीव के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। शमशाबाद थाना पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए पीड़ित की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ धारा 153।ए 153, 295 तथा 505 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ संभावित स्थानों पर दविश दी गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका था।

# उच्च शिक्षा राज्यमंत्री का अश्नील दिवाकर ने किया स्वागत


रजनी तिवारी के साथ मुकेश गुप्ता व अश्नील दिवाकर आदि

▸ जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता व मुकेश गुप्ता ने बुकें देकर राज्यमंत्री का किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमृतकाल बजट संगोष्ठी में भाग लेने आयीं। प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी फतेहगढ़ स्थित गेस्ट हाउस पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भाजपा नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर ने बुकें देकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने भी राज्यमंत्री का बुकें देकर स्वागत किया। जिला चुनाव संयोजक मुकेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि ने भी स्वागत किया।

राज्यमंत्री रजनी तिवारी से जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने मौजूद भाजपा नेताओं का परिचय कराया। स्वागत करने वालों में सूरज अल्ट्रासाउंड के चेयरमैन डॉ0 राजीव पाठक, गोपाल राठौर, राम खिलावन मिश्रा, शमशाबाद ब्लाक प्रमुख प्रतिनिथि राम किशोर राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष भूदेव सिंह राजपूत आदि लोगों ने स्वागत किया।

## तत्कालीन चौकी इंचार्ज सहित चार पुलिस कर्मियों के गैर जमानती वारंट जारी



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वादी द्वारा योजित प्रार्थना पत्र के प्रकाश में इस मामले में उच्च न्यायालय द्वारा कोई नवीन स्थगन आदेश प्रस्तुत नहीं किया गया है। तथा पारित हुए छह माह से भी अधिक का समय वितीत हो चुका है। ऐसी दशा में इस वाद की कार्यवाही अग्रसारित किये जाने के योग है। विशेष न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने अभियुक्त अनिल कुमार भदौरिया तत्कालीन चौकी इंचार्ज कर्नलगंज, सुरेन्द्र सिंह सिपाही, नवनीत यादव, दीपक कुमार एसएसआई तत्कालीन कोतवाली फतेहगढ़ को गैर जमानती वारंट तलब हो पत्रावली में पूर्व नियत तिथि निरस्त करते हुए 17 फरवरी की तिथि पेशी के लिए नियत की है।

# तीन दिवसीय प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ


टेंट निरीक्षण के दौरान मौजूद जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा व राजकुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पू0मा0वि0 अमलैया आशानंद शमशाबाद में ब्लाक स्काउट मास्टर राजकुमार व जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा ने छात्र एवं छात्राओं को प्रवेश एवं प्रथम सोपान का विधिवत प्रशिक्षण दिया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में स्काट मास्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि स्काउट शब्द की हिन्दी रुपान्तर, बालचर, बालचर के नाम से जाना जाता है। जिसका अर्थ बाल+चर के संयुक्त प्रयोग से स्पष्ट होता है कि चर शब्द चरैबेति का संक्षिप्त रुप है। जिसका अर्थ निरन्तर चलते रहना, गतिशीलता रहना, जब शारीरिक और बौद्धिक दोनों आयामों में हो एक बालक जो निरंतर शारीरिक और बौद्धिक रुप से अपने उद्देश्यों के प्रति जागरुक रहे। जो चैतन्य हो, जागरुक हो तथा सदैव स्वयं तत्पर रखे। ऐसे बालक को ही हम सब बालचर कह सकते हैं। शिक्षा की तरह स्काउटिंग बालकों को मनो वैज्ञानिक ढंग से गतिविधियों के माध्यम से विकास का वह माध्यम तलाश करती हैं जो योजनाबद्ध ढंग से निरंतर उसके कार्य व्यवहार में परिवर्तन कर उनमें अच्छी आदत लाती है। जो आदतों के संगठन से चरित्र और व्यक्तित्व के निर्माण में सहायक सिद्ध होता है। क्रम-कार्य, व्यवहार, आदत, चरित्र, व्यक्तित्व मिलकर तब सच्चे इंसान का निर्माण होता है। सच्चे स्काउटर के लिए स्काउट गाइड की प्रतिज्ञा, नियम आदि की जानकारी दी जाती है। स्काउट चिंह सैल्यूट करना, बाया हाथ मिलाना, डाक्टरी, गॉठ आदि को बताया जाता है। जिनके छात्र-छात्रायें प्रयोग करते हैं एवं बिना बर्तन भोजन बनाते हैं। सुधीर कुशवाहा ने मार्चपास्ट के साथ-साथ टेंट आदि का गहनता से निरीक्षण किया।

## रुपये का तकादा करने पर मारपीट कर किया घायल

**कायमगंज (सं.)।** क्षेत्र के ग्राम बरझाला निवासी विजेंद्र सिंह पुत्र ब्रह्मादीन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बुधवार को मेरे गांव के ही योगेंद्र सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह गाली-गलौज करने लगा। जब उसने गाली-गलौज करने से मना किया, तो वह मारपीट करने लगा। जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने बताया कि उसके योगेंद्र पर 55000 रुपये उधारी के हैं। वह पैसे नहीं दे रहा है। जब वह पैसे मांगता, तो वह मारपीट करने के साथ ही जानमाल की धमकी देता है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# बीएसजी ज्ञान परीक्षा के विजेता छात्राओं को वितरित किये गये प्रमाण-पत्र


विजेता छात्रा को प्रमाण पत्र देते सुधीर कुशवाहा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड की ओर से आयोजित बीएसजी ज्ञान परीक्षा में शामिल विगत वर्ष के विजेता प्रतिभागी छात्राओं में जनपद के मदन मोहन कानोडिया की छात्राओं को जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा द्वारा विद्यालय पहुंचकर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए। इसी श्रंखला में जनपद के अन्य विद्यालयों सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज, नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल राजकीय इंटर कॉलेज रोशनाबाद, कुमारी रायजादा इंटर कॉलेज मंझना आदि में भी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बीएसजी ज्ञान परीक्षा के प्रमाण पत्र उनके विद्यालय में पहुंचाकर दिये गये। इस वर्ष 2023 में होने वाली विज्ञान परीक्षा में शामिल किए जाने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी है।

इस संबंध में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं के फार्म भरवाए जाने हेतु प्रधानाचार्य एवं प्रधानाचार्य को मुख्य आयुक्त डॉ0 आदर्श कुमार त्रिपाठी द्वारा दिशा निर्देश दिये गये हैं।

# विदाई समारोह में छात्राओं ने मचाया धमाल


मिस ब्यूटी व टेलेंट छात्रा एवं बेस्ट गर्ल्स के साथ प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज

▸ सिटी गर्ल्स इंटर कालेज की मिस ब्यूटी मुस्कान सिद्दीकी, टेलेंट छात्रा कशिश खान व बेस्ट गर्ल्स के रुप में रमजा असारी चुनी गयी बनीं

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिटी गर्ल्स इंटर कालेज में प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल की देखरेख में कक्षा 10 की छात्राओं की गुडलक पार्टी व कक्षा 12 की छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन हुआ। कक्षा 9 की अंशिका दयाल, शिवानी दिवाकर व अन्य छात्राओं ने कक्षा 10 की छात्राओं को अपनी शुभकामनायें देकर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कक्षा अध्यापिका मीनाक्षी बिलकिन्सन ने छात्राओं को प्रेरणादायक संदेश दिया। कक्षा 11 की छात्राओं ने विदाई समारोह में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कक्षा 12 की छात्राओं ने अपने स्कूली अनुभव तथा खट्टे मीठे पल साझा किये। कक्षा 12 की कोरारा खान ने अपने स्कूली अनुभव के आधार पर अपनी बनायी हुई सुंदर कविता प्रस्तुत की। साथ ही कक्षा 2 की छात्राओं ने कैटवाक कर प्रश्नों के आधार पर मिस ब्यूटी के लिए मुस्कान सिद्दीकी का चयन हुआ। टैलेंटछात्रा के रुप में कशिश खान व स्कूल की बेस्ट गर्ल्स के रुप में रमजा अंसारी का चयन हुआ। प्रधानाचार्य ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उन्हें अच्छे रास्ते चुनना चाहिए। रुकावट को छोड़कर अपने लक्ष्य को केन्द्रित करें। छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम में नृत्य कर धमाल मचाया। विद्यालय की शिक्षिकाओं के गले लगकर छात्राओं ने आशीर्वाद लिया। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने इंटर की छात्राओं को शुभकामनायें दीं। साथ ही मुस्कान सिद्दीकी, कशिश खान, रमजा अंसारी को बधाई दी। प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल ने उन्हें स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया।

# कुछ शरारत तो तेरी नजरों में भी है, मैं अकेला तो इसका गुनाहगार नहीं...




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फरवरी का महीना लोगों द्वारा खूब पसन्द किया जाता है। इस महीने में आने वाला वैलेन्टाइन-डे और उससे सात दिन पहले से शुरु होने वाला वीक अधिकतर लोगों को पसन्द आती है। खासकर बात जब व्यार के पंक्षियों की हो, तो वह इस महीने का पूरे साल इन्तजार करते हैं। वैलेन्टाइन-डे वीक की शुरुआत हो चुकी है और इस हफ्ते का दूसरा दिन प्रपोज-डे से होता है। जो 08 फरवरी को मनाया जाता है। इस खास दिन पर अगर आप अपने पार्टनर से दिल की बात कहना चाहते हैं, तो उसे देखकर कह सकते हैं। दीवाना हुआ तेरा, मुझे इन्कार नहीं, कैसे कह दू कि मुझे तुमसे प्यार नहीं, कुछ शरारत तो तेरी नजरों में भी है, मैं अकेला तो इसका गुनाहगार नहीं। यह शायर की पंक्तियां प्रपोज-डे पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं। यह दिन प्रपोज डे के नाम से जाहिर है। इस दिन खास से अपने दिल की बात की जाती है। दिल की बात कहने के लिए इस दिन से बेहतर आखिर क्या दिन होगा। वैलेन्टाइन-डे वीक दिन से ही ऐसे होते हैं। जब हवाओं में भी प्यार की खुश्बू होती है और आसमान भी प्यार के रंगों से सराबोर हो जाता है। कुछ लोग फिल्मी तरीके से भी अपने पार्टनर को प्रपोज करते हैं और गुलाब देते हैं तो सोने पर सुहागा हो जाता है। इस दिन प्रेमी प्रेमिका एक दूसरे को प्रपोज करते हैं और अपने दिल की बात बिना घबराये होकर कहते हैं। प्रपोज-डे पर गुलदस्ता देकर आप इसे खास बना सकते हैं। रेस्टोरेंट जाकर स्वादिष्ट भोजन भी खिला सकते हैं प्रपोज के तौर पर गिफ्ट दे सकते हैं।

**प्रस्तुति, लक्ष्मीकांत भारद्वाज**

# भूकम्प से मरने वालों की आत्मा की शांति के लिए बच्चों ने कैंडिल जलाकर की प्रार्थना


तुर्की व सीरिया में मरने वाले व्यक्तियों की आत्मा की शांति के लिए दुआ करते बच्चे व मौजूद शिक्षिकायें

▸ प्रधानाचार्य नलिनी टॉम किन्सन ने भूकम्प की घटना पर जताया दुख

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यज।** सेन्ट पॉल सिटी चर्च स्कूल नेकपुर में शिक्षिकाओं व बच्चों ने प्रार्थना सभा का आयोजन किया। तुर्की और सीरिया के दशों में भूकम्प के झटकों से मची तबाही से भारी खौफनाक मंजर देखे को मिला। 9500 से ज्यादा लोगों ने अपनी जानें गंवायीं। भूकम्प से मरने वाले लोगों की आत्मा की शांति के लिए सेंट पॉल सिटी चर्च स्कूल में शोकसभा का आयोजन कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआ की गयी। प्रधानाचार्य नलिनी टॉमकिलसन ने इस हादसे को लेकर दुख जताते हुए गहरा शोक व्यक्त किया। सभी बच्चों ने भूकम्प से मरने वालों की आत्मा की शांति के लिए कैंडिल जलाकर प्रार्थना की। इस मौके पर अध्यापिका शिखाचरन, अरुनिता सिंह व बच्चों ने दी श्रद्धांजलि।

# बाइकों की भिड़ंत में पूर्व प्रधान पुत्र की मौत, एक अन्य घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने पूर्व प्रधान पुत्र को लोहिया रेफर कर दिया। लोहिया ले जाते समय उसकी मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों को कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रजीपुर निवासी दीपक गहरवार पुत्र अमरपाल सिंह गहरवार अपनी बुलट मोटरसाइकिल से कमालगंज जा रहा था, तभी कमालगंज की तरफ से गुरसहायगंज जा रहे बुलट चालाक अर्जुन सिंह पुत्र रणवीर सिंह निवासी बरेली आमला से फिरोज गांधी जनता इंटर कॉलेज के सामने भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। अर्जुन सिंह का दायां पैर टूट गया। हालत गंभीर होने पर दीपक गहरवार को लोहिया रेफर कर दिया। लोहिया ले जाते समय रास्ते में दीपक ने दम तोड़ दिया। दीपक गहरवार पूर्व में प्रधान प्रतिनिधि रह चुका है, उसकी मां ग्राम प्रधान रजीपुर थीं। मृतक का रजीपुर में एक विद्यालय व मेडिकल स्टोर भी है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की।



मृतक का फाइल फोटो

## निरकुंश बिजली विभाग से जनमानस परेशान

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** निरकुंश होते बिजली विभाग से आम जनमानस में त्राहि-त्राहि मची हुई है। मनमाने बिजली के बिल भेजे जा रहे है। फिर उस पर वसूली का डंडा चल रहा है। ऐसे में आम उपभोक्ता भारी दिक्कतों का सामना कर रहे है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे से सटे ग्राम तकीपुर, किलमापुर, कैथन नगला सहित अन्य ग्रामों में बिजली विभाग से तैनात कर्मचारी सचिन नामक युवक वसूली कर अवैध कटिया डलवा रहा है। बिजली चोरी रोकने के लिए सरकार ने गांवों में बिजली के खम्बे लगवाये है और कनेक्शन के लिए बक्सों को लगाया गया है। जिससे विद्युत चोरी रोकी जा सकें, लेकिन कर्मचारी सरकार की मंशा पर पलीता लगा रहा है। जब ग्रामीण इसका विरोध करते है तो वह विद्युत चोरी में फंसा देने की धमकी देता है। उसका कहना है कि उसे ऊपर भी देना पड़ता है।

# आग की भेंट चढ़ गयीं बेटी के विवाह की खुशियां

- बारात आने से एक दिन पहले आग लगने से सब कुछ हो गया खाक
- बेटी के विवाह में मदद के लिए उठने लगे हाथ, अधिकारियों ने भी मदद का दिया भरोसा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** बेटी की बारात से एक दिन पहले अचानक घर में आग लग गई और गृहस्थी के सामान के साथ दहेज के लिए रखा सामान नगदी जलकर राख हो गई। यही नहीं पड़ोस में स्थित भतीजे का घर भी जल गया। इस तरीके से बेटी के विवाह खुशियां घर में लगी आग में जलकर तिरोहित हो गई। उधर अग्निकाण्ड से जहां गांव वालों की संवेदना जागी और उन्होंने मदद करने की बात कही। वहीं अधिकारियों ने मौके पर पहुंच प्रशासनिक सहायता दिलाये जाने की बात कही है। राजेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामपुर जोगराजपुर निवासी गोविंद सिंह चौहान के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से बेटी के दहेज के लिए लाये गये सामान सहित घर की नगदी व सामान जलकर राख हो गया। जिससे बेटी की खुशी में तो आग लग ही गई। साथ ही पड़ोस में स्थित भतीजे श्याम सिंह का घर भी जलकर राख हो गया। गोविंद सिंह की बेटी नीरज की बारात मैनपुरी जनपद से आनी है। बारात की सभी तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी थी। घर में मेहमान भी आना शुरू हो गए थे, तभी संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। दहेज व गृहस्थी का सामान बचाने के चक्कर में गोविंद सिंह भी आग से झुलस गया। परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया। आग की लपटों से घर के बाहर बंधे पशु भी झुलस गए। जिसमें एक पशु की जलकर मौत हो गई। सूचना पर एसडीएम पदम सिंह व तहसीलदार संतोष कुमार कुशवाहा ने पहुंचकर पीड़ित परिवार को अनाज व अन्य सामान दिया और कहा कि जो भी प्रशासनिक मदद होगी वह तत्काल दी जायेगी। एसडीएम काफी भावुक हो गये। ग्राम प्रधान सुधीर गुप्ता ने पहुंचकर कहा कि दहेज में जो भी सामान होगा वह देंगे। ग्राम उदयपुर निवासी पूर्व प्रधान अवधेश सिंह 5 हजार रूपए परिजनों को दिए। राजेपुर क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों ने पूर्ण रूप से सहयोग करने का आश्वासन दिया और कहा बेटी की बारात कल ही आएगी। हम सभी ग्रामवासी व क्षेत्रवासी पूरा सहयोग करेंगे।



आग से हो रही तबाही का मंजर

# मजहब की दीवारें तोड़कर प्रेमी युगल ने शिव मंदिर में रचाई शादी

- हिन्दूवादी नेताओं ने मंदिर में करवाया विवाह
- सभी ने नव दंपति को सुखमय जीवन व्यतीत करने की दी शुभकामनायें

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** मजहब की दीवारों को तोड़कर प्रेमी युगल ने भगवान शिव के मंदिर में जाकर उन्हीं को साक्षी मानते हुए विवाह रचाया तो हिन्दूवादी नेताओं ने प्रेमी युगल को उज्जवल भविष्य की कामना की।

जानकारी के अनुसार शमसाबाद क्षेत्र के विकास उर्फमोटू तथा हथियापुर थाना मऊदरवाजा निवासी आशिया के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब परिजनों को पता चला तो सख्ती की। जिस पर प्रेमी युगल मौका लगते ही फरार हो गये। मऊदरवाजा पुलिस ने प्रेमी युगल को काफी प्रयासों के बाद बरामद कर लिया। दोनों ने एक दूसरे से हर हाल में शादी करने की बात कही। जिस पर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया तो वहां भी प्रेमी युगल ने एक दूसरे से विवाह करने की बात कही। कोर्ट में 164 के कलमबंद बयानों के बाद प्रेमी युगल ने चौमुखी महादेव मंदिर हिन्दूवादी नेताओं की मौजूदगी में विवाह रचा लिया। इस दौरान हिन्दूवादी नेताओं ने उन्हें सुखमय जीवन व्यतीत करना का आशीर्वाद देकर विदा किया। इस मौके पर हिन्दूवादी नेता करन पाल सिंह, अंकित सक्सेना, निखिल गुप्ता, रवि राजपूत, जितेंद्र राजपूत, आकाश, विशाल राजपूत, अनमोल, पंकज कुमार, जितेंद्र कुमार, आशीष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



शिव मंदिर में प्रेमिका की मांग भरता प्रेमी

# हत्या व हत्या के प्रयास में दोनों पक्षों से सात पर दोषसिद्ध, सुनवाई 15 को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जबाबी मुकदमे में हत्या व हत्या के प्रयास के मामले में अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायधीश राकेश कुमार सिंह ने दोनों पक्षों से 7 लोगों को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु 15 फरवरी को सुनवाई होगी। मुकदमा विचारण के दौरान चार की मौत हो चुकी है।

वर्ष 1998 को थाना जहानगंज के ग्राम सितौली में आम रस्ता पर शौचालय व बरामदा निर्माण के मामले दो पक्षो के विवाद चल रहा था। 6 अक्टूबर को 1998 को सुबह लगभग 8 बजे दोनों पक्षो में मारपीट व धारदार हथियार चल गये और फयरिंग हुई। जिसमें एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई थी। सुशील कुमार पुत्र श्रीधर दीक्षित ने राजकुमार, कृष्णकांत, राधाकांत, राजेश्वर, रामाकांत, उमाकांत के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। दूसरे पक्ष कांति ने जानलेवा हत्या के प्रयास के मामले में श्रीधर, सुधीर, नीरज, केशवनन्द, हनारिननदं, अरविंद, आरेन्द्र के खिलाफ 156(3) के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, राजीव भगोलिवाल, अखिलेश राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने दोनों पक्षो से श्रीधर, सुधीर, नीरज, राजकुमार, कृष्णकांत, राधाकांत, राजेश्वर को दोषी करार देते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 15 फरवरी को सुनवाई होगी। मुकदमा विचारण के दौरान रामाकांत, केशवानंद, हरिनन्दन, अरविंद की मौत हो गई थी। वहीं आरेन्द्र की पत्रावली पृथक कर किशोर न्यायबोर्ड में पृथक कर दी गयी।

## अनुपम दुबे की सीजेएम कोर्ट में हुई पेशी, अगली तिथि 25 फरवरी नियत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अनुपम दुबे को कड़ी सुरक्षा के बीच मैनपुरी जेल से फतेहगढ़ न्यायालय सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। वर्ष 2021 में कोतवली फतेहगढ़ में छिबरामऊ निवासी राजेश सिंह व मोहम्मदाबाद निवासी रक्षपाल ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें आरोप लगाया था कि कचहरी परिसर में अनुपम दुबे ने उसे जानमाल की धमकी दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने चार्ज के पत्रावली की नकल की मांग की। वहीं अनुपम दुबे को शमीम हत्या कांड के मामले में वादी के तीन बार के अलग बयान के मामले में जिरह हुई। सुनवाई के लिए अगली तिथि 25 फरवरी की तिथि नियत की गई है।

# बीडीओ ने शिक्षकों को पैरामीटर के 19 बिन्दु पूर्ण कराने के दिये निर्देश



शिक्षकों की बैठक लेते बीडीओ व मौजूद खंड शिक्षाधिकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रभारी विकास खंड अधिकारी ने खंड शिक्षा कार्यालय पर पैरामीटर के 19 बिन्दुओं को लेकर खंड शिक्षाधिकारी के साथ शिक्षकों बैठक लेकर उन्हें आवश्यक निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार विकास खंड क्षेत्र के खंड शिक्षा कार्यालय पर प्रभारी विकास खंड अधिकारी प्रवेश राजपूत ने खंड शिक्षाधिकारी अमर सिंह राणा के साथ पैरामीटर के 19 बिन्दुओं को लेकर शिक्षकों की बैठक ली। जिसमें प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों ने मौजूद रहकर 19 बिन्दुओं पर विस्तृत रुप से चर्चा की।

बैठक में कहा गया कि शिक्षक तथा ग्राम सचिव सामंजस्य बनाकर शासन द्वारा जारी 19 पैरामीटर बिन्दुओं को पूरा करें। इस मौके पर मूवीस अहमद, प्रशांत कटियार, ओंकार सिंह, शालिग्राम गंगवार, संजीव रंजन आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

# एसडीएम कोर्ट में हंगामा व धमकी देने के मामले में तीन को एक-एक वर्ष की सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विशेष अदालत एससी/एसटी के न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने 19 साल पूर्व एसडीएम कायमगंज कोर्ट में हंगामा करने व ग्रामीण को धमकी देने के मामले में दो भाइयों समेत तीन को दोषी करार देते हुए एक-एक वर्ष की सजा व दस-दस हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में संदेश का लाभ देकर दोषमुक्त किया है।

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव बरझाला निवासी संतोष कुमार ने वर्ष 2003 में जमीन का बैनामा कराया था। उसकी जमीन के पूर्व में सय्यद आले हसन का खेत था। जिस जमीन का उसने बैनामा कराया था, वह जमीन आले हसन लेना चाहता था। बैनामा कराने के बाद आले हसन ने कई बार उसको जमीन छोड़कर जाने की धमकी दी, लेकिन उसने जमीन नहीं छोड़ी। इससे आले हसन उससे रंजिश मानने लगा। 20 मार्च 2003 को आले हसन और सय्यद आरिफ ने उस पर हमला भी किया। जिसका मुकदमा कोर्ट के आदेश पर एक मई 2003 में कोतवाली में दर्ज कराया था। इससे आरोपी उससे और रंजिश मानने लगे और उसके खेत की मेड़ तोड़ दी। मेड़बंदी का मुकदमा दायर करने के लिए एसडीएम कायमगंज की कोर्ट में 16 जुलाई 2003 को गया। वह कोर्ट परिसर में था, तभी गांव कला खेल निवासी सय्यद इकलाख हुसैन, सय्यद आरिफ, आले हसन के पुत्र सय्यद मजाहिर हुसैन, सय्यद सैफ जमाल आ गए और जानमाल की धमकी व जाति सूचक गालियां दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार कटियार ने दलीलें पेश कीं। सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने सगे भाई सय्यद सैफ जमाल, सय्यद मजाहिर हुसैन व सैय्यद इकलाख हुसैन को सरकारी कार्य में बाधा डालने व धमकी देने के मामले में दोषी करार देते हुए एक-एक वर्ष की सजा से दंडित किया। आरोपी सैय्यद आरिफ जमाल को साक्ष्य के अभाव दोषमुक्त कर दिया।

## युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज (सं.)।** युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उस अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर उसे लोहिया रेफर कर दिया गया। मेरापुर क्षेत्र के गांव मकटई निवासी नीलेश ने संदिग्ध परिस्थितियों मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लाये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया रेफर कर दिया।

# परियोजना अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की परखी पात्रता



जांच पड़ताल करते जिला परियोजना अधिकारी

- सूची में नाम होने पर भी आवास न दिये जाने की जिलाधिकारी से की गयी थी शिकायत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम होने पर भी आवास आवंटित न किये जाने की शिकायत पर जांच करने पहुंचे जिला परियोजनाधिकारी ने घर-घर जाकर पात्रता का सत्यापन किया। नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढ़िया बबना के ग्रामीणों ने बीते दिनों जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को शिकायती पत्र भेजा था। जिसमें दर्शाया था कि ग्राम पंचायत में पात्र लाभार्थी आवास सूची में उनका नाम है और जिसके बावजूद भी उनका नाम काट दिया गया है। ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी ने तत्काल जांच जिला परियोजनाधिकारी राम सिंह को सौंपी। जिलाधिकारी के निर्देशन के बाद बुधवार को बबना पहुंचे जिला परियोजनाधिकारी रामसिंह ने घर-घर जाकर मामले की गहनता से जांच पड़ताल की।

इस दौरान उन्होंने बताया कि जांच की गयी है। इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी जायेगी। इस मौके पर प्रभारी विकास खंड अधिकारी प्रवेश राजपूत, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, ग्राम प्रधान पति संजीव यादव आदि मौजूद रहे।

# बजट से विश्व गुरु बनेगा भारतः रजनी तिवारी



वार्ता करतीं रजनी तिवारी

- बजट के सात बिन्दुओं को दिया गया सप्तऋषि का नाम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि देश को महाशक्ति बनाने वाला बजट केंद्र सरकार ने प्रस्तुत किया है। इस बजट में रेवड़ियां नहीं बांटी गई, बल्कि समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए सात बिन्दु शामिल किये गये। जिन्हे सप्त ऋषि का नाम दिया गया है। इस बजट के जरिए भारत विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ेगा। पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के हमले के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था अब भी विश्व में पांचवें स्थान पर है। यह सभी सरकार की योजनाओं और अथक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी की दूर दृष्टि और मजबूत इरादे से भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। इसी तरीके से सभी कुछ ठीक चलता रहा तो 2029 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। इस मौके जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, मुकेश गुप्ता, अश्नील दिवाकर, भूदेव राजपूत आदि भाजपा नेता मौजूद रहे।

# नियमित अभ्यास के साथ तिथियों को लिखकर याद करेंः इन्दू मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्रायें हर प्रश्न को पढ़कर ही उत्तर लिखें। खण्ड (क) में बहुविकल्पीय एक नंबर के 10 प्रश्न आते हैं। खण्ड (ख) में अति लघु उत्तरीय प्रश्न पांच आते हैं।

## बोर्ड परीक्षा के प्रहरी

प्रत्येक प्रश्न दो नंबर का है। खण्ड (ग) में लघु उत्तरीय प्रश्न आते हैं। जिसमें छह प्रश्न होते हैं। प्रत्येक प्रश्न पांच नंबर का है। खण्ड (घ) विस्तृत में तीन प्रश्न आते हैं। प्रत्येक प्रश्न दस नंबर का होता है। खण्ड (ड) ऐतिहासिक तिथियां आती हैं। प्रत्येक प्रश्न दो नंबर का होता है। जिसमें पांच प्रश्न पूछे जाते हैं। एनएकेपी इंटर कालेज की प्रधानाचार्या इतिहास प्रवक्ता इन्दू मिश्रा ने अपने साक्षात्कार बोर्ड परीक्षा के प्रहरी में बताया खण्ड (क) में ईंटें, मनके तथा अस्थियॉ व राजा, किसान और नगर, बन्धुत्व, जाति तथा वर्ग, विचारक, विश्वास और इमारतें, खण्ड (ख) भाग दो में भक्तिः सूफी परम्पराएं यात्रियों के नजरिए, एक साम्राज्य की राजधानी विजय नगर, खण्ड (ग) भाग तीन विद्रोही और राज, महात्मा गांधी और राष्ट्रीय आंदोलन, संविधान का निर्माण, राष्ट्रीय आंदोलन, विद्रोहियों का राज, उपनिवेशवाद और देहात आदि प्रश्न आते है। पूरा प्रश्न 100 नंबर का है। 10 नंबर के आब्टेक्टिव प्रश्न हैं। 10 नंबर की ऐतिहासिक तिथियां, 10 नंबर के मैप प्रश्न इनमें मानचित्र भरने के लिए आता है। जो भारत का माचित्र है। सभी छात्र-छात्रायें एनसीआरटी की पुस्तक को पढ़ें। नियमित अभ्यास करें। तिथियों को लिख-लिखकर याद करें। जिससे उनके अच्छे नंबर आयें। बहुविकल्पीय प्रश्न की तैयारी पूर्ण रुप से करें। विचारक, विश्वास और इमारतें में बौद्ध धर्म का इतिहास आता है। साथ ही बौद्धिक धर्म, जैन धर्म, वैष्णव धर्म, शैत धर्म की संक्षिप्त समीक्षा आती है। इन सबको छात्रायें ध्यान लगाकर पढ़ें। विचारक और विश्वास की इमारतों में संस्कृति विग्रह, विश्वास, धर्म और विचारक, इमारतें अथवा स्थायत्व कला को पढ़ें। छात्रा गुनगुन राजपूत ने बताया कि विद्यालय में मैम द्वारा पढ़ाई गये इतिहास में सभी चेप्टन को ध्यानपूर्वक पढ़ा है। जिसमें विचारक, विश्वास और इमरातें प्रमुख हैं। जो अनिवार्य रुप से परीक्षा में आ सकती हैं। यात्रियों के नजरिये, यात्रियों का विवरण, राजा किसान और नगर पढ़ा है। जिसमें राजनैतिक इतिहास, सामान्य पर्यावरण खोज की कहानी आ सकता है। कक्षा 12 की छात्रा अलशिफा अली ने बताया राजा, किसान और नगर में बंधुत्व जाति तथा वर्ग, सामाजिक इतिहास, सामान्य पर्यावलोकन, उदाहरण एवं विचार आयेंगे। हड़प्पा व सभ्यता, व्यापारी, परीक्षा, व्यास स्वयं को जानें, आदि को पढ़ा है। बोर्ड परीक्षा की पूर्ण तैयारी में इन प्रश्नों से आधारित ही प्रश्न पत्र आ सकता है।



इतिहास प्रवक्ता/प्रधानाचार्य इन्दू मिश्रा



छात्रा गुनगुन राजपूत



छात्रा अलशिफा अली

**बोर्ड परीक्षा के प्रहरी विश्लेषण में सभी अध्यापक अपना साक्षात्कार देकर परीक्षा हेतु विद्यार्थियों को सहयोग करें। यह निःशुल्क प्रकाशन किया जा रहा है। संपर्क करें संवाददाता लक्ष्मीकांत भारद्वाज मो0नंबर-9839390810**

## मार्ग दुर्घटना में अधिवक्ता घायल, भर्ती



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र नगर के हाल निवासी बगिया मोहल्ला मूल निवासी उमराव मढ़िया थाना कम्पिल के रहने वाले उदयवीर जो की तहसील कोर्ट में अधिक्ता हैं बुधवार बाइक द्वारा अपने घर जा रहा था। जैसे ही सीपी तिराहे से कुछ ही दूर निकलते ही अज्ञात वाहन चालक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार अधिवक्ता गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल अधिवक्ता को कायमगंज नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया।

# खबरें चलते-चलते

## शादी का झांसा देकर पांच वर्ष तक करता रहा दुष्कर्म

**कमालगंज (सं.)।** शादी का झांसा देकर पांच वर्षों से शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब शादी करने का दबाव बनाया तो पीड़िता को युवक ने गाली-गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जनपद कन्नौज थाना गुरसहायगंज के ग्राम रोरा निवासी पीड़िता ने कमालगंज थाने में शिकायत कर दर्शाया कि आनंद यादव पुत्र धर्मेंद्र यादव निवासी ग्राम कुंडपुरा थाना कमालगंज 5 वर्षों से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि गर्भ ठहरने पर आनंद दवा खिलाकर गर्भपात करवा देता था। शादी करने के लिए कहा गया तो आनन्द यादव ने गाली-गलौज करना शुरु कर दिया व पीड़िता के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी।

## एसीएमओ ने डिजिटल वेट मशीन लगवाने के दिये निर्देश

**नवाबगंज (सं.)।** एसीएमओ डॉ0 दलवीर सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने लेबर रूम, प्रसव कक्ष के बारे में एएनएम गुंजन संखवार से जानकारी की। साथ ही नवजात शिशु को वजन करने वाली मशीन डिजिटल ना होने पर अधीक्षक डॉ0 लोकेश शर्मा को तत्काल प्रभाव में डिजिटल मशीन लगाने के निर्देश दिए। लेबर रुम में हीटर ना होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल प्रभाव से लेबर रूम में हीटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं आशा संगिनी का 3 माह से मानदेय का भुगतान ना होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और बीपीएम पीयूष पवन दीक्षित को निर्देश दिए एक दिन के अंदर सभी आशा संगिनी का मानदेय उनके खातों में ट्रांसफर किया जाये। इस मौके पर डॉ0 गौरव राजपूत, अधीक्षक डॉ0 लोकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।